

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 302 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# सेना ने डेमचोक सेक्टर में शुरू की गश्त

● एलएसी पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू, चीनी सैनिकों से पूछा सवाल, समझौते को हो रहा पालन

**गतिरोध खत्म**

- दीवाली पर दोनों देशों की सेना ने बांटी मिठाई
- एलएसी पर धीरे-धीरे सामान्य हो रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**लद्दाखः पूर्वी** लद्दाख में भारत और चीन के बीच पिछले चार साल से जारी गतिरोध खत्म हो चुका है। तनाव कम होने के बाद भारतीय सेना ने शुक्रवार से पूर्वी लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में गश्त करना शुरू कर दिया है। हाल ही में भारत और चीन के बीच 2020 से पूर्व वाली स्थिति पर लौटने पर सहमति बनी। इसके बाद चीन ने अपने सैनिकों को पीछे किया। कई चरणों की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच यह गतिरोध खत्म हुआ। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ब्रिक्स सम्मलेन से ठीक एक दिन पहले खुलासा किया था कि दोनों देश के बीच सीमा पर जारी गतिरोध पर सहमति बन गई है। इसके बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच साल बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी।

**दीवाली पर बांटी मिठाई**
डेमचोक सेक्टर में गश्त शुरू होने के बाद सेना जल्द ही देपसांग सेक्टर में भी गश्त शुरू करेगी। यह गश्त समन्वित तरीके से होगी। मतलब दोनों ही देशों के सैनिकों को गश्त की जानकारी होगी। गुरुवार को दिवाली के अवसर पर भारत और चीन के सैनिकों ने सीमा पर एक-दूसरे को मिठाइयां बांटी। जानकारी के मुताबिक भारत और चीन की सेना ने लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स, काराकोरम दर्रा, दौलत बेग ओल्डी, कोंगक्ला और चुशुल-मोल्दो सीमा पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया।

**लद्दाख सांसद ने समझौते का किया स्वागत**
लद्दाख के सांसद हाजी हनीफा ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों के बीच तनाव कम होने का स्वागत किया। लद्दाख सांसद ने कहा कि सीमा पर रहने वाले जानते हैं कि युद्ध कैसा होता है। हम सीमा पर शांति चाहते हैं। दोनों देशों के मध्य हुए समझौते का हम स्वागत करते हैं। मगर हम इसे जमीन पर लागू होते देखना चाहता हूं। कूटनीतिक तरीकों से सीमा पर तनाव कम किया जाना चाहिए।

**मतभेद होना स्वाभाविक**
भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने कहा कि पड़ोसी देशों के रूप में भारत और चीन के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है। मगर अहम बात यह है कि इन मतभेदों को कैसे संभाला जाए और कैसे हल किया जाए। भारत और चीन ने हाल ही में भारत-चीन सीमा पर गश्त व्यवस्था पर सहमति जताई है।

भारत और चीन के बीच सीमा गतिरोध 2020 में पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में शुरू हुआ था। इसके बाद से ही भारत और चीन के रिश्ते बेहद खराब दौर से गुजर रहे थे।



### जब चीनी सैनिकों से रिजिजू ने पूछा सवाल

**दीवाली** के अवसर पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सीमा का दौरा किया। उन्होंने भारतीय सेना के जवानों के साथ अरुणाचल प्रदेश के बुमला में दीवाली मनाई। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर उनकी मुलाकात कुछ चीनी सैनिकों से भी हो गई। इस दौरान सेना के जवानों के माध्यम से उन्होंने चीनी सैनिकों से बात की। रिजिजू ने पूछा कि क्या हाई अल्टीट्यूड की वजह से उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती? इस पर चीनी सैनिक कहता है कि कोई दिक्कत नहीं होती है। रिजिजू ने कहा कि सीमा पर भारत के बुनियादी ढांचे के देखने के बाद सभी को गर्व होता है।

### आगे बढ़ने के लिए इंतजार करना होगाः राजनाथ सिंह

**रक्षा** मंत्री ने कहा, 'समझौते में पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराई से संबंधित अधिकार शामिल हैं। इस सहमति के आधार पर, वापसी की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। हम केवल वापसी से आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे, लेकिन इसके लिए हमें थोड़ा और इंतजार करना होगा।' गौरतलब है कि हाल ही में भारत और चीन के बीच सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त व्यवस्था के संबंध में एक समझौता हुआ है। इससे पहले चीनी सैन्य कार्रवाइयों के कारण दोनों देशों के बीच सीमा गतिरोध 2020 में एलएसी के साथ पूर्वी लद्दाख में शुरू हुआ। इसके बाद दोनों देशों के बीच लंबे समय तक तनाव बना रहा, जिससे संबंधों में काफी तनाव आया।



श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने से पूर्व शुक्रवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाबा केदार के पावन दर्शन किए और समस्त प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## हेमंत सोरेन की उम्र को लेकर भाजपा ने उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**: झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उम्र को लेकर बड़ा सियासी बवाल खड़ा हो गया है। ऐसा दावा किया जा रहा है कि दस्तावेजों में हेमंत सोरेन की उम्र 5 साल में 7 साल बढ़ गई है। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। उसने झारखंड मुक्ति मोर्चा को भ्रष्टाचार का पर्याय बताया। शुक्रवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि झामुमो का मतलब झोल, मुस्लिम तुष्टिकरण और माफिया है। भ्रष्टाचार के नए मानक तय करने वाली झारखंड सरकार अब हलफनामे में भी भ्रष्टाचार कर रही है। हेमंत सोरेन ने पिछले 5 सालों में 7 साल इसी तरह उन्होंने भ्रष्टाचार और घोटाले किए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप और "शपथ पत्र भ्रष्टाचार" से पता चलता है कि झामुमो सरकार ने किस तरह से लोगों को लूटा है।

## अक्तूबर में जीएसटी संग्रह बढ़कर हुआ 1.87 लाख करोड़ रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः अक्तूबर** महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 9 फीसदी बढ़कर 1.87 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से घरेलू लेन-देन से होने वाली आय में बढ़ोतरी के कारण हुई है। इसमें केंद्रीय जीएसटी संग्रह 33,821 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 41,864 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी 99,111 करोड़ रुपये और उपकर 12,550 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल अक्तूबर में जीएसटी का संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये था। इस साल यह बढ़कर 1.87 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 8.9 फीसदी की वृद्धि है।




जबकि घरेलू लेन-देन से जीएसटी संग्रह 10.6 फीसदी बढ़कर 1.42 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, आयात पर कर 4 फीसदी बढ़कर 45,096 करोड़ रुपये हो गया।

## दिवाली की रात दिल्ली का एक्यूआई 400 पारः बैन के बावजूद चले पटाखे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः राजधानी** दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। यहां टाइम एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) देर रात 400 के पार चला गया। 1 नवबंर को सुबह करीब 6 बजे दिल्ली एक्यूआई 391 दर्ज किया गया। देश के 10 सबसे प्रदूषित शहरों की बात करें तो इनमें 9 उत्तर प्रदेश के हैं। यूपी के संभल में एक्यूआई सबसे ज्यादा 388 दर्ज किया गया। दिल्ली में दीपावली के दिन (31 अक्टूबर) शाम 5 बजे रियल टाइम एक्यूआई 186 रिकॉर्ड किया गया था। यानी 10-12 घंटों में ही हवा सामान्य से बेहद खराब कैटेगिरी में चली गई। दिल्ली में बैन के बावजूद चले पटाखे दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 1 जनवरी 2025 तक पटाखों को बैन किया था। पटाखे बनाने, उन्हें स्टोर करने, बेचने और इस्तेमाल पर रोक है। इनकी ऑनलाइन डिलीवरी पर भी रोक लगाई गई थी।



## आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः देश के जाने-माने** अर्थशास्त्री एवं प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय (69) का शुक्रवार को निधन हो गया। देबरॉय ने देश की आर्थिक नीतियों को आकार देने में मुख्य भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर देबरॉय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मैं डॉ. देबरॉय को उनकी अंतर्दृष्टि और अकादमिक चर्चा के प्रति उनके जुनून को हमेशा याद रखूंगा। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदनाएं।'

## हरियाणा चुनाव पर कांग्रेस ने फिर आयोग को घेरा



**आरोप**

- कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आयोग ने शिकायतों पर स्पष्टीकरण देने के बजाय गोल-मोल जवाब दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** हरियाणा विधानसभा चुनाव में के संबंध में कांग्रेस की शिकायतों पर चुनाव आयोग से मिले जवाबों पर पार्टी ने असंतुष्टि जताई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने हरियाणा चुनाव से संबंधित शिकायतों पर स्पष्टीकरण देने के बजाय गोल-मोल जवाब दिए हैं। कांग्रेस ने चुनाव आयोग को अहंकार में डूबा हुआ बताया। कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त को तीन पन्ने की चिट्ठी लिखी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि हमें हरियाणा चुनाव में विधानसभा क्षेत्रों में उत्पन्न मुद्दों पर 9 अक्टूबर 2024 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाई गई, गंभीर चिंताओं पर आपका 29 अक्टूबर 2024 का उत्तर प्राप्त हुआ है। हमने हमारी शिकायतों पर आपकी प्रतिक्रिया का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि चुनाव आयोग ने खुद को क्लीन चिट दे दी है। हम आम तौर पर इसे वहीं रहने देते। हालांकि, ईसीआई की प्रतिक्रिया का लहजा और भाव, इस्तेमाल की गई भाषा और कांग्रेस के खिलाफ लगाए गए आरोप हमें प्रति-प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने के लिए मजबूर करते हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'सबसे पहले ईसीआई ने उठाए गए मुद्दों पर हमारे साथ जुड़ने में अपनी कृपा की 'असाधारण' प्रकृति बताते हुए अपना उत्तर प्रस्तुत किया। हम नहीं जानते कि माननीय आयोग को कौन सलाह दे रहा है या मार्गदर्शन कर रहा है।

## देश से माफी मांगे कांग्रेसः भाजपा

कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान पर अब भाजपा हमलावर हो गई




**गुमराह किया**

- खरगे ने माना कि उन्हीं मदों के लिए घोषणा की जानी चाहिए जिसके लिए बजटीय प्रावधान हो

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने माना कि केवल उन्हीं मदों के लिए घोषणा की जानी चाहिए जिसके लिए बजटीय प्रावधान हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान पर अब भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने जनता को गुमराह करने का काम किया है। उन्हें देश और जनता से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने मान लिया है कि हमें केवल उन्हीं मदों के लिए घोषणा करनी चाहिए जिनके लिए हमारे पास बजटीय प्रावधान और वित्तीय उपलब्धता है। क्या खरगे ने यह पाठ राहुल गांधी को पढ़ाया है? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी घोषणाएं करने में माहिर हैं। वे सिर्फ घोषणाएं करते हैं और वोट के लिए जनता को बेवकूफ बनाते हैं और फिर अपने वादे लागू नहीं करते। कर्नाटक में कांग्रेस ने पांच गारंटियों की घोषणा की, आज वे मुफ्त बस योजना (शक्ति) की समीक्षा करने की बात कर रहे हैं। हिमाचल और तेलंगाना में भी कांग्रेस की सरकार ने कई घोषणाएं कीं और नतीजा सबके सामने है। कांग्रेस ने सिर्फ जनता से वादे किए और उसे पूरा नहीं किया। महाराष्ट्र और झारखंड में भी इंडी गठबंधन के लोग सिर्फ जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। झूठे वादे कर रहे हैं और अब तक कांग्रेस अध्यक्ष ही मान रहे हैं कि वादे करने से पहले नेताओं को सोचना चाहिए।

## दिवाली पर राहुल गांधी ने पहले की 'घर की पुताई'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिवाली का एक वीडियो साझा किया है। जिसमें वे पेंटिंग करने वाले श्रमिकों और कुम्हारों से बातचीत कर रहे हैं। वीडियो में राहुल गांधी ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने का आह्वान किया, जिसमें लोगों के कौशल का उनको हक और सम्मान मिले। नौ मिनट से अधिक लंबे इस वीडियो को यूट्यूब पर पोस्ट करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने लिखा कि, खास लोगों के साथ एक यादगार दिवाली- मैंने इस दिवाली को कुछ चित्रकार भाइयों के साथ काम करके और एक कुम्हार परिवार के साथ मिट्टी के दीये बनाकर मनाया। इस दौरान वीडियो में राहुल गांधी ने कहा, "मैंने उनके काम को करीब से देखा, उनके कौशल को सीखने की कोशिश की और उनकी कठिनाइयों और समस्याओं को समझा। वे घर नहीं जाते। हम खुशी से त्योहार मनाते हैं और कुछ पैसे कमाने के लिए वे अपने गांव, शहर, परिवार को भूल जाते हैं।



**'मेरे पिता की मृत्यु यहीं हुई थी, इसलिए मुझे इस घर से प्यार नहीं है'**
वीडियो में राहुल गांधी 10 जनपथ स्थित अपने आवास पर मजदूरों के साथ काम करते और प्रियंका गांधी के बेटे रेहान के साथ दीवारों पर पेंटिंग करना सीखते नजर आ रहे हैं। वीडियो में 10 जनपथ को लेकर राहुल गांधी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि मेरे पिता की मृत्यु यहीं हुई थी, इसलिए मुझे इस घर से प्यार नहीं है। एक कुम्हार परिवार से मुलाकत कर उन्होंने कहा, वे मिट्टी से खुशियां बनाते हैं। दूसरों के त्योहारों को रोशन करते हुए क्या वे खुद रोशनी में रह पाते हैं? घर बनाने वाले मुश्किल से अपना घर चला पाते हैं!

**कौशल**

- राहुल ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने का आह्वान किया, जिसमें लोगों के कौशल का उनको हक, सम्मान मिले

**महिला कुम्हार के परिवार से मिले राहुल गांधी**
वीडियो के दूसरे हिस्से में राहुल गांधी एक महिला के घर जाते हैं जो अपनी पांच बेटियों के साथ मिट्टी के दीये बनाती है। गांधी मिट्टी के बर्तन बनाने की कला को सीखने की कोशिश करते नजर आए।

## जोमैटो के गोदाम पर छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हैदराबादः** हम जोमैटो से खाना मंगाते हैं तो हमें ये भरोसा होता है जोमैटो से आया खाना ताजा और हेल्दी होगा। लेकिन जब आपको पता चले की जोमैटो भी लापरवाही कर रहा है तो आपको कैसा लगेगा। दरअसरल, एक रिपोर्ट में बताया कि है कि हैदराबाद में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जोमैटो गोदाम में निरीक्षण के दौरान पाया कि 30 अक्टूबर, 2024 के लिए पैक किए गए 18 किलो बटन मशरूम पर आगे की तारीख लिख दी गई। अधिकारियों ने पाया कि गोदाम में उचित कीट-रोधी स्क्रीन नहीं थी।

## हर पार्टी और हर सीट पर बागीः देवेंद्र फडणवीस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः महाराष्ट्र** के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने एक कार्यक्रम में स्वीकारा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इस बार बागी उम्मीदवारों की संख्या बहुत ज्यादा है। यह समस्या सिर्फ भाजपा नहीं, हर पार्टी में है। यह बात हमें माननी ही होगी और उनको मानना ही होगा। फडणवीस ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बागी नेताओं को चुनाव से हटने के लिए राजी किया जाए, यह हमारी कोशिश रहेगी। महायुति समन्वय समिति का एलान हुआ तो तीनों पार्टियों के नेताओं ने हर विधानसभा सीट में इसी तरह की कमेटी बनाई जाएंगी। इन कमेटियों का काम था कि जिनको टिकट नहीं मिली है, उन्हें बागी बनने से रोका जाए, लेकिन ऐसा लग रहा है कि कमेटियां काम नहीं कर रही हैं। इस बार शिवसेना और एनसीपी में बगावत के चलते कांग्रेस और भाजपा समेत छह बड़े दल मैदान में हैं। यही वजह है कि लगभग हर सीट से बागी प्रत्याशी मैदान में हैं।



**दावा** गहलोत ने विश्वास जताया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी अघाड़ी गठबंधन को इस बार चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा

## महाराष्ट्र में जनता में सरकार के प्रति असंतोषः गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुरः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में मौजूदा सरकार के प्रति जनता में असंतोष होने का दावा किया है, जो आगामी चुनावों में कांग्रेस को लाभ पहुंचा सकता है। गहलोत ने विश्वास जताया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी अघाड़ी गठबंधन को इस बार चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

**'महाराष्ट्र में कांग्रेस के पक्ष में माहौल'**
पूर्व सीएम गहलोत ने महाराष्ट्र में चुनावी स्थिति और पार्टी के बागी नेताओं की नाराजगी को दूर करने के प्रयासों पर बात की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में पहले से ही कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन चुका है। मैं हाल ही में महाराष्ट्र में था और आम जनता में सरकार के प्रति नाराजगी है, जो हमारे लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। मुझे विश्वास है कि मौजूदा माहौल के अनुसार कांग्रेस और गठबंधन इस चुनाव में जीत हासिल करेगा। बागी नेताओं के मसले पर उन्होंने बताया कि जब से उम्मीदवारों ने अपने फॉर्म भरे हैं, पार्टी उन्हें मनाने के प्रयास में जुटी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि चार नवंबर तक कई बागी उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले लेंगे। कांग्रेस का दावा है कि पार्टी लगातार अपने बागी नेताओं के संपर्क में है। पार्टी उन्हें चुनाव में एकजुटता के साथ आगे बढ़ाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है।



**बागियों पर नजर**

- पूर्व सीएम ने स्थिति, पार्टी के बागी नेताओं की नाराजगी को दूर करने के प्रयासों पर बात की

**राजस्थान के उपचुनावों में स्थानीय मुद्दे महत्वपूर्ण**
गहलोत ने राजस्थान विधानसभा के आगामी सात उपचुनावों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ये चुनाव स्थानीय मुद्दों पर आधारित होते हैं। ये चुनाव स्थानीय होते हैं, जिनमें स्थानीय समस्याएं और मुद्दे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मुकदमे की रंजिश में कई लोगों को ट्रैक्टर से रौंदा...



**टीम एक्शन इंडिया**

**हापुड़ :** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। गढ़मुक्तेश्वर इलाके में दीपावली पर्व पर बृहस्पतिवार की रात को रंजिश में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों को ट्रैक्टर से रौंद दिया। हमले में बुजुर्ग की मौत हो गई है। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है। जानकारी के अनुसार, गढ़मुक्तेश्वर के गांव शेरा किशना की मढ़ैया में मुकदमे की रंजिश को लेकर बृहस्पतिवार की शाम दुकान के पास खड़े प्रीतम (85) और उनके परिजनों को गांव के ही लोगों ने ट्रैक्टर से रौंद दिया। घटना में प्रीतम और उनके परिजन घायल हो गए। उपचार के दौरान प्रीतम की मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई।

घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। जिसके मद्देनजर गांव में पुलिस बल तैनात है। प्रीतम सिंह, उनके बेटे महेंद्र, मुकेश, पुत्रवधू धनवती और शकुंतला के साथ गांव के ही मोहर सिंह बृहस्पतिवार की शाम अपने घर के पास एक दुकान के बाहर खड़े हुए थे। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला ओमपाल, उसका भाई देवेंद्र और चचेरा भाई चमन वहां पहुंच गए।

आरोप है कि पुराने मुकदमे की रंजिश को लेकर उनके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। उस समय तो ग्रामीणों ने मामला शांत करा दिया, लेकिन कुछ ही देर में आरोपी पक्ष के अरूण, अमन और पवन ट्रैक्टर लेकर पहुंच गए। जिन्होंने वहां खड़े लोगों को ट्रैक्टर से रौंद दिया। घटना में प्रीतम, धनवती, शकुंतला और मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं भगदड़ मचने पर गिरने से देवेंद्र भी चोटिल हो गया। घटना के संबंध में मृतक के बेटे होतेराम ने तहरीर दी है, जिन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उनके पिता को मेरठ के लिए, रेफर कर दिया। मेरठ के अस्पताल में उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सीओ वरुण मिश्रा ने कहा कि तहरीर के आधार पर ओमपाल, चमन, देवेंद्र, अरूण, अमन निवासी शेरा किशना वाली मढ़ैया और पवन निवासी गांव शहबाजपुर डोर, थाना गजरौला जनपद अमरोहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 3(5), 352, 109, 103(1), 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**रौंद दिया**

दीपावली पर्व पर बृहस्पतिवार की रात को रंजिश में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों को ट्रैक्टर से रौंद दिया


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद ताहिर उर्फ अनश** पुत्र **मोहम्मद शाकिर** निवासीः **ई–381, जेजे कॉलोनी, बवाना दिल्ली** ने case **e-FIR No. 006667/23 U/s 379/411 IPC, थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मोहम्मद ताहिर उर्फ अनश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद ताहिर उर्फ अनश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **e-FIR No. 006667/23 U/s 379/411 IPC, थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद ताहिर उर्फ अनश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.12.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13939/ON/2024(Court Matter)


## जूते की दुकान में लगी भीषण आग, लोगों का किया रेस्क्यू

**साहिबाबाद।** दीपावली के दिन बृहस्पतिवार को इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के ज्ञान खंड 1 में जूते की दुकान में आग लग गई। आज दुकान के ऊपर बने दो फ्लैटों तक पहुंच गई। अग्निशमन कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वही, राजेंद्र नगर औद्योगिक क्षेत्र, क्रॉसिंग रिपब्लिक, शास्त्री नगर, लोनी चोपड़ा मंदिर के पास समेत कई स्थानों पर आग लगी।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंचे पीड़ित वकील, कोर्ट में पुलिस ने किया था लाठीचार्ज

**मांग**

रूल्स रेगुलेशन सृजित कर माननीय आयोग के समक्ष एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत किया जाए



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिला कोर्ट में बीते दिनों हुए बवाल का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। कोर्ट की कार्यवाही के दौरान जिला जज ने पुलिस बुलाए जाने और बेकसूर अधिवक्ताओं के ऊपर लाठी बरसाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायत की है। मानवाधिकार कार्यकर्ता एडवोकेट विष्णु कुमार गुप्ता ने बताया कि अधिवक्ता की भी अपनी मान मर्यादा है। वह ऑफिसर ऑफ द कोर्ट होता है। इस घटना से अधिवक्ताओं के अधिकारों, मान सम्मान, मर्यादा का हनन हुआ है। भरी अदालत में पुलिस द्वारा अधिवक्तागणों पर लात, घूंसे चलना, लाठी बरसाना अधिवक्ताओं की स्वायत्तता पर कुठाराघात है और इस प्रकार से अधिवक्तागण स्वतंत्र रूप से अपना कार्य नहीं कर पाएंगे। इसलिए उनके द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में एक याचिका लगाई गई है। जिसमें मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार को आदेशित करने की प्रार्थना की गई है कि भविष्य में उक्त प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो और अधिवक्तागण निर्बाध रूप से कोर्ट रूम में अपना न्यायिक कार्य कर सकें। पुलिस एवं अन्य पुलिस बल के लिए रूल्स रेगुलेशन सृजित कर माननीय आयोग के समक्ष एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत किया जाए। घटना में घायल प्रत्येक अधिवक्ता को 10-10 लाख का मुआवजा राज्य सरकार द्वारा दिया जाए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी विनोद कुमार, पुत्रः** जगन नाथ, **पताः** प्मकान नंबर 547 गली नंबर 4 न्यू विकास नगर गाजियाबाद, **उत्तर प्रदेश FIR No. 187/17, U/s: 354A, 323,356,511 IPC, and 147,179 IR ACT, पुलिस थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार, FIR No. 187/17, U/s: 354A, 323,356,511 IPC, and 147,179 IR ACT, पुलिस थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री तान्या सिंह
एसीएमएम–2 कमरा नंबर 296.ए
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14467/Rly/2024
(Court Matter)



## उत्तर रेलवे

### इ–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-53 | कार्य का नामः– वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वितीय के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत मेरठ स्टेशन पर लाइन नं. 1A व 1 से 5 पर गिट्टी रहित ट्रेक (BLT) का प्रावधान।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रूपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 2 | NIT-56 | कार्य का नामः– वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वितीय के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के तहत गाजियाबाद स्टेशन पर लाइन नं. 3, 4, 5, 6, 9 व 10 पर गिट्टी रहित ट्रेक (BLT) का प्रावधान।<br>कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार।<br>बयाना राशि (रूपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 29.11.2024 15:00 Hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

- ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं: 128-W/280/e Tender Notice/NIT-53, 56-24-25-W-II दिनांक: 01.11.2024
3388/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## ग्रेटर नोएडा में तीन सोसायटी में लगी आग, पाया काबू

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा में तीन सोसाइटी में आग लगने की घटना हुई हैं। तीनों जगहों पर आग पर काबू पा लिया गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सुपरटेक इकोविलेज में भीषण आग लग गई। दमकल की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। भीषण आग की दूर तक लपटें दिखाई दीं।

इस दौरान सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा वेस्ट 36 सुपरटेक इको विलेज 1 सोसाइटी के जे टावर के 17वें फ्लोर में आग लगी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## बुलंदशहर में बेटे को जहर खिलाने के बाद खुद भी खाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**बुलंदशहर :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। अनूपशहर कोतवाली इलाके के गांव तेलिया नगला में अपनी ससुराल आए युवक का पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी ने ससुराल जाने से इनकार कर दिया। नाराज युवक ने अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र के साथ जहर खा लिया। जिससे पिता-पुत्र दोनों की मौत हो गई। वहीं वारदात से पहले युवक ने फेसबुक पर लाइव भी किया था। बुलंदशहर कोतवाली देहात इलाके के गांव जटापुर निवासी 30 वर्षीय पुनीत सिंह की करीब 4 साल पहले अनूपशहर कोतवाली इलाके के गांव तेलियानगला निवासी देवदत्त की पुत्री अंशु के साथ शादी हुई थी। दंपती के दो पुत्र है, जिनमें तीन वर्षीय विराट बड़ा है, जबकि डेढ़ वर्षीय युवराज छोटा। बताया गया कि पिछले सात माह से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। जिसके बाद नाराज होकर पत्नी अंशु अपने मायके गांव तेलियानगला आकर दोनों पुत्रों के साथ रहने लगी।

**पत्नी ने घर जाने से किया इनकार**

इसी बीच कई बार पति ने पत्नी को मनाने का प्रयास किया, लेकिन पत्नी नहीं मानी। सोमवार शाम को पुनीत अपनी ससुराल गांव तेलियानगला पहुंचा था। रात में वहां रुकने के बाद उसने पत्नी को समझाते हुए अपने साथ घर चलने की बात कही। लेकिन, पत्नी ने घर चलने से इंकार कर दिया।


## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी

मुरादाबाद मंडल के बरेली, मुरादाबाद, हरिद्वार एवं देहरादून स्टेशन के पार्सल कार्यालयों में **सभी आउटगोइंग पार्सल की स्कैनिंग के लिए पार्सल स्कैनर मशीन के अनुबंध** हेतु **05 साल** के लिए ई–नीलामी के तहत दिनांक **18.11.2024** (समय **11:00 am**) को **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध है। **3399/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## यात्रीगण कृपया ध्यान दें

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही हेतु महत्वपूर्ण सूचना

त्यौहारों पर रेलयात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुए, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट की ओर) से प्रवेश करते समय कृपया निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:–

1. फुट ओवर ब्रिज से प्लेटफार्म नंबर 16 का प्रवेश बंद है
2. प्लेटफार्म 16 के लिए आरक्षित यात्री, कृपया केवल अजमेरी गेट साइड सर्कुलेटिंग एरिया से गेट नंबर 7 और 10 से प्रवेश करें
3. जनरल टिकट वाले अनारक्षित यात्रीगण केवल अजमेरी गेट की ओर से हरे पथ (Green Path) गेट नंबर 12 से ही प्रवेश करें
4. प्लेटफॉर्म 15–1 के लिए कृपया गेट नंबर 8, 9 और 11 का उपयोग करें
5. डीएमआरसी मेट्रो स्काईवॉक से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज 2 तक सीधा प्रवेश अस्थायी रूप से बंद है

यात्रीगण कृपया सुनिश्चित करें कि ट्रेन प्रस्थान समय से कम से कम एक घंटा पहले स्टेशन पर अवश्य पहुंचे ताकि भागदौड़ की स्थिति न बनें

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3375/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजू किशोर पुत्र तारा बहादुर पताः मकान नं. 3519, शीला सिनेमा के पास पहाड़ गंज, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 592/23 धारा 188 भा.द.स. के तहत** थानाः पहाड़ गंज, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजू किशोर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संजू किशोर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 592/23 धारा 188 भा.द.स. के तहत थानाः पहाड गंज, दिल्ली के उक्त संजू किशोर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऋचा शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट–01
कमरा नं.366, तृतीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14350/CD/2024


## यूपी बोर्ड:नए सत्र के पहले दिन होंगी छात्रों के हाथों में किताबें

**ग्रेटर नोएडा।** यूपी बोर्ड के कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को नए सत्र में किताबों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। छात्रों को किताबें नए सत्र में समय से मिले, इसके लिए बोर्ड ने तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग ने एनसीईआरटी से किताबों का कॉपीराइट मांगने के लिए, शासन से अनुमति मांगी है। ताकि अगले सत्र में किताबों की जरूरत को पूरा करने पर अभी से काम किया जा सके।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02241353 | कार्बन ब्रुश फॉर हिटाची टी एम टाइप | 23110 पेयर्स | 25.11.2024 |
| 02 | 02241425 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफियर कम रेगुलेटिंग यूनिट | 104 नग | 02.12.2024 |
| 03 | 07240134C | वाटर टैंक असेंबली | 248 नग | 02.12.2024 |
| 04 | 09242396 | ऑक्सिलिआरी रिजर्वायर सस्पेंशन | 30632 नग | 02.12.2024 |
| 05 | 07240081 | ब्रेक ब्लॉक हैंगर (मॉडिफाइड डिजाइन) | 7937 नग | 16.12.2024 |
| 06 | 07241111 | अलटरनेट एक्कालारिंग स्टे (फॉर्गेड टाइप) | 3479 नग | 30.12.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 68/2024-25 दिनांक : 01.11.2024
3387/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
**9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नाम परिवर्तन

मैं प्रवीन कुमार (पासपोर्ट नंबर-जेड3179156) सुपुत्र श्री नानक चंद निवासी मकान नंबर 103-104, कृष्णा नगर, करनाल ब्यान करता हूं कि सभी कागजातों में मेरा नाम प्रवीन कुमार दर्ज है, जबकि पासपोर्ट में प्रावीन कुमार दर्ज है। प्रवीन कुमार और प्रावीन कुमार दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में मुझे प्रवीन कुमार के नाम से जाना जाए।

# दिल्ली में अब प्रदूषण पर लगेगी लगाम!

## पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को 200 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन को दिखाई हरी झंडी

**सांसों पर खतरा**

**आप सरकार दिल्ली में कर रही जल छिड़काव अभियान शुरू**

**200 एंटी-स्मॉग गन किए गए तैनात**






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एंटी-स्मॉग गन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पूरे शहर में 200 एंटी-स्मॉग गन तैनात की जाएंगी। चार दिन पहले, दिल्ली में एक्यूआई 350 के आंकड़े को पार कर गया था। यह माना गया था कि दीवाली के अगले दिन, एक्यूआई 400 के आंकड़े को पार कर जाएगा। लेकिन, मैं दिल्ली की जनता और उनके संयुक्त प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूं दिल्ली में एक्यूआई 360 है।

**200 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन की होगी तैनाती**

दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए आप सरकार दिल्ली में जल छिड़काव अभियान शुरू कर रही है, दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में दो मोबाइल एंटी-स्मॉग गन तैनात की जाएंगी जो छिड़काव करेंगी। 200 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन तैनात की जाएंगी। दीवाली उत्सव के बाद राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई सबसे खराब स्तर पर पहुंच गया और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया। दीवाली के अगले दिन शुक्रवार को प्रमुख शहरों में धुंध की मोटी परत छा गई, जिससे इन क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो गई और श्वसन संबंधी समस्याएं और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो गईं।

**पिछले कुछ दिनों से वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राजधानी के अधिकांश क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 से अधिक दर्ज किया गया, जिससे निवासियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ गईं।


मंत्री राय ने कहा कि सरकार जल्द ही राजधानी भर में पानी के छिड़काव की आवृत्ति बढ़ाएगी। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में है। लोगों ने अनुमान लगाया था कि दीवाली के अगले दिन दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होगी, लेकिन हम प्रदूषण के स्तर को देख सकते हैं नियंत्रण में रहा है।

"यह दिल्ली के लोगों और सभी विभागों के सामूहिक प्रयासों की सफलता है। मैं दिल्ली के लोगों को दीये जलाकर और पटाखे न जलाकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में कार्य करने और प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने में योगदान देने के लिए बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि अगले साल तक हम पटाखे जलाने वालों को भी ये बात समझा सकेंगे" उन्होंने आगे कहा कि आज से हम वायु प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए पूरी दिल्ली में पानी का छिड़काव बढ़ा रहे हैं। बड़े पैमाने पर पटाखे नहीं फोड़े गए, यह दिल्ली के लोगों की बदलती मानसिकता को दशार्ता है।

**चेन्नई और मुंबई जैसे अन्य शहरों में प्रदूषण का यही रहा हाल**

आनंद विहार में, अदक395 दर्ज किया गया, जबकि आया नगर में 352, जहांगीरपुरी में 390 और द्वारका में 376 तक पहुंच गया।

# केजरीवाल ने दिल्ली को गैस चैंबर बना दिया : चुघ



**साधा निशाना**

**यमुना नदी जहरीली हो गई है और दिल्लीवासी खतरनाक रूप से खराब गुणवत्ता वाली हवा से पीड़ित हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण के लिए पटाखों को जिम्मेदार ठहराने वाले अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को एक गैस चैंबर बना दिया है। इसके साथ राजधानी की यमुना नदी को भी प्रदूषित नदी बना दिया है।

शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में तरुण चुघ ने कहा कि प्रदूषण को नियंत्रित करने में अपनी विफलता और अक्षमता को छिपाने के लिए, अरविंद केजरीवाल दिल्ली की बिगड़ती वायु गुणवत्ता के लिए दिवाली के पटाखों को दोष दे रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में, आम आदमी पार्टी(आआपा) ने प्रदूषण के मुद्दे से निपटने के लिए दिल्ली में कुछ नहीं किया है। औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण पर उचित नीतियों को लागू करने में आआपा सरकार की पूर्ण विफलता के साथ-साथ समय पर कार्रवाई की कमी के कारण यमुना नदी जहरीली हो गई है और दिल्लीवासी खतरनाक रूप से खराब गुणवत्ता वाली हवा से पीड़ित हैं।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर देश की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने शुक्रवार को मंदिर में पत्नी के साथ यज्ञ और पूजा की।

# छठ महापर्व पर 07 नवंबर को रहेगा सार्वजनिक अवकाश



**महापर्व**

**आतिशी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि छठ पूजा दिल्ली के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में छठ महापर्व पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने छठ महापर्व पर अवकाश की घोषणा करते हुए कहा कि, सभी पूर्वांचली भाई-बहन धूमधाम से छठ महापर्व मना सकें, इसलिए सात नवम्बर को दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। आतिशी ने इस बाबत आदेश जारी करते हुए कहा कि छठ पूजा दिल्ली के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। ऐसे में दिल्ली सरकार ने "छठ पूजा" के अवसर पर 07 नवंबर, 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया है। आतिशी ने अपने एक्स(ट्विटर) हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा, "मुझे यह बताते हुए खुशी है कि दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है कि 7 नवम्बर को छठ के त्योहार की छुट्टी होगी।

# चार साल के मुकाबले इस बार आग लगने की घटनाओं संबंधी कॉल बढ़ी

**आंकड़ा**

**दिवाली के मौके पर गुरुवार दिन और रात में कुल 318 कॉल दमकल विभाग को मिली**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी के लोगों ने नियम को ताक पर रखकर जमकर आतिशबाजी की। यही वजह है कि आग लगने की घटनाओं में पिछले चार साल के मुकाबले इस बार इजाफा हो गया। दिवाली के मौके पर गुरुवार दिन और रात में कुल 318 कॉल दमकल विभाग को मिली। इसमें आग की 280 कॉल थी। दमकल विभाग के अनुसार वर्ष 2019 के बाद यह आंकड़ा सबसे अधिक था। वर्ष 2019 के बाद लगातार आग लगने की घटनाओं में कमी आ रही थी लेकिन इस बार यह आंकड़ा बढ़ गया। उल्लेखनीय है कि दिवाली को देखते हुए दमकल विभाग ने अपने सभी जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी थीं। छोटी और बड़ी दीपावली पर राजधानी की सड़कों पर करीब तीन हजार जवानों को तैनात किया गया था।

# 75 साल बाद सबसे गर्म रहा अक्टूबर: रिपोर्ट



**गर्मी का एहसास**

**सफदरजंग में औसत तापमान अधिकतम 35.1 डिग्री, 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली में सुबह और शाम की ठंड होने लगी है। लेकिन दिन में गर्मी का एहसास पूरा हो रहा है। मौसम विभाग की ओर से अक्तूबर माह को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। जिसमें बताया है कि सफदरजंग में साल 1951 के बाद अक्टूबर 2024 सबसे गर्म रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि सफदरजंग में दर्ज किया गया मासिक औसत तापमान अधिकतम 35.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। 1901 में रिकॉर्ड शुरू हुआ था। आईएमडी ने बताया कि अक्टूबर के लिए सबसे अधिक औसत दिन का तापमान 1951 में दर्ज किया गया था, जो 36.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। उसके बाद 1915 और 1951 दोनों में 22.3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम औसत रात का तापमान दर्ज हुआ। आगे बताया कि साल 1930 और 1938 में औसत अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके बाद 1941 में रिकॉर्ड तोड़ औसत अधिकतम 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

# 70 हजार रुपये को लेकर चाचा-भतीजे को उतारा मौत के घाट



**विवाद**

**आरोपी और पीड़ितों के बीच 70 हजार रुपये को लेकर चल रहा था विवाद**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के फर्श बाजार में गुरुवार को गोलीबारी की घटना में दो लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मृतकों की पहचान आकाश (40) और उनके भतीजे ऋषभ (16) के रूप में हुई, जबकि आकाश का बेटा कृष (10) घायल हो गया। आकाश का भाई योगेश ने गोलीबारी की घटना के बारे में जानकारी दी। योगेश ने घटना को याद करते हुए कहा, "घटना 31 अक्टूबर की शाम लगभग 7.30 या 8.00 बजे हुई। वहां दो लोग थे। एक जो दोपहिया वाहन चला रहा था, जो मेरा भतीजा है और दूसरा पैदल यात्री था, जिसे मैं नहीं जानता। मेरे भाई और बेटे की उस व्यक्ति ने हत्या कर दी जो मेरे भतीजे के साथ था, कुछ समय पहले मेरे भाई का उसके साथ 70 हजार रुपये को लेकर विवाद हुआ था।" घटनास्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ जारी है।

**आरोपियों ने 17 दिन पहले बनाई थी हत्या की योजना:** दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए नाबालिग के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज थे। जांच के मुताबिक, आरोपियों ने 17 दिन पहले हत्या की योजना बनाई थी। इसके अलावा यह भी पता चल रहा है कि मृतक और आरोपी के बीच 70 हजार रुपये को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक आकाश की मां ने भी दिल्ली में हुई गोलीबारी से पहले की घटनाओं का जिक्र किया।

**मैंने देखा कि बेटे को गोली मार दी गई: मृतक की मां**

उन्होंने कहा, "लक्ष्य नाम का एक व्यक्ति पिछले तीन या चार दिनों से हमारी गली में आ रहा था। कल वह मिठाई का एक डिब्बा लेकर हमारे घर आया और मुझसे इसे लेने के लिए नीचे आने का आग्रह किया। उस समय मेरा बेटा पटाखे फोड़ने की तैयारी कर रहा था। तभी मैंने गोली चलने की आवाज सुनी। इसके बाद मैंने देखा कि मेरे बेटे को गोली मार दी गई है।" शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जब अधिकारी पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि आकाश, उनके भतीजे ऋषभ और आकाश के बेटे कृष को गोली मार दी गई थी। आकाश और ऋषभ ने दम तोड़ दिया था।

# दो महीने बाद बढ़ी एटीएफ की कीमत




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** र पिछले 2 महीने से लगातार कीमत में कटौती करने के बाद घरेलू ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। एटीएफ की कीमत में बढ़ोतरी होने के बाद दिल्ली में इसकी कीमत 87,597.22 रुपये प्रति किलो लीटर से 2,941.50 रुपये बढ़ कर 90,538.72 रुपये प्रति किलो लीटर हो गई है। एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत हर महीने की शुरूआत में फिक्स की जाती है। कीमत तय करने के लिए एटीएफ के वेरिएबल इंटरनेशनल रेट का एवरेज निकाला जाता है और फिर डॉलर के सापेक्ष उसकी औसत लागत तय की जाती है। इस औसत लागत के आधार पर ही घरेलू ऑयल मार्केटिंग कंपनियां भारत में एविएशन सेक्टर के लिए एटीएफ की कीमत का निर्धारण करती हैं। आज एटीएफ की कीमत में हुई बढ़ोतरी के बाद मुंबई में इसकी कीमत 81,866.13 रुपये से बढ़ कर 84,642.91 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। इसी तरह कोलकाता में एटीएफ की कीमत 90,610.90 से बढ़ कर 93,392.79 रुपये प्रति किलो लीटर और चेन्नई में 90,964.43 से बढ़कर 93,957.10 रुपये प्रति किलोमीटर हो गई है।

# पटाखे फोड़ने पर हिंदू परिवार को घर में घुसकर पीटा



**हमला**

**पीड़ित का आरोप- इज्जत पर डाला हाथ; दर्द भरी तस्वीरें आई सबके सामने**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/बल्लभगढ़**

हरियाणा के बल्लभगढ़ में धनतेसर से एक दिन पहले सुभाष कॉलोनी में रहने वाले हिंदू परिवार के ऊपर पड़ोसी मुस्लिम परिवारों ने घर के अंदर घुसकर हमला कर दिया। हिंदू परिवार का आरोप है कि उनका बेटा पटाखे फोड़ रहा था। इसी बात को लेकर उन्होंने गाली गलौज कर घर के अंदर घुसकर मारपीट की। इसकी शिकायत पुलिस को की हुई है। चार दिन बीत जाने के बावजूद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की वजह से वह अब अपना मकान बेचकर पलायन करने को मजबूर हैं। जिसके चलते हिंदू परिवार के लोगों ने घर के बाहर नोटिस भी लगा दिया है। लाल कोठी के पीछे वाली गली निवासी युवती ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ रहती है। 27 अक्तूबर की रात को छोटा भाई दिवाली पर दीये जला रहा था। इस दौरान उस पटाखे भी जलाने लगा। इसी बात को लेकर उनके पड़ोसी आरोपी आशिक, राशिद, मेवाती, सलमान, गौना, विजयपाल व अन्य 50 लोगों ने उनके साथ गाली-गलौच की। आरोप है कि आरोपियों ने उनको कहा कि यह मुसलमानों का इलाका है, यहां दिवाली नहीं मना सकते। इसके अलावा आरोपी उनको बाहर निकलने के लिए धमकी देने लगे। धमकी के बाद हिंदू परिवार के लोग घर के अंदर चले गए। कुछ समय के बाद आरोपी ने उनके घर पर पथराव करने लगे। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। तभी कुछ लोग घर की छत से होकर के नीचे आ गए।

# एनसीआर में रहने वाले लोग भयंकर वायु प्र्रदूषण की मार झेल रहे

## अस्थमा के रोगियों को अगले कुछ हफ्तों तक अपनी सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिवाली** की अगली सुबह जब दिल्ली-एनसीआर वालों की आंख खुली तो चारों तरफ स्मॉग और प्रदूषण ही नजर आ रहा था। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और राष्ट्रीय राजधानी के अन्य क्षेत्रों में रहने वाले लोग भयंकर वायु प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों से एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लगातार 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। विशेषज्ञों ने आशंका जताई थी कि दिवाली के बाद ये और खराब हो सकती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, एक नवंबर (शुक्रवार) को सुबह 6 बजे दिल्ली के आनंद विहार इलाके में वायु की गुणवत्ता 395 दर्ज की गई। दिल्ली-एनसीआर के अन्य इलाकों में भी सुबह जहरीले धुएं की चादर जैसे नजारे देखने को मिले। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले से ही बने प्रदूषण की स्थिति के बीच दीपावली के दौरान पटाखे जलाने से हवा की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को सावधान करते हुए प्रदूषित हवा के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी है। विशेषतौर पर जिन लोगों को पहले से ही सांस और हृदय रोगों की समस्या है उनके लिए इस तरह का वातावरण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि वायु प्रदूषण सभी उम्र के लोगों में अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाला हो सकता है। सांस की समस्याओं से इतर ये शरीर के सभी अंगों के लिए भी हानिकारक है। डॉक्टर्स का कहना है कि प्रदूषित वातावरण का बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर सबसे ज्यादा असर देखा जाता रहा है, हालांकि ये वयस्कों के लिए भी बहुत खतरनाक हो सकता है। घरों से बाहर निकलते समय एक बार फिर से सभी लोगों के लिए मास्क पहनना जरूरी हो गया है। इसके अलावा बच्चों को स्कूल भेजते समय माता-पिता को कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वायु प्रदूषण के कारण मौत के जोखिमों को बढ़ता हुआ भी देखा जा रहा है।

### पटाखों के धुंआ में विषैले रसायन

**बातचीत** में श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ अभिजात सहाय कहते हैं, हर साल दिवाली के दौरान वायु प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। इसके कारण होने वाली बीमारियां स्वास्थ्य क्षेत्र पर अतिरिक्त बोझ को बढ़ाने वाली होती हैं। पटाखे जलाने से सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और छोटे कण सहित कई हानिकारक वायु प्रदूषक हवा में मिल जाते हैं। ये सभी श्वसन प्रणाली के माध्यम से शरीर में पहुंचकर सांस लेने में कठिनाई और अस्थमा के दौरे का कारण बन सकते हैं। अस्थमा के रोगियों को अगले कुछ हफ्तों तक अपनी सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। अनुसार साल 2021 में भारत में वायु प्रदूषण के कारण 16 लाख मौतें हुईं।

# प्रदेशवासी मिलकर हरियाणा का नव-निर्माण करेंगे: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि क्रांतिकारी वीरों के सपनों का भारत बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब मिलकर हरियाणा का नव-निर्माण करेंगे। प्रदेश के 2.80 करोड़ हरियाणवी को बिना भेदभाव विकास की राह पर आगे बढ़ाने के लिए विधानसभा चुनाव से पहले जारी किए गए संकल्प पत्र को राज्य सरकार द्वारा हूबहू धरातल पर उतारा जाएगा।
मुख्यमंत्री आज जिला सोनीपत के गोहाना में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थितजनों व प्रदेशवासियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती, हरियाणा दिवस, दीपावली, भैया दूज व गोपाष्टमी की शुभकामनाएं दी।
अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2.80 करोड़ नागरिकों की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को संकल्प पत्र के अनुरूप योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए जा चुके हैं। विकास के विभिन्न पड़ाव पार करते हुए आज हरियाणा 58 साल का हो चुका है। इसके लिए सभी वर्ग बधाई के पात्र हैं।
नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकताओं और मतदाताओं ने भाजपा पर अपने विश्वास को मजबूत करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री व पूर्व में साढ़े नौ साल रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बनाई गई मजबूत व्यवस्था पर आगे बढ़ते हुए हमारी डबल इंजन की सरकार तीव्र गति से अपना काम करेगी।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा बेरोजगारी को लेकर जो भ्रामक प्रचार चुनाव के दौरान किया गया था और उनके नेताओं द्वारा हजारों युवाओं के भर्ती परिणाम रोकने का जो प्रयास किया गया, उससे उनकी युवा विरोधी मानसिकता जनता-जनार्दन के सामने आ गई। हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं ने आम आदमी को यह अहसास दिलाने का काम किया कि बिना पर्ची-बिना खर्ची के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को भाजपा ही सुरक्षित कर सकती है और जनता विशेषकर युवाओं ने साथ देकर हमारी सरकार पर भरोसा जताया है।



## सीएम ने जन कल्याण के कई निर्णय लिए: सीएम सैनी

अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार विधानसभा में जारी किए गए संकल्प पत्र को लक्ष्य मानकर पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने सरकार बनते ही 24 हजार युवाओं को पक्की नौकरी, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लागू करते हुए डीएससी समाज को आरक्षण व अस्पतालों में डायलिसिस नि:शुल्क उपलब्ध करवाने के निर्णय लेकर सरकार की नॉन स्टॉप रफ्तार का नजारा पेश कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नए हरियाणा का निर्माण करेंगे।
**युवा वर्ग को आत्मनिर्भर बनने के लिए दिया अनुकूल माहौल: डॉ अरविंद शर्मा** : सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान विश्वकर्मा के नाम से योजनाएं चलाकर युवा वर्ग को आत्मनिर्भर बनने के लिए अनुकूल माहौल दिया है। गरीब की भलाई से लेकर फसलों पर एमएसपी देने के निर्णय से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लोगों के दिलों में जगह बनाने में सफल रहे हैं। आज प्रदेश की 36 बिरादरी का भरोसा प्रदेश सरकार पर बना है।

**विकास पथ पर**
▶▶ क्रांतिकारी वीरों व प्रधानमंत्री के सपनों के भारत में होगा हरियाणा का नव-निर्माण: मुख्यमंत्री नायब सिंह

# मकान में लगी भयंकर आग, सब जलकर खाक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** बीती रात शहर में मशद मोहल्ला स्थित एक मकान में भयंकर आग लग गई जिसमें टी०वी०, सोफे समेत सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पंहुचकर आग पर काबू पाया अन्यथा आस-पड़ोस के मकानों में भी नुकसान हो जाता ।
घटना की सुचना मिलते ही मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन संजीव वलेचा के साथ मौके पर पंहुचे और मकान मालिक मुकेश से घटना की जानकारी ली । मुकेश ने बताया कि रात तीन बजे कमरे से धुंआ निकलता देखा और उन्होंने दरवाजा खोला तो सारा सामान जल चूका था। भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष मुकेश ने बताया कि घर में कुछ भी नहीं बचा है। राजीव जैन ने उन्हें मदद का आश्वासन दिया ।



गीता भवन गुरुद्वारा रोड पर भी चेतन हैंडलूम के गोदाम में पटाखा जलने से आग लग गई। दुकान मालिक दीक्षित भगत ने मौके पर मंडल महामंत्री सुरेश कथुरिया के साथ पहुंचे राजीव जैन को बताया कि रात को आग लगने की सूचना उन्हें पड़ोसियों ने दी, उन्होंने गोदाम में जाकर देखा कि आग अभी शुरू हुई है और फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही जले हुए कपड़े गली में फेंक दिए।

## न्यूज फ्लैश

### अनुराग रस्तोगी ने हरियाणा के नये मुख्य सचिव का पदभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1990 बैच के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग रस्तोगी ने आज हरियाणा के नये मुख्य सचिव के तौर पर अपना पदभार ग्रहण किया। सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी विवेक जोशी हरियाणा के मुख्य सचिव होंगे। उनके पदभार ग्रहण करने तक अनुराग रस्तोगी को हरियाणा का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।

**दादी व पौते को बस ने कुचला, महिला की मौत**

### कस्बा सांपला में हुआ हादसा, प्राईवेट बस चालक के खिलाफ केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक:** कस्बा सांपला स्थित सिनियर सैकेंडरी स्कूल के समीप एक बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका चार साल का पौता गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के परिजनों को सौंप दिया और आरोपी बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि महिला राजस्थान की रहने वाली है और अपने परिवार के साथ कस्बा सांपला में गाडियों के श्रृंगार का सामान बेचती है। पुलिस के अनुसार गुरुवार की शाम राजस्थान निवासी जरीना अपने चार साल के पौते को लेकर स्कूल के समीप से वापिस गली की तरफ आ रहा था। इसी दौरान बस नंबर एचआर55-एई-8330 ने पीछे से महिला को कुचल दिया, जिससे महिला की गोद में चार साल का बच्चा भी गंभीर रुप से घायल हो गया। इसी दौरान लोगों ने दोनों को बस के नीचे से निकाला और पीजीआई में भर्ती कराया, जहां पर डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसी बीच सूचना मिलने पर पुलिस पीजीआई पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। घायल बच्चे की हालत भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस संबंध में बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### आधार कार्ड बनाने के नाम पर सीएससी सैंटर संचालक से ठगी

**फतेहाबाद।** शहर के लाल बत्ती चौक के समीप सीएससी सैंटर चलाने वाले युवक से साइबर ठगों ने आधार कार्ड आईडी बनाने के नाम पर हजारों की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित युवक द्वारा फतेहाबाद पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। शुक्रवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक नगर फतेहाबाद निवासी जगदीश ने कहा है कि वह लाल बत्ती चौक पर सीएससी सैंटर चलाता है। गत दिवस उसके पास फोन आया कि वह उसकी आधार कार्ड सुधार की आईडी बना देंगे जिससे कि वह आधार कार्ड में गलतियों को ठीक कर सकेगा। उसी दिन उन्होंने उसकी आईडी बनाकर दी। इसके बाद उक्त युवक ने उससे कहा कि वह 10 हजार रुपये की आधार कार्ड से ट्रांजेक्शन कर ले जिससे उसकी आईडी चालू हो जाएगी और उसे एक हजार रुपये कैशबैक भी मिलेगा। इसके बाद उसने साढ़े तीन हजार रुपये आधार कार्ड के जरिये आइडी में जमा किए। इसके बाद भी हर रोज फोन आता रहा कि वह सात हजार रुपये की राशि जमा करवाएं ताकि उसे 11 हजार की राशि प्राप्त हो सके। इसके बाद उसने 26 अक्टूबर को सात हजार रुपये उक्त लोगों की आईडी में जमा करवा दिए। इसके बाद उसके पास फोन आया कि वह 10 हजार रुपये ओर जमा करवाए ताकि उसे 22 हजार रुपये मिल सके। इस पर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। जगदीश ने इस बारे ऑनलाइन शिकायत कर आरोप लगाया कि अज्ञात लोगों ने उससे आईडी बनाने के नाम पर 10 हजार 500 रुपये ठग लिए हैं। इस मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पटाखे फोड़ने से मना करने पर बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद सेक्टर-18 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गुरुवार की रात पटाखे चलाने से मना करने पर पड़ोसियों ने एक बुजुर्ग को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्य शैली पर भी सवाल उठाए हैं। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मृतक बुजुर्ग के बेटे विनोद के मुताबिक गुरुवार की रात उनके पड़ोस में रहने वाले राजू, धीरज और नंदू बड़े-बड़े पटाखे उनके घर के आगे फोड़ रहे थे। जिनके चलते उनके पिता ने उन्हें पटाख फोड़ने से मना किया।

# दो चोर गिरफ्तार, चोरी की दस मोटरसाइकिल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने दो युवकों को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनके चोरी की दस मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।
शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट के इंचार्ज सुखविंद्र सिंह ने बताया की उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक चोरी की बाइक बेचने के लिए यमुनानगर से वाया कालानौर होते हुए सहारनपुर उत्तर प्रदेश की तरफ जाएंगे । सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत कलानौर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी। कुछ देर के बाद दो युवक एक मोटर साइकिल पर सवार आते दिखाई दिये। शक के आधार पर दोनों आरोपी युवकों को रोककर जांच की। जांच के दौरान आरोपी युवक बाइक के कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाये । गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि यह बाइक उन्होंने 23 सितम्बर 2023 को जेपी अस्पताल यमुनानगर से चोरी की थी। पूछताछ में जिनकी पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के गांव छापुर निवासी नितिन व आदेश पाटिल के नाम से हुई।

# मोक्ष कल्याणक दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक दिवस धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहर के जैन मंदिरों में पूजा अर्चना की गई और भगवान के चरणों में श्रधालुओं ने निर्वाण का लड्डू अर्पित कर सर्व समाज के कल्याण की कामना की। सेक्टर 15 सिथत जैन मंदिर में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने निर्वाण का प्रथम लड्डू अर्पित करते हुए बधाई दी और कहा कि मोक्ष कल्याणक उस दिन का प्रतीक है जब भगवान ने जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि कलयुग में मोक्ष प्राप्ति के लिए धर्म, अर्थ और काम के रूप में जाने वाले तीन मार्गों का अनुसरण करना होगा। राजीव जैन ने आगे कहा कि भगवान महावीर ने हमें अहिंसा, करुणा और सत्य की शिक्षा दी तथा जाती, धर्म एवं लिंग भेद का विरोध किया।
उन्होंने कहा की भगवान महावीर की शिक्षाएं आज 2600 वर्षों के बाद भी प्रांसगिक है उन पर हमें अम्ल करके मानव जीवन को सार्थक करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का सन्देश था कि मन, वचन एवं कर्म से हिंसा मत करों इसी से समाजवाद कि स्थापना होगी।
कार्यक्रम में कविता-राजीव जैन तथा पुत्र दिव्यांक का मुकुट पहनकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेश जैन, टीनू जैन, पीयूष, सौरभ, उषा जैन, रश्मि जैन, राजेश जैन, प्रवीन जैन, संजीव, अंजू जैन, पवन जैन, डॉक्टर आकांक्षा, डॉक्टर अनिल जैन, सारिका जैन, संजय जैन आदि उपस्थित रहे।



**धूमधाम**
▶▶ मोक्ष कल्याणक उस दिन का प्रतीक है जब भगवान ने जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति प्राप्त की थी: राजीव

# केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने किया बंधवाड़ी कचरा प्रबंधन प्लांट का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केन्द्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल स्वच्छता के प्रति गंभीरता व सजगता से कार्य करने का संदेश लेकर गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी कचरा प्रबंधन प्लांट का दौरा करने के लिए पहुंचे। उन्होंने प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा प्रबंधन के कार्य में और अधिक तेजी लाएं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम व फरीदाबाद दोनों शहरों की कचरे की समस्या का समाधान करने की दिशा में केन्द्र व राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके तहत बंधवाड़ी में लीगेसी कचरे के निस्तारण की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है तथा निर्धारित समयावधि में पूरे लीगेसी कचरे का निस्तारण करके प्लांट को कचरा मुक्त करने की दिशा में प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएनएल) के साथ बंधवाड़ी में कचरे से चारकॉल बनाने का प्लांट स्थापित करने के लिए एमओयू किया जा चुका है।



# केंचुआ फार्म पर लोन के नाम पर किसान से लाखों ठगे

**फतेहाबाद।** केंचुआ फार्म पर एक करोड़ का लोन करवाने और 80 प्रतिशत सबसिडी दिलवाने के नाम पर एक युवक ने गांव अहरवां के किसान से लाखों रुपये ठग लिए। इस बारे पीड़ित किसान की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद में केस दर्ज किया गया है। शुक्रवार को पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव अहरवां निवासी हरजिन्द्र सिंह ने कहा है कि करीब दो महीने पहले अमनदीप पुत्र धर्मपाल निवासी रतिया से उसकी मुलाकात हुई।

# सीएम ने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हरियाणा विकास के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। हरियाणा आज कहीं आगे पहुंच चुका है, चाहे प्रदेश की आर्थिक स्थिति हो, औद्योगिक प्रगति हो या फिर समाज को सेवाएं देने की बात हो, हरियाणा ने अपना परचम लहराया है। हरियाणा विकास और उन्नति के पथ पर नॉन स्टॉप आगे बढ़ता रहेगा। आज जारी एक संदेश में नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा वीर जवानों, मेहनतकश किसानों और खिलाड़ियों की धरा है। हमारे जवान, किसान और खिलाड़ी राज्य की विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में हमारी डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के साथ हरियाणा एकझहरियाणवी एक की भावना से काम किया है और राज्य के विकास को चरम पर पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हम प्रधानमंत्री जी के साथ मिलकर हर संभव प्रयास करेंगे और इस यात्रा में हरियाणा अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने हरियाणावासियों से अपील की कि वे हरियाणा को भविष्य में भी नवीन तकनीक व प्रौद्योगिकी से लैस दुनिया का सर्वाधिक विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में अपना योगदान दें ताकि प्रदेश और अधिक खुशहाल और समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर, 1966 को पंजाब से अलग होकर जब हरियाणा अलग राज्य बना था तो उस समय संसाधन सीमित थे जबकि आज हरियाणा विकास व उन्नति के मामले में कहीं आगे निकल चुका है। हरियाणा ने कृषि के अलावा औद्योगिक क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति की है। इतना ही नहीं, खेलों के क्षेत्र में पूरी दुनिया में हरियाणा का डंका बज रहा है। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ी अधिक से अधिक पदक लाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार हरियाणा में विकास की गति में और तीव्रता लाएगी ताकि लोगों के जीवन को सरल व सुगम बनाया।

**विकास पथ पर**
▶▶ हरियाणा विकास के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल, विकास और उन्नति के पथ पर नॉन स्टॉप आगे बढ़ रहा

# रन फॉर यूनिटी में उत्साह व उमंग के साथ दौड़े गुरुग्रामवासी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती पर जिला गुरुग्राम में सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड में राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। दीपावली पर अवकाश होने के बावजूद युवा बड़ी संख्या जोश व उत्साह से लबरेज दिखे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह व गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे। रन फॉर यूनिटी का आयोजन सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड में प्रातः 7 बजे किया गया, जिसमें करीब 10 हजार से अधिक धावकों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ लेकर 5 व 10 किलोमीटर की रेस में भाग लिया व राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मनोहर लाल ने मैराथन में शामिल धावकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2014 में शुरू किया गया अभियान, सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान से स्वतंत्र भारत के राजनीतिक एकीकरण में और भारत की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है।
यह दिवस विविधता में एकता के महत्त्व को रेखांकित करने के साथ-साथ भारतीय समाज के विविध पहलुओं, जैसे धर्मों, भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को दशार्ता है और उनकी सराहना करता है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजो की कुटिल चाल के बावजूद वह सरदार पटेल की महानतम देन थी कि उन्होंने 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय करके भारतीय एकता का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत एक संयुक्त देश की स्थापना के लिए सरदार पटेल ने जो काम किया था उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद भारतीय जनमानस में जम्मू कश्मीर में लागू धारा 370 को लेकर जो टीस थी, उसे भी सरदार पटेल की विचारधारा को समर्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हटाकर देश को पुनः एकता की डोर में पिरोया है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई रन फॉर यूनिटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उसके लिए देश के 140 करोड़ लोगों व हरियाणा के लोगों का दायित्व बनता है कि वे सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर संकल्प लेते हुए उनके सपने को साकार करने में आगे बढ़ें। विकसित भारत बनाने में हरियाणा का महान योगदान होगा।
मुख्यमंत्री वीरवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रन फॉर यूनिटी का हिस्सा बने लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर रन फॉर यूनिटी में स्वयं दौड़ लगाते हुए भारत की एकता और अखंडता को और मजबूत करने का संदेश भी दिया।



# पुलिस को मिली बड़ी सफलता, काला धन विदेश भेजने वाला काबू

## फर्जी कंपनियां बनाकर विदेशों में काला धन भेजने वाले आरोपियों को पहुंचाया सलाखों के पीछे, अनुसंधान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** पुलिस की राज्य अपराध शाखा ने संगठित अपराध के एक ऐसे मामले को सुलझाने में सफलता हासिल की है जिसमें आरोपियों द्वारा फर्जी कंपनियां बनाते हुए विदेशों में अवैध तरीके से काला धन भेजा जा रहा था। जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा लगभग 700 करोड़ रुपए अवैध तरीके से विदेशी कंपनियों के खातों में भेजे जा चुके थे। इस मामले में अब तक सात आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है जबकि पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की गई है।
**क्या था मामला-** हरियाणा पुलिस को इस बारे में 18 मार्च 2024 को एक शिकायत प्राप्त हुई थी। प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के दिशा निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध शाखा तथा पुलिस उपायुक्त गुरुग्राम नीतीश अग्रवाल की अध्यक्षता में विशेष अनुसंधान टीम (एसआईटी) गठित की गई। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपीगण संगठित होकर डमी डायरेक्टर्स के नाम कंपनियां रजिस्टर्ड करवाते थे। इन कंपनियों के डायरेक्टर के बैंक अकाउंट बैंक कर्मियों से सांठगांठ करके व्यक्तिगत तथा ईकेवाईसी के माध्यम से खुलवाए जाते थे और उन अकाउंट के एटीएम कार्ड, नेट बैंकिंग पासवर्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल सिम अपने पास रखकर उन अकाउंट्स को खुद ऑपरेट करते थे। डमी डायरेक्टर्स के नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाई गई कंपनियों का विदेशी कंपनियों के साथ बिजनेस दिखाकर गुजरात तथा मुंबई के बंदरगाहो (पोर्ट) पर विदेश से माल मंगवा कर इसे आयात तथा निर्यात करते थे। इस दौरान इनवॉइस बिल में सामान की कीमत को बाजार की कीमत से कई गुना ज्यादा दर्शाकर भारतीय मुद्रा को विदेशों में भेजते थे और अवैध तौर पर प्रति डॉलर मोटा कमीशन वसूल करते थे। आरोपियों द्वारा कंपनियों के बिजनेस परिसर, बैंक रिकॉर्ड, आरओसी एंड सीजीएसटी रिकॉर्ड व आयात-निर्यात संबंधित दस्तावेजों में अलग-अलग दर्शाए जाते थे ताकि राजस्व आसूचना के निदेशक, कस्टम विभाग, प्रवर्तन निदेशालय तथा केंद्रीय जीएसटी आदि विभागों की पकड़ में ना आ सके।



**शिकंजा**
▶▶ आरोपियों द्वारा लगभग 700 करोड़ रुपए अवैध तरीके से विदेशी कंपनियों के खातों में भेजे जा चुके थे

# दीपावली बना वैश्विक प्रकाश पर्व, बढ़ा भारत का मान-सम्मान : मनोहर लाल खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**एमजे** आर संस्थान पानीपत में जिला स्तरीय दिवाली मिलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा विशेष अतिथि रहे। शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता और पूर्व सांसद संजय भाटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पूर्व मेयर अवनीत कौर और केंद्रीय मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल के पानीपत प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा अति विशिष्ट अतिथि रूप में मौजूद रहे। भाजपा ज़िला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय ऊर्जा



मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दीपावली पर्व सुख समृद्धि का शुभ संदेश देता है और दीपावली का यह अनूठा उत्सव अब वैश्विक प्रकाश पर्व के रूप में विश्व के अधिकतर देशों में मनाया जाने लगा है।दीपावली भारत और भारतवंशियों की उन्नति के साथ-साथ प्रत्येक भारतीय वस्तु में विश्व मानव की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। इसलिए सभी प्रबुद्ध नागरिकों को विशेषकर युवा वर्ग को भारत को वर्ष 2047 से पूर्व शिक्षित और विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए ताकि देश के स्वतंत्रता सेनानियों का समृद्ध भारत का सपना साकार हो सके। उन्होंने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा ने विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से भाजपा को जीत दिलाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि के लिए वे जहां हरियाणा की जनता को बधाई देते हैं वहीं हरियाणा के सभी पार्टी पदाधिकारियों और पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं का आभार भी व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि गत 10 वर्षों के दौरान भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय और प्रदेश सरकार ने जहां भारत में विकास और अमन शांति का वातावरण बनाए रखा, वहीं पारदर्शी सुशासन देने का काम भी किया है।

**विद्युत विकास की धुरी, बिजली बचत भी जरूरी**

ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विद्युत विकास की धुरी है और बिजली की बचत ही बिजली उत्पादन के समान है और बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। फिर भी बिजली बचत के लिए लोगों को और अधिक जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को बिना किसी परिवारवाद और भाई भतीजावाद के सभी को सामान लाभ दिया है ताकि अंत्योदय की भावना के साथ हरियाणा को विकास के मामले में प्रथम स्थान पर लाया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा की नई भाजपा सरकार ने जिस प्रकार बिना किसी खर्ची-पर्ची के पहली कलम से प्रदेश के 25000 नव युवकों को रोजगार दिया है, यह भी हरियाणा के इतिहास में पहली बार संभव हुआ है। समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से पंचायती राज संस्थाओं का किसी ना किसी रूप में अस्तित्व कायम रहा है । इसी के दृष्टिगत हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

**खिलाकर कार्यकर्ताओं ने रचा नया इतिहास**

समारोह में ज़िला के सभी पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, पूर्व पार्षद व कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

# हमें वल्लभभाई पटेल की जीवनी को अपने अंदर धारण करना होगा: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**हरियाणा के शिक्षा** पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि महापुरुषों ने देश के लिए बड़ी-बड़ी कुर्बानियां दी है। हमें उन्हें नहीं भूलना चाहिए। सरदार वल्लभभाई पटेल भी ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने देश को मजबूत बनाने में रियासतों को जोड़कर देश का विकास करनी में अहम भूमिका निभाई। यह रन फॉर यूनिटी राष्ट्रीय एकता को लेकर आयोजित की जा रही है इसमें भाग लेने वालों को मैं शुभकामनाएं व बधाइयां देता हूं। मंत्री ने कहा की हमें आज के दिन सरदार वल्लभभाई पटेल की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करके देश को मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। वे गुरुवार को शिवाजी स्टेडियम में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिले के खिलाड़ियों, अधिकारियों व स्कूली बच्चों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पूर्व उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर



उन्हें श्रद्धांजलि दी,राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई व हरी झंडी दिखाकर बच्चों की दौड़ की शुरुआत की। इससे पूर्व उन्होंने तिरंगा फहराया। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया भी मौजूद रहे । उपायुक्त ने भी स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी व इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। शिक्षा पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने इसी कड़ी में राष्ट्रीय एकता दिवस के संदर्भ में शपथ भी दिलाई।

रन फॉर यूनिटी में हजारों बच्चों ने भाग लिया व देश को मजबूत व ताकतवर बनाने का संकल्प लेकर दौड़ लगाई।

मंत्री ने कहा कि बिना विजन के कुछ भी कार्य संभव नहीं है ।भारत को तोड़ने की योजना बनाकर अंग्रेज गए थे लेकिन वो अपने मिशन में सफल नहीं हुए। आज देश ताकतवर देश की श्रेणी में आगे बढ़ रहा है हर क्षेत्र में खास तौर पर युवाओं में जज्ब व जुनून दिखाई दे रहा है। यह देश वल्लभभाई पटेल की धरोहर है। इसकी हमें सुरक्षा करनी है इसको और गति देनी है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड लोगों से सुझाव मांगे थे ताकि देश को आगे बढ़ाया जा सके। उनके सुझाव पर वर्तमान में कार्य भी हो रहा है।

# एक्सीडेंट इनवेस्टिगेशन विंग की टीम को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन)**

**जिला में ब्लाइंड** सड़क हादसों को सुलझाने के लिए गठित टीम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टीम ने पिछले दिनों हुए हादसों में से दो दर्जन ब्लाइंड मामलों को जांच के बाद सुलझा दिया है। इसमें आरोपियों के खिलाफ आगामी उचित कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने टीम को इस बड़ी उपलब्धि पर टीम का हौसला अफजाई करने के साथ सम्मानित किया है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि जिला में घटित हुए सड़क हादसों में से 64 हादसे ब्लाइंड थे। इनको सुलझाना बड़ी चुनौती मानी जा रही थी। इसको स्वीकार करते हुए दो महीने पहले एक्सीडेंट इनवेस्टिगेशन



विंग का गठन किया गया। टीम में एएसआई राजेश के नेतृत्व में एएसआई बलिंद्र, एएसआई बालेश, सिपाही कुलदीप, एसपीओ सतीश, एसपीओ जरनेल को शामिल किया गया। टीम ने घटीत 64 ब्लाइंड हादसों पर काम किया। इनमे घटना स्थल का मौका मुआयना करने के साथ अन्य विभिन्न पहलुओं पर जांच की। दो महिने के दौरान इनमें से 24 ब्लाइंड हादसों को सुलझाने में बड़ी सफलता प्राप्त की। यह टीम अन्य बाकी ब्लाइंड हादसों को भी जल्द ही सुलझा कर पीड़ितों को न्याय दिलवाने के लिए प्रयासरत है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने जिला सचिवालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को उक्त टीम के प्रत्येक जवान को प्रशंसा पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# 'डेंगू केसों की रोकथाम के लिए आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : पूर्व मंत्री सुभाष** सुधा ने कहा कि शहर में डेंगू के बढ़ते केसों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सभी आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डेंगू केसों की रोकथाम के लिए प्रभावित क्षेत्रों से सैंपल लेकर रोकथाम के लिए आवश्यक प्रबंध करें और डेंगू से प्रभावित मरीजों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि डेंगू, मलेरिया व जापानी बुखार जैसी बीमारियों से बचने के लिए लगातार लोगों को जागरुक करें। स्वास्थ्य विभाग की टीमें अलग-अलग एरिया में निरंतर डोर टू डोर जाकर चेक करके लारवा को नष्ट करने के काम करें।

# अपोलो स्कूल में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**वीरता, शौर्य और सादगी** के लिए जानी जाने वाली धरती कोई और नहीं बल्कि हरियाणा की है। हरियाणा दिवस के मौके पर अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टीकल्याणा में कक्षा छठी बी के द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें खूबसूरत मंच संचालन के साथ विद्यार्थियों द्वारा हरियाणा की सभ्यता और संस्कृति पर लघु नाटिका के द्वारा प्रकाश डाला गया। छात्राओं द्वारा हरियाणा की संस्कृति को दिखाता हुआ एक जोरदार हरियाणवी नृत्य पेश किया। विद्यार्थियों ने हरियाणवी गीतों, नृत्यों और नाटकों के माध्यम से हरियाणा की समृद्धि, संस्कृति और परंपराओं को सुर्खियों में लाया।

इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका टंडन ने बच्चों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि हर राज्य की बोली,रहन-सहन,वेशभूषा उसे राज्य की पहचान होने के साथ संस्कृति का भी हिस्सा है। हम विश्व में कहीं पर भी रहें, अपनी संस्कृति और सभ्यता से हमेशा जुड़े रहना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### 5100 किलो गाय के शुद्ध गोबर से भगवान श्री गोवर्धन की 36 फुट की प्रतिमा की पूजा करेंगे श्री अग्रसेन धाम कुंडली में श्रद्धालु



**कुंडली- संस्था के** राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे भारत में प्रसिद्धि पा चुका श्री अग्रसेन धाम कुंडली के पवित्र प्रांगण में गाय के शुद्ध गोबर से निर्मित भगवान गोवर्धन का स्वरूप को पूरे श्रद्धा भाव से तैयार किया जा रहा है श्री अग्रवाल ने बताया कि लगभग 5100 किलो गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन जी की 36 फुट की प्रतिमा एक ऊंची पहाड़ी पर बनाई जा रही है जो श्रद्धा के प्रतीक के साथ-साथ अत्यंत मनमोहक है जिसे देखने के लिए हर वर्ष की भांति हजारों लोग भगवान गोवर्धन जी की परिक्रमा करके श्री बांके बिहारी जी के दर्शन करेंगे ' संपूर्ण स्वरूप को तैयार करने में लगभग 108 घंटे लगेंगे जिसमें बहुत ही अलौकिक सिंगार किया जाएगा ' और श्री अग्रसेन धाम कुंडली में निरंतर 7 दिन 8 भोग अर्पण करके भगवान गोवर्धन जी की पूजा की जाएगी श्री अग्रवाल ने बताया कि धाम कमेटी ने निर्णय लिया है कि शनिवार 2 नवंबर को भगवान गोवर्धन जी की 31 थाल से महा आरती की जाएगी व अन्नकूट के महाप्रसाद से भोग अर्पण किया जाएगा ।

### घर से अवैध पटाखे बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**गन्नौर। शहर के प्रधानावास** मोहल्ले में घर पर अवैध रूप से पटाखे बेचने के आरोप में पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से भारी मात्रा में बम पटाखे बरामद किये गए है। एनसीआर क्षेत्र में पटाखों की बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक लगी हुई है। जिसे लेकर लोगों को समय-समय पर जागरूक भी किया जा रहा है, इसके बावजूद कुछ लोग अवैध रूप से बम पटाखे की बिक्री कर रहे हैं। इस बीच पुलिस टीम को सूचना मिली कि प्रधानावास मोहल्ले में रवि नाम का व्यक्ति अपने घर पर अवैध रूप से पटाखों की बिक्री कर रहा है। जिस पर पुलिसकर्मियों ने दुकान पर छापा मार कार्रवाई की। जहां व्यक्ति के घर से 84 पैकेट रेड स्पार्कल, 20 सुतली बम, 5 सिल्वर लाइट, 5 मयूर लाइट, 5 गंगा जमुना, 5 किटकैट, 1 अवतार पैकेट, 2 एन्टी बंटी बम, 1 सुपर टोन, 2 जंपिंग बटर फ्लो, 1 जिलजील, 1 मैजिक रिंकल साउंड, 1 मेगा डीलक्स व 1 चकरी बम बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित रवि ने बताया कि उसने दिवाली पर बिक्री के लिए पटाखे जमा किए थे। पटाखों को कब्जे में लेते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत केस दर्ज कर लिया।

### महिला को सम्मोहित कर उससे सोने की बाली, लोकेट व नकदी चुराये

**गन्नौर। रेलवे रोड** पर एक महिला को सम्मोहित कर उससे सोने की बाली, लोकेट व नकदी चोरी करने की घटना सामने आई है। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गढ़ी झंझारा गांव की शीला ने बताया कि वह 29 अक्टूबर को वह गन्नौर मंडी में दवाई लेने के लिये आई थी। उसे रेलवे रोड पर बिकानेर की दूकान के पास एक व्यक्ति व महिला मिले। उन्होंने कहा कि उनके पास किराये के पैसे भी नहीं है। उन पर दया आई तो उसने उन्हें 100 रुपये निकाल कर दे दिये। इस दौरान दोनों ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और एक गली में ले जाकर सम्मोहित कर लिया इसके बाद दोनों ने उसके कानो के सोने की बाली, एक सोने का ओम व दस हजार रुपए ले कर फरार हो गए। पुलिस ने शीला की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति व महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ऋषि दयानन्द वेद ज्ञान के वाहकः योगेश दत्त




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन)**

सर्वप्रथम वैदिक विद्वान आचार्य मनु देव जी ने वैदिक मंत्रों से आहुति दिलाकर यज्ञ करवाया सुधा बतरा अनुराग बतरा , मोनिका व आदित्य डावर रणबीर पाल व पूनम पाल एवं राजीव लिखा परिवार मुख्य यजमान रहे कार्यक्रम का शुभारंभ श्री धर्मवीर आर्य ने ध्वजारोहण कर के किया। बिजनौर से आये श्री योगेश दत्त ने अपने मधुर भजनों व उपदेशों से समाँ बांधा। योगेश दत्त ने भजनों के माध्यम से बताया कि ऋषि दयानंद जैसा वेद ज्ञान का वाहक न हुआ है न होगा। ऋषि महिमा के भजनों पर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया वहीं ऋषि बलिदान के भजनों पर लोगों को भावुक कर दिया वैदिक विद्वान तथा आर्य सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने स्वामी दयानंद जी की जीवनी के बारे में बताया तथा सब को वेदों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द के बलिदान को हम वेद मार्ग पर चल कर ही सार्थक कर सकते है इन्होंने कहा कि आज के समय में जो आडंबर का बोल बाल है उसको वेद प्रचार के माध्यम मिटाया जा सकता है।

# जलता हुआ दीपक एक व्यक्ति के निजी संघर्ष की महत्ता को भी अभिव्यक्त करता हैः डा. श्रीप्रकाश

## दीपोत्सव के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा सद्भावना संवाद कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्रः भारतीय दर्शन** में दीपक देह का प्रतिनिधित्व करता है। दीप का विधान ऋग्वेद में मिलता है। दीपक देह है, तेल उसका जीवन और बाती उसकी सांस। जलता हुआ दीपक यानी जीवित मनुष्य। इस मान्यता को हमारे साहित्य, कला और लोक-जीवन में प्रमुख स्थान मिला है। दीपावली के जलते हुए दीपक हमारी आंतरिक जीवंतता को व्यक्त करते हैं। दीपक की झुमती-मदमाती लौ का स्वरूप हमारे द्वारा परिकल्पित आत्मा के स्वरूप जैसा है। इस रूप में ये दीपक आत्मा के आनंद को अभिव्यक्त करते हैं। यह विचार मातृभूमि मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने दीपोत्सव के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित सद्भावना संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपों के प्रज्वलन से



हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाई। बच्चों ने दीपों से सम्पूर्ण आश्रम परिसर को सजाया।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा दीपावली उत्सव भी है और पर्व भी है। उत्सव का संबंध भौतिक आमोद से है। पर्व का संबंध उसके भावनात्मक पक्ष से है, जिसे हम आध्यात्मिक स्पर्श लिया हुआ कह सकते हैं। इसमें हमें नैतिकता और आंतरिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। शायद यही वह मुख्य कारण है, जिसने इसे इस देश का प्रमुख पर्व बना दिया है। दीपावली ही नहीं, बल्कि हमारे यहां की कोई भी पूजा दीपक के बिना संपन्न नहीं होती। पूजा में दीपक तो आरती में भी दीपक। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह पवित्र प्रकाश ही नहीं देता है, बल्कि यह देव के समक्ष आत्मा के उत्सर्ग के भाव को भी अभिव्यक्त करता है।जलता हुआ दीपक एक व्यक्ति के निजी संघर्ष की महत्ता को भी अभिव्यक्त करता है। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा दीपक की ज्योति का प्रकाश हमारे अंतर्मन को अज्ञानता के अंधकार से दीपावली ही नहीं, बल्कि हमारे यहां की कोई भी पूजा दीपक के बिना संपन्न नहीं होती। पूजा में दीपक तो आरती में भी दीपक। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह पवित्र प्रकाश ही नहीं देता है, बल्कि यह देव के समक्ष आत्मा के उत्सर्ग के भाव को भी अभिव्यक्त करता है। इससे बड़ा समर्पण भला और क्या हो सकता है। दीपक के अर्थ का विस्तार यहीं तक सीमित नहीं है। इसके साथ हमारा क्रियापरक संबंध भी है। इसकी ज्योति की पीली आभा हमारी आत्मा को उजास से भरकर एक अलग ही प्रकार की अनुभूति कराती है। यह अनुभूति ज्ञानपरक भी होती है और पारलौकिक भी। यहां ज्योति का यह प्रकाश हमारे अंतर्मन को अज्ञानता के अंधकार से मुक्त करता है।

# गजेंद्र सलूजा को केन्द्रीय मंत्री का प्रतिनिधि नियुक्त होनें पर बधाई देने वालों की मची होड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन)**

**भाजपा के पूर्व जिला** अध्यक्ष गजेंद्र सलूजा को केन्द्रीय ऊर्जा ,आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने जिला पानीपत के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। मनोहर लाल ने सेक्टर 24 स्थित एक निजी संस्थान में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता दीपावली मिलन समारोह में उनके नाम की घोषणा की। नाम की घोषणा होते ही लोगों में बधाई देने वालों में होड़ मच गई। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ समाज के अन्य लोगों तथा सामाजिक संस्थाओं ने गजेंद्र सलूजा को पुष्प गुच्छ भेंट कर,अंग वस्त्र,शाल, चादर ओढ़ाकर तथा तलवार आदि स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया एवं बधाई दी। बधाई देने वालों में



प्रमुख रूप से, मंत्री हरियाणा सरकार कृष्ण लाल पवार एवम महिपाल ढांडा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भाजपा डा अर्चना गुप्ता, पूर्व सांसद संजय भाटिया, जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, विधायक प्रमोद विज व मनमोहन भड़ाना, श्री भगवान अग्रवाल,ईश कुमार राणा,सरदार अमरजीत सिंह कोहली,नीरज राणा, हरीश मलहोत्रा,डा राजबीर आर्य , विनोद छोकर ,तरुण पसरिचा, रमेश सैन, जतिन झोंका,सुमन छाबड़ा,अशोक छाबड़ा, दीक्षित राणा, कैलाश सैनी,नरेश शर्मा, राहुल पंवार, दीपक मल्होत्रा, रवींद्र तुषामड़ एडवोकेट, सचिन धमीजा ईश राणा शामिल रहे। उनके नाम की घोषणा करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि गजेंद्र सलूजा एक ईमानदार , कर्मठ तथा पार्टी के प्रति पूर्णतय समर्पित कार्यकर्ता है। गजेंद्र सलूजा के नियुक्त होने पर जिले के लोगों को काम के लिए दिल्ली नहीं आना पड़ेगा जिससे उनका समय तथा धन दोनो को बचत होगी। मनोहर लाल ने कहा कि गजेंद्र सलूजा जैसे कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता को प्रतिनिधि नियुक्त करके हमें बड़ी खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। विदित रहें गजेंद्र सलूजा किशोर अवस्था से ही भाजपा के लिए कार्यकर्ता रहे। बूथ पर बैठने से लेकर ,मंडल महामंत्री,जिला मीडिया प्रभारी ,जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ,जिला उपाध्यक्ष ,जिला भाजपा अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे।अभी लगातार दो बार से भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख का दायित्व संभाल रहे है साथ ही 2016 से लगातार लोकसभा निगरानी समिति के अध्यक्ष पद पर सेवाएं दे रहे है। यही गजेंद्र सलूजा प्रदेश से बाहर भी पार्टी के प्रचार के लिए जाते रहें है।दो दिल्ली विधानसभा चुनाव,दो बार पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनाव,पंजाब विधानसभा चुनाव तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के प्रचार का कार्य कर चुके है। गजेंद्र सलूजा पानीपत के एक बड़ी बिरादरी लैय्या बिरादरी के प्रधान रहे है तथा वर्तमान में बिरादरी के कार्यकारी प्रधान है। पानीपत सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष के साथ साथ कई अन्य कई संस्थाओं से जुड़े हुए है। गजेंद्र सलूजा बहुत ही विनम्र तथा मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति है। भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा समाज के लोगों में गजेंद्र सलूजा बहुत ही लोक प्रिय तथा सम्मानित है। पार्टी नेतृत्व का आदेश सर्वोपरि मानते है।

# महिला की हत्या में अपनों पर ही शक, पुलिस ने खंगाली सीसीटीवी फुटेज

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतकः दीपावली के** दिन बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में खुलासे के लिए अपराध जांच शाखा सहित दो टीम गठित की गई है। अभी तक इस मामले में कोई ठोस सुराग पुलिस को नहीं मिला है। शुरूआती जांच के आधार पर पुलिस अपने नजदीकियों पर ही हत्या का शक जता रही है और इसी को आधार मानकर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार महम स्थित बड़ा गुरुद्वारा के समीप एक घर में 77 वर्षीय कृष्णा पत्नी रामस्वरूप का शव खून से लथपथ बैड पर पड़ा मिला। घटना का पता उस वक्त लगा जब डिलीवरी बॉय घर पर खाना देने के लिए आया तो उसने आवाज लगाई, लेकिन घर से कोई नहीं निकला। इसके बाद डिलीवरी बॉय घर के अंदर गया तो देखा कि महिला कंबल ओढे लेटी हुई दिखाई दीं, जब महिला को उठाने का प्रयास किया तो वह नहीं उठी। कंबल हटाकर देखा तो उसके सिर पर चोट लगी थी और सिर व नाक से खून निकल रहा था। इसके बाद डिलीवरी बॉय ने शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतका के परिजन धीरज ने बताया कि कृष्णा उसके पिता की बुआ लगती है, जिसकी दो बेटी है। एक बेटी का देहांत हो चुका है, जबकि दूसरी की शादी दिल्ली में की गई है। कृष्णा ने एक बेटे को गोद भी लिया था, लेकिन बाद में गोद लिए हुए बेटे ने साधु का वेश धारण कर लिया, इसके चलते बुजुर्ग महिला घर में अकेली ही रहती थी। पुलिस ने इस संबंध में धीरज की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संपादकीय

# एक देश एक शिक्षा प्रणाली

**जैसे** पूरे देश में एक कर है उसी प्रकार पूरे देश में एक समान शिक्षा भी होनी चाहिए। आरक्षण से 75 साल में नहीं बल्कि 7500 साल में भी सबको समान अवसर नहीं मिलेगा। सबको समान अवसर उपलब्ध कराना है तो 12वीं तक समान शिक्षा (एक देश एक शिक्षा बोर्ड और एक देश एक पाठ्यक्रम) लागू करना होगा। देखा जाये तो स्कूल माफियाओं के दबाव में 12वीं तक एक देश एक शिक्षा बोर्ड लागू नहीं हुआ। कोचिंग माफियाओं के दबाव में 12वीं तक एक देश एक पाठ्यक्रम लागू नहीं हुआ। किताब माफियाओं के दबाव में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान की एक किताब लागू नहीं हुई। समान शिक्षा बिना समता-समरसता मूलक समाज की स्थापना नामुमकिन है इसलिए जिस प्रकार पूरे देश में "एक देश-एक कर" लागू किया गया, उसी प्रकार 10वीं तक "एक देश-एक सिलेबस" भी लागू करना अति आवश्यक है। पढ़ने-पढ़ाने का माध्यम भले ही अलग हो लेकिन सिलेबस पूरे देश में एक समान होना चाहिए और किताब एक होनी चाहिए। वर्तमान समय में स्कूलों की पांच कैटेगरी हैं और किताब भी पांच प्रकार की हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और गरीबी रेखा से नीचे के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, निम्न आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, मध्यम आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, उच्च आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है तथा संभ्रांत वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस बिलकुल ही अलग है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली संविधान की मूल भावना के बिलकुल विपरीत है। यह समता, समानता और समरसता मूलक समाज के निर्माण की बजाय जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, संप्रदायवाद, वर्गवाद, कट्टरवाद और मजहबी उन्माद को बढ़ाती है लेकिन किताब माफियाओं, कोचिंग माफियाओं और स्कूल माफियाओं के दबाव के कारण मैकाले द्वारा बनाई गई शिक्षा प्रणाली आज भी लागू है। यदि बोर्ड के हिसाब से देखें तो सीवीएसई की किताब और सिलेबस अलग, आईसीएसई की किताब और सिलेबस अलग, बिहार बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, बंगाल बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, असम बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, कर्नाटक बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, तमिलनाडु बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, तथा गुजरात बोर्ड की किताबें और सिलेबस सबसे अलग हैं, किताबें और सिलेबस अलग ,तथा पंजाब बोर्ड जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा, इंजीनियरिंग, मेडिकल, रक्षा सेवा, बैंक और अध्यापक पात्रता परीक्षा सहित अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाएं राष्ट्रीय स्तर पर पर होती हैं और पेपर भी एक होता है परिणाम स्वरूप इन प्रतियोगी परीक्षाओं में देश के सभी छात्र-छात्राओं को समान अवसर नहीं मिलता है। भारतीय संविधान के आर्टिकल 14 के अनुसार देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं, आर्टिकल 15 के अनुसार जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, रंग-रूप लिंग और जन्म स्थान के आधार पर किसी भी भारतीय नागरिक से भेदभाव नहीं किया जा सकता है तथा आर्टिकल 16 के अनुसार नौकरियों में देश के सभी युवाओं को समान अवसर मिलना चाहिए। आर्टिकल 17 शारीरिक और मानसिक छूआछूत को प्रतिबंधित करता है और आर्टिकल 19 प्रत्येक नागरिक को देश में कहीं भी भ्रमण करने, बसने और रोजगार-व्यापार करने का अधिकार प्रदान करता है।

# नदी बियानी रेत ओर कंकड़ पत्थर

आत्माराम यादव

"नर्मदा की सहायक -नदिया बियानी अकरा ककरा, नर्मदा बियानी रेत। बूढ़ी बियानी दुई -दुई लोमरी तपोलट बालक, पेट ।। गाय, भैंस या बकरी जब दो दो बच्चे जनती है तब उसके पालने वाले को मिलने वाले सुख को बयान नही किया जा सकता, कारण उसे इन दो बच्चों के पैदा होने से धन वृद्धि का लाभ जो होता है। यहाँ तो नदी अपने दोनों किनारों को रेत, कंकड़ पत्थर से जो मलामाल कर इसे लूटने वालों के गालों पर लालिमा जो ला देती है।
साँची कहो, सांची कहो, सांची कहो, ए हो सरकारवा, क्या चौगुनी नर्मदा तूने देखि। दिव्यता जाकी बड़ी निराली, अंबार रेत के न होवे खाली, लगे रहो दिन रात, नर्मदा सबकी लेखि ॥ यहाँ रेत चोरी कारोबार में लगे लोग नर्मदा मैया पर प्रसादी-भंडारा ही इसलिए कराते है ओर कहते है नर्मदा मैया तू सच में तो मेरी मैया नहीं है"

**यह** सृष्टि बड़ी ही अद्भुत ओर अलोकिक है जिसमें जो जन्मता है वह मरता है। जन्म की इस नैसर्गिक प्रक्रिया में नारी जननी ओर नर जन्मदाता की भूमिका में होते है। इस प्रकृति में यह आवश्यक नही की जन्मदात्री नारी/ स्त्री ही हो, नारी रूप में सृष्टि का पालन पोषण ओर संहार में धरती भी जननी है, प्रकृति भी जननी है, नदिया भी जननी है जीवजन्तु, प्राणी, वनस्पति, पेड़ पौधे ओर लताबेला सभी जननी के रूप में है जो नित नूतन सृष्टि को जन्म देकर जगत को उपहार देते आ रहे है। जिस जाति प्रजाति में नरनारी के संसर्ग से जन्म हो वह उतनी ही अपनी जननी जन्मदाता से संबन्धित ओर सीमाओं में विध्य होती है। पेड़ पोधे जन्म के बाद पतझड़ में अपने पत्तों का परित्याग कर बसंत में फिर हरे भरे तरोताजा हो जाते है। जीवजन्तु, वन्य प्राणी ओर जल के जीवों का भी प्रजनन काल सुनिश्चित है, जिसमें जन्म प्रक्रियाए सुचारु रूप से सदियों से चलती आ रही है। जन्म की प्रक्रिया में कुछ भिन्नताए भी है जहां नर पौधे भी फल को जन्म देकर आहार की व्यवस्था संचालन में सम्मिलित है वही यह सारा जगत इन नर पेड़-पौधो से पैदा फलों के स्वादों के लिए लालायित होता है। परमात्मा की इस सृष्टि में नारी अकेली जननी नहीं फल बीज के रूप में नररूपी वृक्ष भी जननी के रूप में पैदावार करते है किन्तु हम उन्हे नर से पैदा होने से तिरष्कार नहीं करते बल्कि जीवन की आवश्यकता का अंग समझ स्वीकारते है। इन नर पेड़-पौधों की जड़ें भूमि में होने से उनको जननी का श्रेय नहीं मिल पाता है किन्तु वे जननी के रूप में तो है ही । इन नर पेड़ों की ही भांति हमे अनाज देने वाले नर बीज है जो हमारा नित्य का आहार है जिसमें अनाज रूप में गेहूं, चना, धान/चावल, कोदो आदि नर रूप की फसलें है वही फलों में प्रमुखरूप से देखा जाये तो- अंगूर, अन्ननास, अंजीर, आलूबुखारा, आम, अमरूद, करोंदा, केला, खरबूजा, नीबू, संतरा, पपीता, सेब, नारियल जामुन, चीकू, खजूर आदि नर वृक्ष है, जिन्हें हम नारी नहीं मानते है। कुछ पेड़ नारी के नाम की पहचान लिए नारीरूपा स्वीकार्य होकर फल देते है जिसमें इमली, मोसम्मी,लीची, खुबानी ओर सीताफल प्रमुख है, इस वृक्षों के रजस्वला होने के संबंध में मान्यता है की ये जब भी रजस्वला होते है तब उनसे गोंद/गाद की



अतिरिक्त पैदावार होती है जो अधिकांश औषधि के रूप में प्रयोग की जाती है। धरती पर जन्म की इस प्रक्रिया में पेड़ पौधे, फसले, फल, बीज आदि मनुष्य जाति ओर जीवजंतुओं ओर प्राणियों के पालनार्थ भोजन एवं ओषधिरूप में प्राप्त होता है। वनों से पैदा हुई लकड़ी, पहाड़ों ओर नदियों से पैदा हुये पत्थर, रेत गिट्टी आदि खनिज संसाधन का उपयोग नगरों झ गांवों सहित धरा के किसी भी स्थान पर उच्च इमारतें- कल कारखाने आवासीय भवनो आदि के लिए किया जाता है। हर साल इन जीवजंतुओं प्राणियों, मनुष्यों के साथ यह प्रकृति ओर सभी नदियां भी गर्भ धारण करती है, अर्थात नदियां भी पेट से होती है ओर रेत, कंकड़ पत्थर सहित अन्य उत्पाद वरदान में देती है।
धरती माँ नारी रूप में देवताओं द्वारा संबोधित है, यह भूदेवी धरती माँ भी साल में तीन दिन के लिए रजस्वला होती हैं जिसकी पौराणिक मान्यता है ओर ओर भगवान विष्णु की पत्नी के नाम पर ओडिशा के लोग आषाढ़ मास के तीन दिन इनके रजस्वला मानते है। इन तीन दिनों के लिए राज्य में कृषि संबंधी सभी कार्यों को रोककर इस समय को "रज" या "रजो" त्यौहार के तौर पर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दौरान धरती मां का प्रतीक मानकर सिल बट्टे की पूजा होती है और मिट्टी से जुड़े कार्य नहीं किये जाते। इस दिन भगवान सूर्य देव वृषभ राशि से मिथुन राशि में विचरण करते हैं जिसका विभिन्न राशियों पर भी असर होता है। मान्यता है रज संक्रांति के बाद ही बारिश की ऋतु की साल में एक बार धरती माता भी रजस्वला होती है। इसी तरह नदी ओर नदों का जिक्र है ओर कल्हण की राजतरंगिणी में नदियों के रजस्वला होने का उल्लेख है जब सूर्य देवता कर्क और सिंह राशि पर होते हैं तब नदियाँ रजस्वला होती हैं।यह मूल वचन महर्षि अत्रि का है --सिंह कर्कट योर मध्ये सर्वा नद्यो रजस्वला ।तासु स्नानं न कुर्वीत वर्जयित्वा समुद्रगाः ।। भारत में ग्यारह नदियों को पवित्र माना गया है। ये हैं-- गंगा, महानदी , तापी , कृष्णा, वेणी , गोदावरी , तुंगभद्रा,ताम्रपर्णी , कावेरी ,रेवा (नर्मदा) और गोमती जिसे लेकर महर्षि देवल इन्हे रजस्वला होने के बाद भी पवित्र मानते है। देश में प्रवाहित सारी नदियां कई युगों से बहती आ रही है। हमने नदियों को देवी माँ के स्थान पर रखा है ओर हमे जन्म देने वाले माता-पिताओं को वृद्धाश्रम में रखवा दिये। हम 16 साल में जवान होते है किन्तु नदिया कालजयी है वे समय की सीमाओं से बंधी नहीं होने से हमेशा तरोताजा जवान रहती है। हमारा पूरा जीवन 60 से 100 साल में पूरा हो जाता है ओर मरने के बाद दाहसंस्कार के बाद किसी नदी घाट से समेटी दो मुट्ठी राख में कैद हो जाता है।

कई सदियां बीत गई कई युग बीत गए, हजारों पीढ़िया निकल गई जो नदी जहां बह रही थी वह वही पर बह रही है ओर पूरे वेग से बहते हुये आज भी जवान है जिसका सामना न तो कभी कोई देवता कर सके थे ओर न ही आज किसी के द्वारा करने का प्रश्न पैदा होता है। हाँ धरती पर आई प्रलय, भूकंप आदि बड़े उत्पादों के कारण सेकड़ों नदी ताल अपना अस्तित्व खो चुके है किन्तु गंगा, यमुना, सरस्वती, काबेरी, गोदावरी, नर्मदा, सरयू, ताप्ती आदि युगों से अपने स्थान पर लाखों सालों से अटल है। लाख साल की उम्र के मामले में कहा जाता है की ब्रम्हा का एक दिन व्यतीत होता है तब धरती पर एक युग बदल जाता है यानि हजारों साल निकल जाते है, उस मायने से ये नदिया चिरयुवा ही तो है ओर जब भी ये युवा नदिया अपने प्रबलवेग में आ जाये पलक झपकते ही इंसान की सृष्टि को घास के तिनके की तरह बहा ले जाये। बाबजूद ये नदिया अपने तटीय आवादी को पालन पोषण कर उनकी सुख समृद्धि को उपहार में देती आई है। ये नदिया माँ कही जाती है ओर माँ का यानि नारी का धर्म को निभाती है ओर हर बरसात में जब साधु सन्यासी चातुर्मास करते है तब ये राजस्वला होती है ओर प्रकृति के गर्भ को अपनी कोख में सँजोये इंसान को लौटा देती है, यानि ये सारी नदिया रेत, कंकड़ पत्थर को जन्म देती है। नर्मदापुरम जिला हो या नर्मदा, गंगा के कोई भी तटीय किनारे हो वहाँ पर नदिया रेत का पहाड़ खड़ा कर देती है जिसकी सरेआम लूट को लेकर यह बात सच सावित होती है - नर्मदा उगले सोना बंफर, बम्हन ठकुरा सबई मिल, भर लेऊ अपने डंफर।

नर्मदा की सहायक -नदिया बियानी अकरा ककरा, नर्मदा बियानी रेत। बूढ़ी बियानी दुई -दुई लोमरी तपोलट बालक, पेट ।। गाय, भैंस या बकरी जब दो दो बच्चे जनती है तब उसके पालने वाले को मिलने वाले सुख को बयान नही किया जा सकता, कारण उसे इन दो बच्चों के पैदा होने से धन वृद्धि का लाभ जो होता है। यहाँ तो नदी अपने दोनों किनारों को रेत, कंकड़ पत्थर से जो मलामाल कर इसे लूटने वालों के गालों पर लालिमा जो ला देती है।

साँची कहो, सांची कहो, सांची कहो, ए हो सरकारवा, क्या चौगुनी नर्मदा तूने देखि। दिव्यता जाकी बड़ी निराली, अंबार रेत के न होवे खाली, लगे रहो दिन रात, नर्मदा सबकी लेखि ॥ यहाँ रेत चोरी कारोबार में लगे लोग नर्मदा मैया पर प्रसादी-भंडारा ही इसलिए कराते है ओर कहते है नर्मदा मैया तू सच में तो मेरी मैया नहीं है किन्तु धर्म से तू मैया है। मैया ने तो जन्म देके छोड़ गई है वो तो किस्मत से नर्मदा मैया तू अच्छी मिल गई जो हर साल हमें रेत से मालामाल कर रही है।

## कविता

जगमग दीपोत्सव
की
खुशियों वाली
रात की अगली
सुबह सुबह
गरीब बेसहारा बच्चे
नन्हे फटे हाल,
बड़े बड़े घरों के
लोहे के
बड़े बड़े दरवाजे के
सामने,
बुझे और फूटे हुए
पटाखों के
कागज के बिखरे
हुए अवशेषों से
और अध जलि
फुल झड़ीयों में
रंग बिरंगी
रोशनी खोजते,
फटे हाल बच्चे
दिवाली के दूसरे
दिन
किसी अभिजात्य
कॉलोनी
में फटे बे हाल
घूमते हुए दिखाई दे
जाएंगे,
अर्धनग्न इन नन्हे
बच्चों की किस्मत में
यह अध जले
पटाखे,
फुलझड़ियां
और कभी कभी
बम भी मिल जाया
करते हैं,
दिवाली की सौगात
समझ
खुश हो कर
शुभ दीपावली
मनाते
इन्ही पटाखों के
टुकड़ों के साथ
दिवाली का दिन
मनाने निकल पड़ते
हैं
इन्हें चमकदार,
रोशनी वाली दिवाली,
शायद नसीब नहीं
होती
और नसीब नहीं
होते,
दिवाली में आए
रसदार मीठे फल,
या फिर स्वाद भरी
सूखे मेवे से
लिपटी मिठाईयां,
नए-नए रंगीन महंगे
कपड़े,
इन्हें नसीब होते हैं
चंद

संजीव

# तीसरी आर्थिक महाशक्ति होने का ताना-बाना

संजीव

**भारत ने** चीन के साथ सीमाओं पर होने वाले युद्ध की आशंका को समाप्त करते हुए बातचीत से समझौते का सही रास्ता अख्तियार कर सीमांत मोर्चे पर बजट पर होने वाले चीन से युद्ध की आशंका पर खर्च को काफी हद तक बचा लिया है एवं एक मोर्चे से भारत अब निश्चिंत होकर अपनी आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर हो सकता है। यह तय है कि यदि चीन भारत से युद्ध नहीं कर सकता तो पाकिस्तान की इतनी हैसियत नहीं है कि वह चीन के बिना भारत से युद्ध करने की कभी कल्पना भी कर सके । इन परिस्थितियों में भारतीय अर्थशास्त्रियों का अनुमान है की भारत अब विश्व की तीसरी महाशक्ति बनने से काफी नजदीक पहुंच जाएगा और अमेरिका ब्रिटेन फ्रांस कनाडा जैसे देश जो भारत की प्रगति को बहुत ज्यादा पसंद नहीं करते हैं को भारत चीन के इस समझौते से बड़ा झटका ही लगा है। निश्चित तौर पर ये अंग्रेज देश नहीं जाएंगे कि भारत उनकी बराबरी के साथ खड़े होकर आंखों में आंखें डाल कर बात करे सके। भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत आने वाले समय में एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आएगा। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है'मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है' अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया था। पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं।

## विचार

# गोवर्धन के दिन होती है गौ धन की पूजा

रमेश धमोरा

**गोवर्धन** पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की। दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं। गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते हैः

**कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।।**

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है। अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है। वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था। महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामन की राजा बलि पर विजय और बाद में राजा बलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# एक हत्यारे का इंटरव्यू

रामविलास जांगिड

**एंकर:** नमस्कार! हमारे स्टूडियो में आपका स्वागत है। आदरणीय हत्यारे साहब जी! आपने जिंदगी में एक से बढ़कर एक मर्डर किए। तो बताइए आपने कहां से शुरूआत की, और कैसे यहां तक पहुंचे? हत्याराः जी धन्यवाद! यह सफर बहुत आसान नहीं था। मैं एक छोटे शहर में पैदा हुआ, जहां गरीबी, अपराध और असफलता मेरी जिंदगी का हिस्सा थे। मेरी शुरूआत छोटी-मोटी चोरियों से हुई थी। मेरे दादाजी चाहते थे कि मैं जल्दी ही बड़ा मर्डर करके अपना नाम कमाऊं। एंकरः छोटी-मोटी चोरी से लेकर हत्या तक का सफर... यह बदलाव कैसे हुआ? हत्याराः मेरे दादाजी ने मुझे जीवन में कुछ नया करने के लिए जज्बा दिया। दादाजी तीन बार ग्राम प्रधानी की राजनीति कर चुके थे। वे हमेशा मुझे मर्डर करने के लिए प्रेरित करते रहते थे। हमारे खानदान में यही था, तो मैं जल्दी ही चाकू पर धार लगाना सीख गया।

**एंकर:** आपने परिवार में राजनीति का जिक्र किया। क्या आपको लगता है कि परिवार और राजनीतिक ताकत ही सबसे बड़ी चीज है? हत्याराः बिल्कुल। अगर आपके पास परिवार और राजनीतिक ताकत है, तो लोग आपको इज्जत देंगे, आपका डर मानेंगे। राजनीतिक ताकत के लिए मैंने अपने अंदर के इंसान को खत्म किया। मुझे हमेशा अपने काम में तरक्की की चाह थी। इसके लिए मैंने अपने उसूल खुद बनाए।

**एंकर:** आपकी जिंदगी में सबसे बड़ा मोड़ क्या था?हत्याराः मेरा पहला बड़ा ऑफर था एक नेता का मर्डर! पहले डर लगा, लेकिन जब मैंने काम किया और उसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया, तो मुझे लगा कि मैं इससे भी बड़े काम कर सकता हूँ। उसी दिन से मेरी जिंदगी में बड़ा बदलाव आया। पैसे और पहचान बढ़ने लगी। फिर हर काम के बाद आत्मविश्वास बढ़ता गया। जेल में रहकर भी मैं यह काम आसानी से करने लगा।

एंकरः क्या आपको कभी अपने किए पर पछतावा हुआ?

**हत्यारा:** पछतावा? नहीं, मैंने अपने उसूल खुद बनाए। जिंदगी का सिर्फ एक नियम माना- कभी पीछे मत देखो। जो किया, उस पर अफसोस नहीं। हाँ, कभी-कभी अकेलापन महसूस होता है। लेकिन पछतावा? नहीं। मेरे लिए यह सफर आगे बढ़ने का तरीका है।

**एंकर:** आपके अनुसार, इस 'प्रोफेशन' में सफलता कैसे मिलती है? हत्याराः इस लाइन में सफलता का मतलब है- लोग आपका डर मानें, आपके नाम से कांपें।

# शादी से पहले बर्बादी

डॉ. सुरेश

**आजकल** शादी से पहले की तस्वीरें, यानी प्री-वेडिंग शूट, एक गंभीर सांस्कृतिक अनुष्ठान बन चुका है। पहले लोग मंदिर जाते थे, पंडित से शुभ मुहूर्त निकलवाते थे और माता-पिता के आशीर्वाद लेते थे। अब लोग कैमरा उठाते हैं, और 'सूर्यास्त के समय, हवाई जहाज के पीछे से दौड़ते हुए' की स्टाइल में फोटोशूट करवाते हैं। पहले भगवान के सामने हाथ जोड़ते थे, अब लड़की का हाथ पकड़कर हाईवे पर लहराते हुए फोटो खिंचवाते हैं। और यह सब कम नहीं है, तो अब इसमें 'कला' जोड़ दी गई है झ वह कला, जिसे देखने के बाद खुद कामदेव शर्मा जाएं! एक जमाना था जब शादी से पहले लड़के-लड़की एक दूसरे से बातें करने में भी शरमाते थे, और आज देखिए झ समंदर किनारे गीली रेत में लड़का और लड़की, जैसे कोई नई म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रहे हों। लड़की हवा में उड़ती चुनरी में लिपटी हुई, और लड़का अपने जिम के मेहनत से बने एब्स दिखाते हुए। लगता है जैसे शादी नहीं, बल्कि कोई हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग हो रही हो।
"बाहुबली" के प्रभास भी अपने तलवार वाले स्टंट से कम शरमाते होंगे। और इन तस्वीरों का क्या कहना! फोटोशॉप की कला ऐसी कि लड़का दिल्ली में और लड़की गोवा में होते हुए भी, ऐसा लगे कि दोनों हिमालय पर एक-दूसरे की आंखों में डूबे हुए हैं। प्यार? नहीं साहब, यह तो ड्रोन कैमरा और फोटोग्राफर की कला है। कैमरा एंगल ऐसा कि भगवान भी आकाश से झांक कर सोचें, "बेटा, हमसे तो यह न हो पाएगा।" अब शादी से पहले ये जोड़े ऐसी अदाओं और स्थितियों में तस्वीरें खिंचवाते हैं, जिन्हें देखकर तो रिश्तेदार और दोस्त खुद को मुश्किल से संभालते हैं। घर के बड़े-बूढ़े तो इन तस्वीरों को देखकर सोचते हैं, "अब समय आ गया है कि हम ये दुनिया छोड़ दें।" लेकिन इन तस्वीरों के पीछे क्या कहानी चल रही होती है? कोई नहीं जानता। अरे, ये फोटोशूट सिर्फ दिखावा नहीं होते, साहब! इनमें जो झगड़े होते हैं, वे असली फिल्म से भी बड़े होते हैं। लड़का कहता है, "मैं ये पोज नहीं कर सकता!"

## न्यूज फ्लैश

### जीटी रोड पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, शव को कुचलते रहे वाहन

**गन्नौर। दिल्ली-पानीपत रोड पर** कनक गार्डन के सामने तेज रफ्तार वाहन ने व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। अंधेरा होने के कारण सड़क से गुजरते वाहन शव को रौंद कर निकलते रहे। जिससे उसकी पहचान कर पाना भी मुश्किल हो गया है। राहगीर ने मामले की सूचना बड़ी थाना पुलिस को दी। सूचना पर बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। पुलिस शव की पहचान करने में जुटी है। जानकारी देते हुए बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि लड़सौली निवासी परमानंद ने बताया कि वह दीपावली की रात को टोल की तरफ घूमने जा रहा था। टोल से थोड़ी दूरी ही भीड़ हो रही थी और मौके पर एम्बुलेंस खड़ी थी। उसने देखा कि एक व्यक्ति का शव क्षत विक्षत हालत मे पड़ा हुआ था। जिसके ऊपर से कई वाहन गुजर चुके थे। मृतक की पहचान नही हो सकी। पुलिस ने परमानंद के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाल रही है।

### कर्मचारी से हुई लाखों की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री थाना क्षेत्र** के चौगावां गांव के एक व्यक्ति को लोन दिलाने के नाम पर करीब 2 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित गांव की पंचायत में सफाई कर्मचारी है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि दो लोगों ने उसे लोन दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठ लिए और उसका फोन हैक कर लिया। पीड़ित विशाल ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि 14 जून को अमन और नितिन नाम के दो व्यक्ति उसके घर आए और दावा किया कि वे सफाई कर्मचारियों को कम ब्याज पर लोन दिलाते हैं। विशाल ने अपनी आर्थिक स्थिति के चलते लोन लेने की इच्छा जताई। आरोपियों ने विशाल से आधार कार्ड, बैंक कॉपी, पैन कार्ड, एटीएम की फोटो, पीएफ नंबर और अन्य दस्तावेज मांगें और यह भी कहा कि लोन एक सप्ताह में खाते में आ जाएगा। इसके बाद 21 जून को इन्द्री में मिलने पर आरोपियों ने विशाल से 10 हजार रुपए मांगे और उसका फोन लेकर उसमें ओटीपी और अन्य सेटिंग करने का बहाना बनाकर फोन हैक कर लिया। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने स्टेट बैंक इन्द्री के सामने खड़े होकर पूरा फजीर्वाड़ा किया। उन्होंने नॉर्थन आर कैपिटल बैंक से विशाल के खाते में 1.85 लाख रुपये का लोन डलवाया और फिर उसे तुरंत कश्मीरी नाम के व्यक्ति के एक्सिस बैंक खाते में ट्रांसफर करवा दिया। बाद में जब विशाल ने फोन पे से अपने खाते की जांच की तो खाते में मात्र 1104 रुपए ही शेष थे। बैंक से स्टेटमेंट निकलवाने पर उसे पता चला कि उसके खाते से 1.85 लाख रुपये की बड़ी राशि ट्रांसफर हो चुकी है। विशाल ने ठगी का पता चलने के बाद बैंक में खाता होल्ड करवाया और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल किया। हेल्पलाइन ने उसे 24 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज करवाने का निर्देश दिया। 28 जून को विशाल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इस मामले की शिकायत दी थी। विशाल का कहना है कि कई बार थाने और अधिकारियों से मिलने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। इंद्री जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि दीपावली के दिन एसपी की तरफ से सफाई कर्मचारी विशाल के साथ लोन के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत मिली है। दो युवकों पर आरोप लगाए गए है। मामले की जांच की जा रही है। तथ्य अनुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### गांव बवानिया में रक्तदान शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा दिवस के** उपलक्ष्य में गांव बवानिया में सर्वोदय संगठन के कर कमलों से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी नारनौल के तत्वाधान में किया गया। इस दौरान सिविल जज डॉ. विकास यादव बतौर मुख्यातिथि तथा गुड़गांव ग्रामीण बैंक मैनेजर राजेश शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्यातिथि सिविल जज ने स्वयं भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर ग्रामीणों ने भाग लिया।

# पटेल के विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प ले युवा पीढ़ी: हरविंद्र कल्याण

## बड़ी संख्या में युवा, बच्चों, खिलाड़ियों और शहरवासियों ने लिया हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** महाराजा अग्रसेन चौक पर गुरुवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शिरकत की। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों व आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद,



असंध के विधायक योगेंद्र राणा, भाजपा के जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता मौजूद, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, डीसी उत्तम सिंह मौजूद रहे। जनसमूह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि करनाल ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश व देशभर में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। देशभर में भारत के नागरिक सरदार पटेल को याद कर रहे हैं। यह दिन हम सभी के लिए बहुत खास है। अंग्रेजी शासन से मुक्ति मिली तो हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती देशी रियासतों को एक करने की थी। इन देशी रियासतों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का राजनीतिक कौशल, देश के प्रति समर्पण व एकता का जो भाव था, उससे आज पूरे देशवासियों को सीख लेने की जरुरत है।

**विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को करना चाहिए अपना योगदान**

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम न केवल एक जिम्मेदार नागरिक के नाते अपनी भूमिका निभाएंगे, बल्कि सरदार पटेल के आदर्श और संस्कारों को अपने जीवन में उतारेंगे। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे, तब तक हमारा देश एक पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र होना चाहिए। इसके लिए हम सभी को अपना योगदान देना चाहिए।

**दीपावली व सभी त्यौहारों की दी बधाई**

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सभी प्रदेश व जिलावासियों को दीपावली के साथ-साथ भैया दूज, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस,हनुमान जयंती की बधाई दी।

### लोगों ने की मां लक्ष्मी व इष्ट देवताओं की पूजा अर्चना



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। दीपावली का** त्योहार धूमधाम से मनाया गया। दीपों के इस त्योहार पर युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। घरों में दीप जलाकर पर्व को मनाया गया। वहीं विधायक देवेन्द्र कादियान द्वारा पूरे शहर, रेलवे स्टेशन के अलावा शहर के प्रमुख मार्गों को लड़ियों व लाईटों से सजाया गया। दीपावली पर शहर जगमग नजर आया। विधायक के प्रयास की लोगों ने सराहना की। लोगों ने अपने घरों को दुल्हन की तरफ सजाया हुआ था। शाम के समय मां लक्ष्मी व श्री गणेश का पूजन कर पर्व मनाया। देर रात तक युवाओं ने पर्व पर जमकर आतिशबाजी की। वहीं सुबह से ही दुकानों पर मिठाइयों की जमकर खरीदारी की गई। बाजारों में पर्व को लेकर भारी भीड़ रही। ज्यादा भीड़ होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस भी पर्व को लेकर सतर्क नजर आई।

पर्व को लेकर रेलवे रोड, नगरपालिका रोड, बीएसटी रोड, खुबडू रोड आदि जगहों पर भारी भीड़ देखने को मिली। इसके साथ-साथ लोगों में उत्साह सा दिखाई दिया। सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा शहर में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी।

### सिरसा में दीपावली पर बीस जगह लगी आग

**सिरसा। दिवाली पर्व पर** गुरुवार की रात पटाखों के कारण 20 से अधिक स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई। रातभर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के सायरन लोगों को सुनाई देते रहे। आग लगने की घटनाओं से लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान का अनुमान है। जानकारी के अनुसार गुरुवार रात को शहर के भगवान परशुराम चौक पर स्थित विजय मेडिकल स्टोर में आग लग गई। जानकारी के अनुसार भगवान परशुराम चौक पर विजय मेडिकल स्टोर है। रात की साढ़े सात बजे लोगों को मेडिकल स्टोर से धुआं निकलता दिखाई दिया। लोगों ने इसकी सूचना मेडिकल स्टोर मालिक विजय कुमार व फायर ब्रिगेड को दी।

## बदमाशों ने महिला सरपंच के घर पर की फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में नकाबपोश** बदमाशों ने महिला सरपंच के घर पर दिनदहाड़े फायरिंग कर दी। सरपंच के ससुर को गोलियां लगी हैं। उनको करनाल के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तीनों बदमाश बाइक पर आए थे। फायरिंग के बाद तीनों भाग गए। मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। अजय ने बताया कि मामला दोपहर करीब 12 बजे का है। मैं घर पर ही था। पिता महेंद्र सिंह घर से गली में जा रहे थे। तभी तीन बदमाश आए और फायरिंग शुरू कर दी। उन्होंने तीन फायर किए। दो गोलियां पिता के हाथों में लगी हैं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।



उन्होंने घरवालों को आवाज भी लगाई कि बदमाश आए हैं, छुप जाओ। एक दिन पहले इन्हीं बदमाशों ने रेकी भी की थी। जिसके बाद उन्होंने आज घटना को अंजाम दिया है। फायर करने के लिए 6 आए थे, लेकिन बाद में जब पिता को अस्पताल लेकर आ रहा था तो रास्ते में 6 बदमाश थे। बदमाशों की कोशिश थी कि वे रास्ते में भी हमला करें। अजय ने बताया कि मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ है। हमलावरों के एक लडके की डेथ हो गई थी। उसमें उन्होंने हमारा नाम दिया था, जबकि जांच में हमारी कोई इन्वॉल्वमेंट नहीं पाई गई थी। शायद बदमाशों के मन में किसी तरह का वहम होगा कि लडके की डेथ में हमारा कोई रोल था। घटना के वक्त मैं, मेरा छोटा बच्चा, पत्नी और मां भी मौजूद थी। हादसे के बाद से ही घर में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस को सूचना दे दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शी नरेंद्र ने बताया कि मैं गोली की आवाज सुनकर बाहर आया था। फायर करके बदमाश भाग रहे थे। मैंने एक को पकड़ लिया, लेकिन धक्का मारकर छूट गया। बदमाशों ने मेरी तरफ भी फायरिंग की कोशिश की, लेकिन वे ऐसा कुछ नहीं कर पाए। मेरी उनके साथ हाथापाई हुई। घायल महेंद्र के भाई रामेश्वर ने बताया कि जिन लोगों ने हमारे घर पर फायरिंग की है.

### घर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला के कस्बा** घरौंडा में एक घर में अचानक आग लग गई। आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। हादसे के वक्त पूरा परिवार दीपावली पर खेतों में पितरों की पूजा करने के लिए गया था। आगजनी की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घरौंडा की धर्मबीर कालोनी में रहने वाले मोहन सिंह धीमान का पूरा परिवार हसनपुर रोड पर खेतों में पितरों की पूजा करने के लिए गया था। वहां से पूजा करके मोहन परिवार सहित घर पर आया। जैसे ही उसने मेन गेट खोला तो उसके कुछ जलने की बदबू आई। वह अंदर गया तो घर में आग लगी हुई थी, जिसके बाद पूरे परिवार व आस पड़ोस के लोगों में हडकंप मच गया। पड़ोसियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को कॉल किया गया। कुछ ही समय बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पीड़ित मोहन ने बताया कि उसके घर में अचानक ही आग लगी, जिससे उसके घर का सारा सामान जल गया। गनीमत रही कि घर में कोई नहीं था।

## हरविंद्र कल्याण ने घंटाकरण भगवान महावीर स्वामी मंदिर में नवाया शीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने गुरुवार को करनाल के इंद्री रोड पर स्थित घंटाकरण भगवान महावीर स्वामी के मंदिर में शीश नवाया। उनके साथ इंद्री के विधायक व चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद व पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता भी रही। उन्होंने भी



मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान सभी ने जिज्ञासा जी महाराज व प्रोमिला जी महाराज से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष व विधायकों को उनकी जीत पर बधाई दी और आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

### गांव की सुख-शांति व समृद्धि हेतू किया गया सामूहिक यज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा। गांव डिकाडला** मे डिकाडला आदर्श ग्राम विकास समिति के द्वारा हर माह की भाति इस बार दिपावली के अवसर पर दादा खेड़े पर गांव की सुख-शांति व समृध्दि के लिए हवन कर कामना की गई। हवन का शुभारंभ समिति सदस्य सुरेन्द्र आर्य ने मंत्रोच्चारण के साथ करवाया गया। जिसमे सभी गांव वालो ने मिलकर मंत्रोच्चारण के साथ हवन मे आहुति डालते हुए गांव वालो के लिए मंगल कामना की।इस अवसर पर यज्ञ के यजमान के रूप मे सुमित गाहल्याण रहे। सुरेन्द्र आर्य ने सभी को हवन के महत्व के बारे मे बताया कि हवन करना सभी जीव जन्तु के लिए कल्याणकारी है। हवन के तत्पश्चात समिति प्रधान रोहित डिकाडला ने सभी ग्रामवासियो को दीपावली की शुभकामनाए दी ओर अपने त्योहार को आपस मे सभी ने मिलकर एक साथ मनाए।

## विधायक कादियान ने 115 सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः विधायक देवेंद्र** कादियान ने दिपावली पर अपने कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर नगरपालिका व जेबीएम के करीब 115 सफाई कर्मचारियों का सम्मान करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। विधायक कादियान ने कहा कि सफाई कर्मचारी हमारे असली हीरो है। वे अपने स्वास्थ्य की चिंता किये बिना हर दिन बिना थके अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए गली-मोहल्ले में साफ-सफाई करते है। साफ-सफाई और सुख समृद्धि के त्योहार पर सम्मान पर पहला हक सफाई कर्मचारियों



का ही है। कादियान ने कहा कि आज गन्नौर इन सफाईकर्मियों की बदौलत स्वच्छ और सुंदर सा नजर आने लगा है। पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। जगह-जगह कूड़ा पड़ा रहता था। अब शहर में बाजार खुलने से पहले सफाई हो जाती है। डंप पाइंट से कूड़ा का उठाव होता है। लोगों द्वारा कूड़ा-कचरा इधर उधर फेंकने की बजाय कूड़ेदान में डाला जा रहा है।

## पटाखे जलाने को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। दीपावली की रात जिले** के कलवेहड़ी गांव में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। घटना में एक वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों पक्षों के 8-9 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया।एक पक्ष के पीड़ित ग्रामीण गुरयाम सिंह का आरोप है कि उसके पड़ोस में कुछ नशेड़ी लोग रहते हैं और वे उससे पहले से रंजिश रखते हैं। रात को आरोपियों ने हमारे घर के सामने पटाखे फोडने शुरू कर दिए।



जिससे कहासुनी हो गई और दूसरे पक्ष ने छत से ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। साथ ही हमारी गाड़ी भी लाठी-डंडे और ईंटों से तोड़ दी गई। करीब पांच लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरे पक्ष से बहादुर सिंह का आरोप है कि उनकी लडकी का आरोपियों ने अपहरण कर लिया था, जिसके चलते उन आरोपियों पर पहले सात धाराओं में मामला दर्ज है। तीन लोगों की जमानत हुई है। पुलिस के माध्यम से हमारी बेटी खोज ली गई थी, जिसके बाद हमने शादी कर दी थी। उसके बाद से ही आरोपी रंजिश रखे हुए हैं और हर दिन लड़ाई झगड़ा करने

**तनातनी**

**घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया**

के लिए तैयार बैठे रहते हैं। मेरे बेटे की गाड़ी को तोड़ा गया है। यहां पर घरों में बैठकर युवक स्मैक पीते हैं। दूसरे पक्ष के लोगों का आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने पहले हमारे ऊपर हमला किया है। बुरी तरह से तोडफोड़ की गई है। हमारी तरफ से कोई किसी तरह का झगड़ा नहीं किया गया। मेरी पत्नी और मेरे भाई को चोट लगी हुई है। आरोपी हमारे साथ बहसबाजी रखते है और आते जाते वक्त टोंट कसते है। हमारे चार लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों के बीच हुए झगड़े में गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर भीड़ को इधर उधर किया, जिसके बाद लोगों को शांत किया गया।

पुलिस जब दोनों पक्षों से बातचीत कर रही थी तो उस वक्त भी दोनों के बीच खूब तनातनी नजर आई। इआरवी इंचार्ज बलवान सिंह ने बताया कि कलवेहड़ी गांव में झगड़े की सूचना मिली थी, जिसमें दोनों तरफ से लोग घायल हुए है। दोनों पक्षों को समझाया जा रहा है।

## हाम हरियाणा की छोरी सां, मैं घूम घूम देखूंगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा। हाम हरियाणा** की छोरी सां, मैं घूम घूम देखूंगी सारा हरियाणा, ईसा एंडी म्हारा हरियाणा, आदि प्रचलित गीतों पर नृत्य द्वारा गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा ने हरियाणा दिवस धूमधाम से मनाया। बच्चों ने हरियाणवी नृत्य, गीत, कविता, रागिनी द्वारा सबका मन मोह लिया । जैसे हमारा हरियाणा हर जगह धूम मचा रहा है वैसे ही बच्चों ने स्कूल में अपने रंगारंग कार्यक्रम द्वारा हरियाणा का वर्णन करते हुए धूम मचा दी। बच्चों द्वारा ऐसा रोमांच भरा कार्यक्रम किया गया जिसे देखकर सभी का मन गदगद हो उठा। हरियाणा दिवस



पर हरियाणा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। निर्देशक अनीता धीमान ने कहा कि समय समय पर स्कूल में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में परमवीर, कीर्ति, वीर, शौर्य हाउस के कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा के प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने कहा कि हरियाणा का आदमी हर जगह पसंद किया जाता है। हरियाणावीं खान-पान और संस्कृति की अपनी अलग पहचान है। यहां दूध-दही का

**संस्कृति**

**प्रचलित गीतों पर नृत्य द्वारा विद्यालय समालखा ने हरियाणा दिवस धूमधाम से मनाया**

खानपान है।

हरियाणा के लोगों को मजबूत माना जाता है। यहां पुरुषों के पहनावे में ज्यादातर धोती, गोल बाहों का पुराने रिवाज का कुर्ता, कमीज, पगड़ी पहनते हैं तो वहीं महिलाएं घाघरा, सलवार-कुर्ता, कढ़ाई किया हुआ ओढ़ना पहनना पसंद करती है। वहीं प्राचार्या अभिलाषा ने हरियाणवी वेशभूषा खानपान बोली को बहुत अच्छा बताया। हरियाणवी खानपान सबसे बेहतर है जो पौष्टिकता के साथ-साथ संतुलित भी है। हरियाणा की स्थापना 1 नवम्बर 1966 में हुई थी । आज हम 58 वां स्थापना दिवस बना रहे हैं। हर वर्ष 1 नवंबर को हरियाणा दिवस बड़े ही उत्साह और हर्ष से मनाया जाता है। हरियाणा दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, निर्देशक अनीता धीमान,प्राचार्या डा० अभिलाषा, उप-प्राचार्य रमेश वत्स,प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

## बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में दीपोत्सव मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः बाल भवन** इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में दीपोत्सव मनाया गया। कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों ने इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने भगवान श्री राम के जीवन को साक्षात धरातल पर उतारते हुए मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया। मंच का संचालन कक्षा सातवीं के अंशुल राठी और नौवीं की अंशुल गुर्जर ने किया। दीपावली महापर्व की महिमा बताते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता और समन्विका नेहा सिंधू ने त्योहार के बारे में समझाया कि हमें श्री राम के



जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिस प्रकार उन्होंने अपने पिता के वचन का पालन करने के लिए राज्य का त्याग किया और वन-वन भटके और एक मर्यादित जीवन जीया। उनकी इन्हीं विशेषताओं के कारण ही उनको मयार्दापुरुषोत्तम कहा गया।

नई दिल्ली, 02 नवंबर 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### अनिल विज ने छावनी व शहर के लिए लोकल बस सेवा का किया शुभारम्भ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला :** हरियाणा के उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने प्रदेशवासियो को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अम्बाला छावनी व शहर के लाखों लोगों को 20 सालों के बाद हरियाणा दिवस के पावन अवसर पर लोकल बस सेवा की सौगात दी हैं। इस लोकल बस सेवा के सफलता के बाद नागरिकों को इलैक्ट्रिक बस सेवा की सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी। इस इलैक्ट्रिक बस सेवा से प्रदूषण भी नहीं होगा। इस जिले के नागरिकों को चुनाव जीतने के बाद एस्केलेटर प्रोजैक्ट के बाद लोकल बस सेवा का दूसरा तोहफा दिया गया हैं।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज हरियाणा राज्य परिवहन विभाग अम्बाला की तरफ से लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के पास आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम के बाद कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी व अम्बाला शहर के लिए विभिन्न रूटों पर चलने वाली चार मिनी बसों को हरी झंडी देकर लोकल बस सेवा का शुभारम्भ किया। कैबिनेट मंत्री ने हरियाणा दिवस पर प्रदेश वासियों को बधाई व शुभकामनाएं देने हुए कहा कि एक नवम्बर 1966 को पंजाब से अलग होने के बाद हरियाणा प्रदेश तरक्की की राह पर बहुत आगे निकल चूका है और अब बड़े भाई पंजाब पर तरस आने लगा हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा दिवस पर शहर के लोगों को लोकल बस सेवा की सुविधा दी गई हैं। यह बसें अम्बाला शहर से बोह, बब्याल वाया लघु सचिवालय अम्बाला छावनी, टांगरी बांध, बोह–बब्याल से अम्बाला शहर वाया टांगरी बांध अम्बाला छावनी व लघु सचिवालय, अम्बाला शहर से कलरहेड़ी वाया लघु सचिवालय अम्बाला छावनी, तोपखाना, डिफैन्स कॉलोनी तथा कलरहेड़ी से अम्बाला शहर वाया डिफेन्स कॉलोनी, तोपखाना, छावनी व लघु सचिवालय के रूट पर यह बस सेवा शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इन बसों के बारे में लोगों के सुझाव भी आमंत्रित किए गए हैं। इन सुझावों के बाद बस के रूटों में और सुधार लाया जाएगा। यह बस सेवा हर घटें के बाद लोगों को मिलेगी और 10 रूपए से लेकर 25 रूपए की राशि में लोग अपना सफर तय कर पाएंगें। इससे सालाना सफर करने वाले लोगों को करोड़ो रूपए का आर्थिक फायदा भी होगा, क्योंकि इस रूट पर अब लोगों को 60 रूपए से लेकर 80 रूपए देने पड़ रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इन रूटों पर विदेशों की तर्ज पर बस स्टैण्ड व बस शैल्टर भी बनाए जाएगें। परिवहन विभाग की तरफ से जनसूई हैड में छठे नए बस स्टैण्ड का निर्माण 3 करोड रूपए की लागत से किया जा रहा है और 22 करोड रूपए की लागत से अम्बाल कार्यशाला व उपकेन्द्र नारायणगढ़ में नए बस स्टैण्ड का निर्माण किया जाएगा। इतना ही नहीं अम्बाला शहर बस स्टैण्ड पर 1 करोड़ 45 लाख रूपए की लागत से ग्राउंड लेवल पार्किंग का निर्माण कार्य शुरू हो गया हैं। इस मौके पर एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, आरटीए सुशील कुमार, जीएम रोडवेज अश्विनी डोगरा, सीएमओ डॉ. राकेश सहल, ग्रामीण मंडाध्यक्ष किरण पाल चौहान, मंडल अध्यक्ष बिजेन्द्र चौहान, महामंत्री बीएस बिन्द्रा व संजीव सोनी, महामंत्री आरती सहगल, रवि सहगल, सुभाष शर्मा, श्याम सुन्दर अरोड़ा, अजय बवेजा, बलकेस वत्स, सुदर्शन सहगल, मदन लाल शर्मा, जसबीर जस्सी, नरेन्द्र राणा, अमित धीर, रवि चौधरी, दीपक भसीन, बलविन्द्र सिंह आदि अधिकारीगण व भाजपा नेता मौजूद थे।

# सीएम ने बुजुर्गों और अनाथ आश्रम में बच्चों के साथ मनाई दीपावली

## मैं आपका आशीर्वाद लेने आया हूं और आप लोगों के बीच आकर मुझे बेहद खुशी हुई है: सीएम सैनी

**आशीर्वाद लिया**

**इस मौके पर बुजुर्गों व बच्चों को मिठाई खिलाकर दीपवाली पर्व की शुभकामनाएं दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीपावली पर्व पर जिला कुरुक्षेत्र में लाडवा स्थित बाबा बंसीवाला वृद्ध आश्रम तथा साक्षी बालकुंज आश्रम में जाकर बुजुर्गों व बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। उन्होंने इस मौके पर बुजुर्गों व बच्चों को मिठाई खिलाकर दीपवाली पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने बुजुर्गों व बच्चों को शॉल, फलों की टोकरी तथा मिठाइयां भी वितरित की। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले लाडवा स्थित बाबा बंसीवाला वृद्ध आश्रम में जाकर प्रांगण में माथा टेका। उन्होंने इस मौके पर बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपका आशीर्वाद लेने आया हूं और आप लोगों के बीच आकर मुझे बेहद खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम आज के दिन अयोध्या वापिस लौटे थे और इस अवसर के उपलक्ष्य में दीपावली पर्व मनाया जाता है। अयोध्या में श्री राम जी का भव्य मंदिर बनाया गया है और उसे भव्य तरीके से सजाया गया है।

उन्होंने इस मौके पर बुजुर्गों से यहां पर उनके रहने खाने के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की। इस दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष कुछ वृद्धजनो ने बुढ़ापा पेंशन लगवाने तथा आयुष्मान कार्ड बनवाने बारे आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित उपायुक्त को तुरंत पेंशन व आयुष्मान कार्ड बनाने से संबंधित कार्रवाई कर बुजुर्गों की समस्या को हल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस पावन पर्व के अवसर पर उन्हें जो आशीर्वाद इन बुजुर्गों से मिला हैं, वे अपने आप को इसके लिए सौभाग्यशाली मानते हैं। इसके उपरांत मुख्यमंत्री लाडवा स्थित साक्षी बालकुंज आश्रम पंहुचे। यहां पर उन्होंने आश्रम में रह रहे बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने बच्चों को पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने बारे कहा। उन्होंने कहा कि मेहनत करके ही लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने आश्रम के संचालक से बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। बाल आश्रम के संचालक ने बताया कि यहां पर 15 बच्चे रह रहे हैं और उनको सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। बुजुर्गों व बच्चों ने मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर काफी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि मुख्यमंत्री दीपावली पर्व पर यहां पहुंचे और उनके साथ खुशियां साझा की हैं।

इसके बाद मुख्यमंत्री बाबैन स्थित किसान विश्राम गृह पहुंचे और यहां पर उन्होंने भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों और अन्य गणमान्य लोगों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर मुख्यमंत्री का भव्य अभिनंदन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं, पदाधिकारियों व अन्य का कुशलक्षेम भी पूछा।

उपायुक्त राजेश जोगपाल, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, एसडीएम पंकज सेतिया, भाजपा जिला प्रधान सुशील राणा, लाडवा नगर पालिका की चेयरपर्सन साक्षी खुराना, वृद्ध आश्रम के प्रधान विकास सिंघल, बाल आश्रम के प्रधान शीशपाल मंढान के साथ-साथ भाजपा पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीएम ने नौकरी देकर युवाओंकी दिवाली बनाई यादगार: वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय जनता पार्टी के कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही 24000 युवाओं को नौकरी देकर उनकी दिवाली यादगार बनाने का काम किया है। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने दीपावली के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सैनी को दीपावली की शुभकामनाएं भेंट करने के पश्चात व्यक्त किए।अनिल वर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को दीपावली की शुभकामनाएं भेंट करते हुए श्रीराम दरबार की आकर्षक प्रतिमा और पवित्र श्रीरामचरित मानस की प्रति भेंट की।अनिल वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की समाज कल्याण और जन उत्थान की नीतियों ने जन जन के मन में भाजपा के प्रति अलग ही सम्मानजनक स्थान बनाया है जिसकी सत्यता प्रदेश में तीसरी बार बनी बीजेपी की बहुमत वाली सरकार ने सिद्ध कर दी है।अनिल वर्मा ने कहा कि

**आभार**

**श्रीराम दरबार की आकर्षक प्रतिमा और पवित्र श्रीरामचरित मानस की प्रति भेंट की**

बीजेपी की सरकार में बिना पर्ची, बिना खर्ची के कारण लाखों युवाओं को रोजगार मिलने से लाखों परिवार सही अर्थों में सुखी और संपन्न दिवाली मनाने में समर्थ हुए हैं।अनिल वर्मा ने कहा कि कांग्रेस गरीबी हटाओ का नारा देती है और भाजपा की सरकार उस नारे को सिद्ध करती है।यही कारण है कि कांग्रेस कथनी वाली पार्टी है और भाजपा करनी वाली पार्टी और सरकार है।अनिल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की विनम्रता और कार्यकुशलता की प्रशंसा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सार्वजनिक मंचों पर करते हैं जिससे प्रत्येक हरियाणवी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।अनिल वर्मा ने कामना की कि ये दिवाली देश -प्रदेश और विदेश में रह रहे सभी सनातन प्रेमियों के लिए खुशियों और सुख -समृद्धि वाली हो।

# दीपावली पर मिट्टी के दीये के साथ आत्मिक दीया जगाएं: नीति दीदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी ने बताया दीपावली अर्थात विकारों रुपी रावण के अंत के पश्चात नए सुख की दुनिया का प्रारंभ होता है। एक दीया कई दीयो को रोशन कर सकता है, इसलिए इस दीपावली पर मिट्टी के दीये के साथ आत्मिक दीया जगाएं। अपने आत्मिक स्वरुप को पहचाने। उन्होंने कहा कि दिवाली के कई दिन पहले से ही हम सब सफाई शुरू करते हैं। लोगों से बहुत प्यार से बात करते हैं, अच्छा व्यवहार करते हैं, मगर अंदर मन के कोने में कई पुरानी बातें रखी हुई है। इसलिए जब तक मन की सफाई नहीं होगी, श्री लक्ष्मी का आह्वान हम नहीं कर पाएंगे। श्री लक्ष्मी का आह्वान अर्थात अपने अंदर की पवित्रता को धारण करना। जहां मैल होगी, वहां पवित्रता कैसे आएगी। इसलिए इस दिवाली पर हम सब यही संकल्प करें कि जीवन में कोई भी परिस्थिति आए, उसको शांति, संयम व प्यार से फेस करेंगे, दूसरों को समझेंगे और हम अपने संस्कारों का परिवर्तन करेंगे।

# गोली चलाने के आरोपी को मोटरसाईकिल सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**सफलता**

**फायर करने के बाद वह लड़का अपने साथी के साथ मोटरसाईकिल पर मौके वारदात से भाग गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने ईमिग्रेशन ऑफिस पर गोली चलाने के आरोपी को मोटरसाईकिल सप्लाई करने मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने ईमिग्रेशन ऑफिस पर गोली चलाने के आरोपी को मोटरसाईकिल सप्लाई करने आरोपी सूरज वासी हथौली जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 23 अक्टूबर को साहब सिंह वासी बोढ़ी पीपली जिला कुरुक्षेत्र ने शहर थानेसर पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका वर्ल्डवाइड ईमिग्रेशन नाम से सैक्टर-10 में 2017 से ऑफिस है। आज समय करीब 3.15 बजे एक नौजवान लड़का उसके ऑफिस के बाहर आया और उसके ऑफिस पर जान से मारने के नीयत से 6/7 रौंद फायर कर दिए। फायरिंग की वजह से उसके ऑफिस का मैंने गेट का शीशा टूट गया। फायर करने के बाद वह लड़का अपने साथी के साथ मोटरसाईकिल पर मौके वारदात से भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना शहर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक राम प्रकाश को दी गई। बाद मे मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपी गई। दिनांक 31 अक्टूबर को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी सुरेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देश मे मामले की गहनता से जांच करते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 के उप निरीक्षक गुलाब सिंह , सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, जयपाल, हैड कांस्टेबल मंदीप व कृपाल सिंह की टीम ने ईमिग्रेशन ऑफिस पर गोली चलाने के आरोपी को मोटरसाईकिल सप्लाई करने आरोपी सूरज वासी हथौली जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को अदालत में पेश किया गया ।

# सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने जरूरतमंद परिवारों के बच्चों संग मनाई दिपावली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**समाजसेवा**

**झुग्गी झोपडी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के संग दिपावली के त्योहार को धूमधाम से मनाया गया**

**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा आज कुरुक्षेत्र के सेक्टर 2 में सुन्दरपुर, रतगल वह आसपास झुग्गी झोपडी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के संग दिपावली के त्योहार को धूमधाम से मनाया गया इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने की। कला रागिनी ट्रस्ट द्वारा इन सभी बच्चों को निशुल्क कोचिंग दी जाती है। पवन मित्तल द्वारा वहां उपस्थित सभी को दीवाली की हार्दिक बधाई वह शुभकामनाएं दीं और कहा की दीवाली का ये त्यौहार सभी बच्चों के जीवन मे खुशियां लेकर आए वह आप सभी अपनी जिंदगी मे कामयाब इंसान बने वह आप सभी का जीवन प्रकाशमान हो। इस अवसर पर करीबन 100 जरूरमंद बच्चों अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से उनकी जरूरत का समान जैसे शैम्पू, हेयर ऑइल, टूथपेस्ट , टूथब्रश, रियल जूस वितरित किया गए वह उजार्वान बच्चों को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर कीट प्रदान की गई। सेवा ट्रस्ट के सिटी प्रधान योगेश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है और जो लोग धर्म के इस कार्य में समय समय पर अपनी आहुति डालते रहते है भगवान श्रीराम की उन पर हमेशा कृपया बनी रहती है।

# अम्बाला में धान के खरीद कार्य को किया पूरा: उपायुक्त पार्थ गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला :** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि अम्बाला जिले 15 मण्डियों व खरीद के न्द्रों पर सरकारी व अन्य एजेन्सियों द्वारा अब तक 532064.9 मीट्रिक टन धान को खरीद लिया हैं। इन मंण्डियों में अब तक 87451 किसान 549964.15 एमटी धान लेकर पहुंच चुके हैं। अहम पहलू है कि इन मंण्डियों में एजेन्सियों द्वारा 439610 मीट्रिक टन धान के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सभी एजेन्सियों के अधिकारियों को धान उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मण्डियों से धान खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में जरा सी भी देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही किसानों की फसल के भुगतान राशि भी निर्धारित समयवधि के अन्दर खातों में जमा होनी चाहिए। जो भी एजेन्सी उठान व भुगतान कार्य में लापरवाही बरतेगी उस एजेन्सी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर तक अम्बाला छावनी से 35769 एमटी, अम्बाला शहर से 118162 एमटी, नन्यौला मंडी से 13654 एमटी, साहा मंडी से 57322.1 एमटी, मुलाना मंडी से 57915 एमटी, बराड़ा मंडी से 68470 एमटी धान खरीदा जा चूका हैं। उन्होंने कहा कि तलहेड़ी मंडी से 24157 एमटी, केसरी मंडी से 9165 एमटी, उगाला मंडी से 9228.8 एमटी, सरधेड़ी मंडी से 15689 एमटी, भरेड़ीकलां से 10436 एमटी, नारायणगढ़ मंडी से 58132 एमटी, शहजादपुर मंडी से 28178 एमटी, कड़ासन मंडी से 17800 एमटी, बेरखेडी मंडी 7987 एमटी धान की खरीद का कार्य पूरा किया गया हैं।

# पुलिस ने अवैध असला सहित दो अभियुक्तों को किया काबू

**जीन्द :** धमतान साहिब चौकी के अंतर्गत गांव धमतान साहिब के पास से दो आरोपियों को पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध असला सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान दीपक उर्फ दीपी वासी नंगली थाना सदर टोहाना जिला फतेहाबाद तथा रामदिया उर्फ नितिन वासी नंगली थाना सदर टोहाना जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए चौकी इंचार्ज जसबीर सिंह ने बताया कि उनकी टीम अपराध रोकथाम के लिए भुलण मोड रसीदां रोड, धमतान साहिब पर नाकाबंदी की हुई थी।

# निरीक्षक निर्मल कुमार बने डीएसपी, एसपी ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सरकार ने बुधवार शाम को दिवाली से पहले हरियाणा में 23 इंस्पेक्टर को पदोन्नत कर डीएसपी बनाया है। दीपावली की पूर्व संध्या पर गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) ने आदेश जारी करते हुए 23 इंस्पेक्टर को पदोन्नत कर डीएसपी बनाया बनाया है। जिन्हें डीएसपी बनाया गया उनमें जिला कुरूक्षेत्र के निरीक्षक निर्मल सिंह प्रभारी थाना शाहबाद भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिंगला ने वीरवार को अपने कार्यालय में निरीक्षक निर्मल कुमार को स्टार लगाकर उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत कर-



के बधाई दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की वा दीपावली की शुभकामनाएं दी। पुलिस प्रवक्ता मनजीत पांचाल ने बताया कि जिला पुलिस के निरीक्षक निर्मल कुमार को प्रदेश सरकार ने प्रमोशन देकर डीएसपी बनाया है। जिला निरीक्षक निर्मल कुमार वर्ष 2003 में उप निरीक्षक के पद पर हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। निर्मल कुमार ने कडी मेहनत, लगन व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करते हुए फतेहाबाद, सोनीपत, कैथल, व कुरूक्षेत्र में अपनी सेवाएं दी। वर्ष 2012 मे निरीक्षक निर्मल कुमार जिला फतेहाबाद से जिला कुरूक्षेत्र में आए थे। उसके बाद वर्ष 2019 में उनका तबादला जिला सोनीपत का हो गया था। उसके बाद वर्ष 2021 निरीक्षक निर्मल कुमार का तबादला जिला कैथल से जिला कुरूक्षेत्र का हो गया था। जिला कुरक्षेत्र में वह भिन्न भिन्न थानों में बतौर निरीक्षक तथा सुरक्षा शाखा प्रभारी रह चुके है।

**जिम्मेदारी**

**बुधवार शाम को दिवाली से पहले हरियाणा में 23 इंस्पेक्टर को पदोन्नत कर डीएसपी बनाया**

# हरियाणा के लोगों ने पूरे विश्व में देश का गौरव बढ़ाया: नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**मान सम्मान**

**सभी बच्चों के जीवन मे खुशिया लेकर आए वह आप सभी अपनी जिंदगी मे कामयाब इंसान बने**

**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा आज कुरुक्षेत्र के सेक्टर 2 में सुन्दरपुर, रतगल वह आसपास झुग्गी झोपडी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के संग दिपावली के त्योहार को धूमधाम से मनाया गया।इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने की। कला रागिनी ट्रस्ट द्वारा इन सभी बच्चों को निशुल्क कोचिंग दी जाती है। पवन मित्तल द्वारा वहां उपस्थित सभी को दीवाली की हार्दिक बधाई वह शुभकामनाएं दीं और कहा की दीवाली का ये त्यौहार सभी बच्चों के जीवन मे खुशियां लेकर आए वह आप सभी अपनी जिंदगी मे कामयाब इंसान बने वह आप सभी का जीवन प्रकाशमान हो। इस अवसर पर करीबन 100 जरूरमंद बच्चों अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से उनकी जरूरत का समान जैसे शैम्पू, हेयर ऑइल, टूथपेस्ट , टूथब्रश, रियल जूस वितरित किया गए वह उजार्वान बच्चों को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर कीट प्रदान की गई। सेवा ट्रस्ट के सिटी प्रधान योगेश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है और जो लोग धर्म के इस कार्य में समय समय पर अपनी आहुति डालते रहते है भगवान श्रीराम की उन पर हमेशा कृपया बनी रहती है। उन्होंने ने कहा कि हम सबको इस प्रकार के धर्म के कार्य में बढ चढ कर भाग लेना चाहिए.इस अवसर पर कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने कहा की चारों ओर दीप जले, खुशियां लिए हम घर घर को चले कलारागिनी संस्था निरंतर प्रयासरत हैं खुशीयां बाँटने में इसलिए हमने बनाया दीपावली का खुशियों भरा त्योहार सबके साथ। संस्था के बच्चों ने भाषण, रंगोली, व सुंदर चित्र बनाकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए ' बच्चों को उनके कौशल के अनुसार पुरस्कारों से उन्हें संस्था द्वारा नवाजा गया ' साथ ही अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा कलारागनी संस्था के जरूरतमंद बच्चों को जरूरत का सामान वितरित किया गया इसके लिए वह सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल वह उनकी टीम का बच्चों के साथ दिवाली मनाने व इस सहयोग के लिए धन्यवाद करती है। सेवा ट्रस्ट के जिला महासचिव नरेश शर्मा वह सुरेंद्र शर्मा ने कहा की भविष्य में भी सेवा ट्रस्ट इसी प्रकार ईन जरूरतमंद बच्चों की सहायता करती रहेगी और हर समय एन बच्चों की सहायता के लिए तैयार है। पूर्व प्राचार्य नरेश मित्तल, हरिकृष्ण भारद्वाज, मुकेश मित्तल, रमेश वर्मा ,श्रीमती मीना सुदेश रानी, मोनिका, राहुल, उर्वशी, शुभम, गरिमा, वैशाली, आदित्य,लावण्य, अभिषेक मौजूद रहे

# फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर किसानों को किया जागरूक: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** एसडीएम दर्शन कुमार ने फसल अवशेष प्रबंधन हेतु किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और किसानों से अपील की वह फसल अवशेषों को ना जलायें, इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है। उन्होंने कहा कि वह भारत सरकार की विभिन्न फसल अवशेष प्रबंधन योजनाओं को अपना कर पराली का समुचित उपयोग कर सकते हैं। किसान फसल अवशेष प्रबंधन अपनाएं, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएं। एसडीएम गांव लोहगढ़ व डडयाना में जाकर किसानों के साथ बातचीत कर उनको फसल अवशेषों के प्रबन्धन हेतू जागरूक किया।



उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह पराली को ना जलाएं, अपितु हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा पराली प्रबंधन हेतु दी जा रही १ हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाएं। किसानों को पराली प्रबंधन हेतु विभिन्न कृषि यंत्रों जैसे की सुपर सीडर, जीरो ड्रिल, हैप्पी सीडर, रोटावेटर, मल्चर, रिवर्सिबल प्लो, स्लैशर हेय-रेक, बेलर अपनाने पर विभाग द्वारा १ हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि किसानों को दी जा रही है।

# करनाल में केंद्रीय मंत्री खट्टर ने मनाई दिवाली

## विधायकों के साथ मिलकर मनाया हरियाणा दिवस, जनता ने विपक्ष को दिखाया आइना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज आयोजित** दिवाली मिलन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विधायकों और कार्यकताओं के साथ मिलकर हरियाणा दिवस मनाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हरियाणा की सेवा का दायित्व उन्हें जनता ने सौंपा है और भाजपा सरकार ने प्रदेश में सुशासन का आदर्श स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक अभियान में पेटेंट हीट और लेटेंट हीट अपना-अपना काम करती है। पेटेंट हीट वह होती है, जिसमें सामने से काम होते हुए दिखाई देता है कोई काम करता हुआ दिखता है, लेकिन लेटेंट हीट में बैकग्राउंड की टीम काम करती



है, जो दिखाई नहीं देती। बैकग्राउंड में काम करने वाली टीम की 75 एनर्जी लगती है। उन्होंने कहा कि बिना खर्ची और बिना पर्ची का मुद्दा हर जुबान पर चढ़ा। विपक्षी नेताओं ने भी मुद्दा उठाया, लेकिन उन्होंने अपनों को नौकरियां बांटने की बात कही। विपक्ष ने भी बिना खर्ची और बिना पर्ची के मुद्दा की तुलना की। हुड्डा ने कहा कि हम आएंगे तो पोर्टल को उखाड़ कर फेंक देंगे, लेकिन जो लोग पोर्टल को उखाड की बात कहते हैं, जनता उन्हीं को आईना दिखा देती है। मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा में जनता ने विपक्ष को आईना दिखाने का काम किया। लोकसभा में 99 सीट कांग्रेस लेकर खुश हो गई और हरियाणा विधानसभा में एक झूठी लहर बना दी। कांग्रेस आ रही है कांग्रेस आ रही है, यह नारे लगाए गए और हवा बनाई गई और शोर मचाया। भाजपा का कार्यकर्ता कभी शोर नहीं मचाता, बड़ी ही साइलेंट तरीके से काम करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने 10 साल के विकास कार्यों के नाम पर वोट मांगा। बिना खर्ची-बिना खर्ची का कंसेप्ट जनता का पसंद आया। जनता ने भी साइलेंट तरीके से वोट किया और परिणाम सबके सामने आए और हरियाणा में इतिहास रचा गया और तीसरी बार भाजपा की सरकार आई। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल को केंद्रीय मंत्री बने हुए ज्यादा समय नहीं हुआ, लेकिन दिल्ली के गलियारों में उनकी चर्चा है। आज हरियाणा के हर कोने में बिना पर्ची और बिना खर्ची वाले वाक्य गूंज रहे है। मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश के विकास की एक मजबूत नींव रखी थी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उस विकास की गति को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने व्यवस्थाओं को खड़ा किया है। गरीब आदमी तक जो व्यवस्था पहुंचाने का काम किया है, उसको कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि आज हम सभी कार्यकर्ता समाज की तरक्की के लिए संकल्प लेते है और अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे।

# साढ़े तीन करोड़ की लागत से तैयार हुआ करसिंधु पॉवर हाउस

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद।** गांव कर सिंधु के करसिंधु-बड़ौदा लिंक मार्ग पर 33केवी पॉवर हाउस तैयार हो चुका है। इसके निर्माण पर 350 लाख रुपए के आसपास की राशि बिजली निगम द्वारा खर्च की गई। करसिंधु गांव में पॉवर हाउस बनाने की मांग काफी सालों से की जा रही थी। यहां से करसिंधु गांव के अलावा गुरूकुल खेड़ाए अलीपुरा गांव एवं खेतों में बिजली सप्लाई होगी। तीनों गांव में बिजली लाइन ओवरलोड से लगने वाले कटों से छुटकारा मिलेगा तो अलग-अलग पॉवर हाउस से जुड़े तीन गांवों का अगल से पॉवर हाउस बनने से वहां पर भी लोड कम होने से वहां के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली लाइन ओवरलोड से लगने वाले कटों से राहत मिलेगी। गांव करसिंधु एवं खेतों की बिजली




सप्लाई उचाना अर्बन एरिया के 33केवी पॉवर हाउस से है गुरूकुल खेड़ा, अलीपुरा गांव एवं खेतों की बिजली सप्लाई छात्तर पॉवर हाऊस से है। विनोद, मनोज, सुरेश ने कहा कि काफी सालों से करसिंधु गांव में पॉवर हाऊस बनाने की मांग की जा रही थी।

जिस पर बिजली निगम द्वारा कार्य शुरू किया हुआ था। अब पॉवर हाउस शुरू हो चुका है। यहां से बिजली सप्लाई जोड़ी जानी बाकी है। तीनों गांव की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। गांव, खेतों में जो बिजली लाइन ओवरलोड होने से लगने वाले कटों से छुटकारा मिलेगा तो नियमित रूप से बिजली सप्लाई जारी रहेगी। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि हर किसी के सपनों को पूरा करने का काम सीएम नायब सिंह सैनी करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में हुए एक** सडक हादसे में जहां एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक युवक की पहचान घरौंडा क्षेत्र के गांव गगसीना निवासी 26 वर्षीय सतीश के रूप में हुई है। मृतक के पिता कृष्ण कुमार ने बताया कि 30 अक्तूबर की रात को गांव से आधा किलोमीटर की दूरी पर एक ट्रक खड़ा था। सतीश अपने दोस्त गगसीना निवासी राहुल के साथ बाइक पर खेत में जा रहा था। रात को सामने से किसी गाड़ी की लाइट आंखों पर पड़ी, जिससे आगे का कुछ नजर नहीं आया और बाइक ट्रक में जा टकराई। ट्रक चालक की लापरवाही है कि उसने किसी तरह का कोई इंडिकेटर नहीं दे रखा था। अगर कोई इंडिकेटर होता तो शायद यह हादसा न होता। राहुल के सिर में गंभीर चोटे लगी है और वह करनाल के ही एक प्राइवेट अस्पताल में है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि हादसे में सतीश की मौत हुई है, जबकि राहुल गंभीर रूप से घायल हुआ है। आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### दीपावली के शुभ अवसर पर हर घर में दीप जले- शशि लूथरा

**पानीपत/ (कमाल हुसैन ) समाज सेवी** शशि लूथरा दीपावली के त्योहार पर हर घर में दीप जले इसलिए । उन लोगों को दिए मोमबत्ती और मिठाई बांटी गई ताकि कोई इस त्योहार से महरूम ना रहे और उनके मन में यह ना रहे कि हम दिवाली नहीं मान सके और हम आशा करते हैं कि वे लोग भी अपने घरों में दीप जलाएं लक्ष्मी मां को प्रसन्न करें ताकि लक्ष्मी मां उनको जीने के लिए प्रेरित करें कमाने के लिए प्रेरित करें और वह अपना पेट खुद पाल सके हम कोई नहीं होते देने वाले ऊपर वाला ही होता है, देने वाला लेकिन जब इन लोगों को देखते हैं की दिवाली के दिन यह किसी आशा में बैठे होते हैं। उनको जरूर खुश करना चाहिए हम बड़े-बड़े लोगों को तो उपहार देते हैं अगर हमारी छोटी सी कोशिश से उनके मन में खुशी आ जाए तो हम अपने आप खुश हो जाएंगे । सब लोगों को हमारे और हमारे परिवार की तरफ से दीपावली की शुभकामनाएं

### पार्किंग में खड़ी दो बसों में लगी भयंकर आग

**फरीदाबाद। एनएचपीसी पावर** हाउस के पास पार्किंग में खड़ी दो बसों में गुरुवार देर रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड की दो गाडि?ों ने आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक दोनों बसें जलकर खाक हो चुकी थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक एनएचपीसी पावर हाउस के पास पार्किंग में प्राइवेट ट्रैवल की चार बसें खड़ी थी। जिसमें दो बसों में किसी कारणवश अचानक भयंकर आग लग गई। आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों ने आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग धीरे-धीरे बढ़ती चली गई। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड जब तक पहुंची, बस करीब 70 प्रतिशत आग की लपटों में घिर चुकी थी। करीब 25 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की दो गाडि?ां मौके पर पहुंची फिर जलती हुई बसों के आग पर काबू पाया। सराय थाना प्रभारी रामनिवास ने जानकारी में बताया कि देर रात करीब 12 बजे थाने में सूचना प्राप्त हुई कि एनएचपीसी पावर हाउस के पास पार्किंग में खड़ी दो बसों में आग लगी है। उससे पहले स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गए थे। थाने से मौके पर पीसीआर को भेजा गया था। सभी लोगों ने मिलकर आग बुझाया। दोनों बसों में आग कैसे लगी अभी यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

### हरियाणा में दीपावली की रात कई स्थानों पर लगी आग

**चंडीगढ़। हरियाणा में दीपावली** की रात एक दर्जन स्थानों पर आग लगने की घटनाएं होने से लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। प्रदेश के रेवाड़ी जिले में सबसे अधिक छह स्थानों पर घटनाएं हुई हैं। फरीदाबाद में एनएचपीसी पावर हाउस के पास पार्किंग में खड़ी दो बसों में आग लग गई। आग लगने का कारण आतिशबाजी बताया जा रहा है। मौके पर राहगीरों ने फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार रेवाड़ी के चार गांवों में खेतों में रखी पुलिया में आग लग गई। शहर में बीएमजी मॉल के पास डंपिंग प्वाइंट एमआरएफ सेंटर में भीषण आग लग गई। इसके अलावा आजाद चौक पर एक दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

# मकान की छत ढहने से मलबे में दबा व्यक्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के मद्रासी** मोहल्ले में दिवाली पर पूजा-अर्चना के दौरान एक मकान की छत गिर गई। मकान मालिक मलबे में दब गया। उसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। शाम को यह व्यक्ति अपने परिवार के साथ भगवान की तस्वीर के सामने दीया जलाकर पूजा-अर्चना कर रहा था, जबकि उसका एक बेटा घर के बाथरूम में था और दूसरा खेलने के लिए बाहर गया था। गनीमत रही कि व्यक्ति को ज्यादा चोट नहीं आई। दिवाली पर जहां लोग अपने घरों में खुशियां मना रहे थे, वहीं एक गरीब परिवार के आशियाने की छत ढह गई। घर का मालिक



और मालकिन दोनों ही विकलांग है। मकान मालिक मंगल भीख मांगता है तो उसकी पत्नी दुर्गा प्लास्टिक की बोतल बीनने का काम करती है। घर का सामान मलबे में दब गया है। खाने पीने की चीजें भी मलबे में दब चुकी है। भारी नुकसान पीड़ित परिवार को हुआ है। प्रत्यक्षदर्शी सुरेंद्र व शीला देवी ने बताया कि हम अपने घर में थे और हमें कुछ बड़ा हिस्सा गिरने की आवाज आई। जैसे ही हम घर से बाहर निकले तो पड़ोसी की छत गिरी हुई थी। आनन फानन में हम अंदर पहुंचे, जहां घर के मालिक मलबे में दबा हुआ था। उसका चेहरा बाहर था। इसलिए उसे ढूंढने में ज्यादा देर नहीं लगी। मलबे को एक तरफ हटाया और उसे बाहर निकाला। वह गंभीर रूप से चोटिल हुआ है। पीड़ित अस्पताल में भी नहीं जा सका, क्योंकि उसके पास पैसे ही नहीं है। मंगल की बेटी ने बताया कि वे पांच भाई बहन है, जिसमें से तीन लड़कियां है और दो लडके सबसे छोटे है। तीनों लड़कियों की शादी हो चुकी है। उसके पिता दिव्यांग है और भीख मांगकर गुजारा करते है। दिवाली से पहले मैं घर पर आई थी और सफाई करवाकर गई थी। आज मुझे पता चला कि छत गिर गई है, जिसमें मेरे पिता दब गए हैं, जबकि बाकी सुरक्षित है। सरकार व प्रशासन से अपील है कि सरकार मदद करे और घर की मरम्मत करवा दे।

# प्रेमी संग मिलकर सास को मारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में दिवाली** के दिन महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना ऊंचा समाना गांव की है। मृतका की पहचान 50 वर्षीय सीनो के रूप में हुई है। महिला के मायके पक्ष का आरोप है कि महिला की बहू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या की है। इसके बाद बहू प्रेमी संग फरार हो गई। उनका यह भी आरोप है कि महिला के देवर की भी 8 साल पहले मौत हुई थी, उसका शक भी परिजनों ने बहू पर ही जताया है।

सीनो के भतीजे असमत ने बताया है कि गुरुवार सुबह साढ़े 4 बजे उसकी बुआ नमाज पढ़ रही थी। बुआ की बहू अलीशा ने अपने प्रेमी को घर बुलाकर उसकी हत्या करवा दी। अलीशा का पति प्राइवेट नौकरी करता है और उसकी रात की डयूटी होती है। सुबह जब वह काम खत्म कर घर आया तो उसकी मां घर में मृत पड़ी हुई थी, जबकि अलीशा अपने दोनों बच्चों के साथ घर से गायब थी। असमत ने बताया कि हमें सुबह बताया गया कि बुआ की तबीयत खराब हो गई है। जब हम मौके पर पहुंचे तो मेरी बुआ का शरीर पूरी तरह से नीला पड़ गया। उनके गले पर निशान थे और चेहरे पर मारपीट के निशान थे। हमें पूरा शक है कि उसकी बहू अलीशा ने ही उसके साथ यह किया है। बहू का पड़ोस के किसी युवक के साथ अफेयर है और वह युवक भी घटना के बाद से ही गायब है।

# राज्यपाल ने हरियाणा दिवस पर प्रदेशवासीयों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ : हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को हरियाणा दिवस के अवसर पर हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए हरियाणा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में, राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कृषि, खेल, शिक्षा और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में हरियाणा की जबरदस्त प्रगति की सराहना की और इस प्रगति का श्रेय हरियाणा के लोगों की कड़ी मेहनत को दिया। दत्तात्रेय ने कहा कि "हरियाणा दिवस पर न केवल जश्न मनाने का समय है, बल्कि हरियाणा के लोगों की एकता, भाईचारे और प्रतिबद्धता को दशार्ने का भी क्षण है, जिसने वर्षों से हरियाणा की समृद्ध यात्रा को आगे बढ़ाया है।" राज्यपाल ने भारत की हरित क्रांति में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका और राष्ट्रीय रक्षा और खेल में इसके योगदान पर प्रकाश डाला, हरियाणा प्रदेश ने अनगिनत एथलीट तैयार किए जिन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। श्री दत्तात्रेय ने कहा, "हरियाणा का गौरव यहां के लोगों के समर्पण और देशभक्ति में निहित है, जो राज्य को विकास और एकता का मॉडल बनाते हैं।"

राज्यपाल ने लोगों से भविष्य की पीढ़ियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिक सद्भाव, समावेशिता और सतत विकास की दिशा में मिलकर काम करने का आग्रह किया।

# बदलते मौसम से अस्पताल में बुखार, जुकाम व खांसी के मरीज बढ़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। पिछले 15 दिनों** से मौसम में आए परिवर्तन से सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। स्थिति यह है कि नागरिक अस्पताल की ओपीडी में हर रोज मरीज पहुंच रहे हैं। मौसम में आ रहे उतार चढ़ाव का सर्वाधिक बुरा असर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। इसमें बुखार, जुकाम व खांसी, छाती में दर्द, सांस की बीमारी के अधिक मरीज नागरिक अस्पताल में पहुंच रहे हैं। नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में इस समय प्रतिदिन करीब 100 लोग बुखार, खांसी व जुकाम की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। इस मौसम में बरती जाने वाली लापरवाही सेहत से जुड़ी अनेक समस्याएं भी पैदा कर देती हैं। बता दें कि पिछले एक सप्ताह अलसुबह और रात के समय हल्की सर्दी का अहसास होने लगा हैं। जबकि दिन के समय धूप खिलने की वजह से लोगों को हल्की गर्मी महसूस हो रही है। रात का पारा कम और दिन का पारा चढ़ने की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में हर रोज आने वाले मरीजों भीड़ देखी जा सकती है, इनमें छोटे बच्चों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है। गांवों व शहर दोनों जगह बढ़ रहे मरीज, मच्छर बन रहे वजह मौसम बदलने के साथ सर्दी, जुकाम, खांसी, गले में दर्द, सिरदर्द, शरीर में दर्द, तेज बुखार हो रहा है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से उल्टी-दस्त और बुखार के मरीज भी बड़ी संख्या में अस्पताल में आ रहे हैं। खानपान और रहन-सहन पर ध्यान दिया जाए तो बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है।

# वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर

**पानीपत, (कमाल हुसैन) जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने पानीपत जिला की सीमा में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर प्रदूषण फैलाने वाले कारकों की पहचान कर सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आमजन इन नियमों का पालन करते हुए प्रदूषण नियंत्रण में सहभागी बनने का आह्द्वान किया है। धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 और विस्फोटक अधिनियम, 1884 में नीहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए पानीपत की सीमा में 22 अक्टूबर से 31 जनवरी 2025 तक की अवधि के लिए ग्रीन पटाखों को छोडकर और सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडने.और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए हैं। हरित पटाखे फोडने.की इस प्रकार होगी।

# मेडिकल कालेज में बच्चो की अदला-बदली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कल्पना चावला** मेडिकल कॉलेज में बच्चे की अदला बदली के आरोप लगे है। परिजनों के मुताबिक 8 माह की गर्भवती ममता की डिलीवरी घर पर हो गई थी, जिसको लडका हुआ था। जच्चा और बच्चा की तबियत खराब न हो, इसके लिए दोनों को घरौंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। लेकिन वहां पर मशीनों की सुविधा नहीं थी। इसलिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया था। गुरुवार की रात को ही बच्चा अस्पताल के पास था। आज बच्चे ने टॉयलेट किया था और



उसका डायपर चेंज करना था। जच्चा जब बच्चे का डायपर चेंज करने के लिए गई तो उसे वहां लडका नही बल्कि एक लडकी मिली, जिसका डायपर चेंज करवाया जा रहा था। परिजनों का कहना है कि हमने अपने हाथ से डिलीवरी की थी और अचानक बच्चा कैसे चेंज हो सकता है। घरौंडा की विग कॉलोनी निवासी महिला ममता के पति कुलदीप ने बताया कि उनके पास पहले दो लडके है और हम चाह रहे थे कि घर में एक लडकी हो। अस्पताल में भी कुछ महिलाओं ने पूछा था कि क्या हुआ है, हमने बता दिया था कि लडका हुआ है, लेकिन हम तो लडकी मांग रहे थे भगवान से। परिजनों का आरोप है कि हमें नहीं पता था कि मेरे मुंह से निकले शब्दों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। इतना ही नहीं जो डिलीवरी की फाइल थी, उसमें भी बेबी बॉय ही लिखा हुआ है। हमारे बच्चे को बदला गया है, जिसके बाद से ही पूरे परिवार में अफरा-तफरी मच गई। कुलदीप का आरोप है कि हम जब अस्पताल के स्टाफ से डिलीवरी की फाइल मांगी तो इन लोगों ने घरौंडा वाली फाइल दे दी। अब जबरदस्ती फाइल रख ली है। इतनी बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। अब बच्चे को चंडीगढ़ रेफर करने की बात की जा रही है, लेकिन हम लडकी को लेकर नहीं जाएंगे।

# जरूरतमंद परिवारों के बच्चों संग मनाई दीपावली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सेवा ट्रस्ट यूके भारत** द्वारा आज कुरुक्षेत्र के सेक्टर 2 में सुन्दरपुर, रतगल वह आसपास झुग्गी झोपडी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के संग दिपावली के त्योहार को धूमधाम से मनाया गया इस कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला रागिनी ट्रस्ट से रजनी मधाडिया ने की। कला रागिनी ट्रस्ट द्वारा इन सभी बच्चों को निशुल्क कोचिंग दी जाती है। पवन मित्तल द्वारा वहां उपस्थित सभी को दीवाली की हार्दिक बधाई वह शुभकामनाएं दीं और कहा की दीवाली का ये त्यौहार सभी बच्चों के जीवन मे खुशियां लेकर आए वह आप सभी अपनी जिंदगी मे कामयाब इंसान बने वह आप सभी का जीवन प्रकाशमान हो। इस अवसर पर करीबन 100 जरूरमंद बच्चों अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से उनकी जरूरत का समान जैसे शैम्पू, हेयर ऑइल, टूथपेस्ट , टूथब्रश, रियल जूस वितरित किया गए वह उजार्वान बच्चों को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर कीट प्रदान की गई। सेवा ट्रस्ट के सिटी प्रधान योगेश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है।

# युवक के साथ 20 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के एक** व्यक्ति को विदेश भेजने का झांसा देकर 20 लाख रुपए की ठगी का शिकार बनाया। आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पीड़ित को विदेशी डॉलर के सब्जबाग दिखाए और नकली वीजा और फर्जी दस्तावेज दिखाकर कनाडा का वर्क परमिट दिलाने का लालच दिया। इसके एवज में आरोपियों ने पीड़ित से 20 लाख रुपए ऐंठ लिए। लेकिन जब पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ तो पीड़ित ने आरोपियों से पैसे मांगे। आरोपियों ने उसे एक चेक दिया, जो बैंक में बाउंस हो गया। जब पैसे नहीं मिले तो पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल के बिलौना निवासी गुरविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2022 में उसकी फोन पर आरोपी सुशील कुमार से बात हुई। इसके बाद वह सुशील से मिलने करनाल के सेक्टर 13 स्थित उनके मकान पर गया, जहां पर सुशील की पत्नी अंजली भी मौजूद थी। दोनों ने खुद को विदेशी वीजा एजेंट बताते हुए गुरविंदर को कनाडा में वर्क परमिट दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपियों ने दावा किया कि वे उसे दो साल के वैध वर्क परमिट पर कनाडा भेज देंगे, जहां वह हर माह 2000 डॉलर कमा सकेगा। इस झांसे में फंसकर गुरविंदर ने उन्हें 20 लाख रुपये दे दिए। गुरविंदर के अनुसार पहले आरोपियों ने पांच लाख रुपये एडवांस में मांगे और उसके बाद वीजा व अन्य दस्तावेज के नाम पर 15 लाख रुपये एक्स्ट्रा लिए। आरोपियों ने व्हाट्सएप पर नकली वर्क परमिट की तस्वीरें और फर्जी वीजा दिखाकर उसे भरोसे में लिया। गुरविंदर का पासपोर्ट भी आरोपियों के पास जमा करा लिया गया, लेकिन जब उसने वास्तविक दस्तावेज मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे और समय की दुहाई देते रहे। गुरविंदर ने बताया कि अगस्त 2023 में उसने जब दबाव बनाया तो आरोपियों ने उसका पासपोर्ट वापस कर दिया। सुशील ने गुरविंदर को 20 लाख रुपये का एक चेक दिया और कहा कि इसे जमा कर लो, लेकिन जब गुरविंदर ने चेक बैंक में लगाया तो उसे पता चला कि खाते में पर्याप्त राशि नहीं है और चेक बाउंस हो गया। इसके बाद गुरविंदर ने पुलिस में शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। गुरविंदर ने बीती 30 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद शिकायत को आर्थिक अपराध शाखाए करनाल में भेजा गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों ने गुरविंदर को धमकी दी कि उनका ऊंचे अधिकारियों से संबंध है और उसके खिलाफ झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी।

# विदेश भेजने के नाम पर 4 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल में अमेरिका** भेजने का झांसा देकर एक युवक से 4 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों ने पीड़ित बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर उसे दुबई में फर्जी कंपनी में काम दिलाकर बंधक बना लिया। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और आगे की जांच के लिए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ सेल को सौंप दिया है। करनाल निवासी सत्य प्रकाश ने बताया है कि आरोपी अभिषेक, उसकी पत्नी पिंकी और दो अन्य साथी सुमित व पवन ने मिलकर उनके बेटे अनिकेत को अमेरिका भेजने का झांसा दिया था। बदले में उन्होंने पिंकी के खाते में ऑनलाइन और नकद मिलाकर कुल 5 लाख रुपए ले लिए। अभिषेक और उसके साथियों ने कहा कि अनिकेत को दुबई भेजने के बाद जल्दी ही अमेरिका भेज दिया जाएगा। परिजनों ने आरोपियों पर भरोसा कर रकम दी, लेकिन यह पूरी तरह से ठगी का जाल निकला। सत्य प्रकाश के मुताबिक आरोपी अभिषेक ने अनिकेत को दुबई में फर्जी नौकरी दिलवाकर उसका नाम एक कंपनी के सैलरी खाते में डाल दिया और फिर उसके नाम से 25 लाख रुपए का लोन लिया गया। इतने पर भी ठगों का मन नहीं भराए तो उन्होंने अनिकेत को वहां बंधक बना लिया और पीड़ित परिवार से और भी पैसे मांगने लगे। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि उन्हें और रुपए नहीं दिए गए तो अनिकेत को भारत आने नहीं देंगे और उसे वहीं बंधक बना लेंगे। सत्य प्रकाश ने जब मामले की शिकायत एसपी को दी तो पुलिस ने अभिषेक से पूछताछ की। पुलिस की निगरानी में अभिषेक ने अपना दोष माना और सत्य प्रकाश को दो चेक दिए, जिसमें एक लाख और एक लाख तीस हजार रुपए की राशि का भुगतान होना था। सत्य प्रकाश ने इनमें से एक चेक को बैंक में कैश कराया, लेकिन दूसरा चेक बाउंस हो गया। जब पीड़ित ने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया और कहा कि पुलिस से मामला सुलझाने के लिए रिश्वत दी है, इसलिए उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, जिसमें सामने आया कि बिना किसी वैध परमिट या लाइसेंस के आरोपी ने अनिकेत को दुबई भेजा और वहां उसे बंधक बनाकर परिवार से पैसा वसूला। जांच अधिकारी प्रदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत ठगी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इसके अलावा इमिग्रेशन एक्ट के तहत भी आरोप तय किए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश करते हुए मामला ईओडब्ल्यू सेल को सौंप दिया है।

# हेरिटेज इंडिया परिवार ने गरीबों में दिये कम्बल

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: दो दशकों से** भी ज्यादा समय से सक्रिय हेरिटेज इंडिया परिवार ने हमेशा की तरह इस बार भी दीपावली पर गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन के चेयरमैन अनिल त्यागी ने मुख्य अतिथि और संस्था के आदेश भारद्वाज व एसएचओ यशपाल सिंह व इंस्पेक्टर पदम सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस मौके पर चेयरमैन अनिल त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और संस्था की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था और इसके





पदाधिकारियों की कार्य प्रणाली से हमें प्रेरणा लेकर आगे आना चाहिए। जिस तरीके से निस्वार्थ भाव होकर यह लोग इस तरह के समाज कल्याण कार्यों को अंजाम दे रहे हैं यह अपने आप में एक मिसाल है और मैं उम्मीद करता हूं कि इस संस्था से प्रेरित होकर दूसरे अन्य लोग भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएंगे।108 बेसहारा बुजुर्गो को गोद लेकर उनकी देखभाल करने वाली हेरिटेज इंडिया परिवार नामक इस संस्था के अध्यक्ष एस एन दूबे और संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार एडवोकेट आदित्य भारद्वाज इस संस्था के माध्यम से गोद लिए हुए 108 बुजुर्गो की देखभाल करने के अलावा दूसरे अन्य सामाजिक कार्यों में भी अग्रणीय भूमिका निभाते रहे हैं। इस बार हमारी संस्था के अलावा बाल कलश नागौरी फाउन्डेशन और चंचल वेलफेयर सोसाइटी भी सहयोग कर रही हैं। जिसके चलते हमने अपने 108 बुजुर्गो के अलावा नेत्रहीन महिलाओं के लिए चलाए जा रहे हॉस्टल की दो दर्जन से भी ज्यादा महिलाओं को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। अभी पिछले डेढ़ महीने पहले भी हमारी संस्था ने दिव्यांग लोगों के लिए एक शिविर लगाकर उनकी जरूरत की चीजें उपलब्ध करवाई थी और दिसंबर में भी हमारी एक स्वास्थ्य जांच शिविर लगवाने की योजना बन रही हैं। इस मौके पर चेयरमैन अनिल त्यागी, आदेश भारद्वाज, यशपाल और इंस्पेक्टर पदम सिंह और संस्था से जुड़े एडवोकेट वीरेंद्र गिल, रणबीर सिंह, प्रिंसिपल संतोष पाण्डे, बृजपाल सिंह, संजय भारद्वाज, सुनीता शर्मा, शशि देवी, पी एस रावत, चंदन चौबे, आर पी झा, महाबीर सिंह, महेंद्र पाल सिंह, रेखा देवी, देवेंदर कुमार, राज ठाकुर, माया देवी, सविता राजपूत और मनोज कुमार ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को कंबल और मिठाइयां वितरित की।

## आप नेता तोड़ने में लगे है दिल्ली पुलिस का मनोबलः वीरेन्द्र सचदेवा

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली पुलिस सामान्यता किसी भी क्राइम की घटना के दोषियों को 24 घंटे से 96 घंटे के बीच पकड़ कर मामला हल कर लेती है पर यह दुखद है की निहित राजनीतिक स्वार्थवश सौरभ भारद्वाज आदि आम आदमी पार्टी के नेता दिल्ली पुलिस का मनोबल तोड़ने में लगे रहते हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की पिछले दिनों एक नये तरीके की क्राइम की घटनाएं दिल्ली में हुई हैं जिनमे पीड़ित या मारा गया व्यक्ति भी अपराधिक पृष्ठभूमि का था और साथ ही कुछ ऐसी क्राइम घटनाएं भी हुई हैं जिनमे शामिल व्यक्ति पहली बार क्राइम कर रहे थे। इन दोनों तरह के अपराधिक मामले हल करना काफी कठिन होता, ऐसा ही एक



मामला कल शाहदरा में हुआ जहां जिस व्यक्ति की हत्या हुई उस पर 14 अपराधिक मामले चल रहे हैं और उसी के परिचित ने मात्र 70 हजार के लिए डबल मर्डर करा दिया फिर भी दिल्ली पुलिस ने तुरंत अपराधियों को पकड़ा और मामला हल किया। यह खेदपूर्ण है की आप नेता सौरभ भारद्वाज ने केवल खबरों में बने रहने के लिए कल शाहदरा में हुए मामले को आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उठाया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया को लोगों ने दी बधाई




टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: ऑल इंडिया** वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया को समाज के लोगों ने दिवाली पर बधाई दी और उनका बुके और फूलमाला से स्वागत भी किया। आपको बतादें कि दीपावली पर श्री ढिकोलिया को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से समाजसेवी सतीश टॉक, सुरेन्द्र सूद, पवन चावरिया, ओमदत चंडालिया राष्ट्रीय महासचिव, नरेश कीर सहकोषाध्यक्ष, दीपक हुड्डा, अनिल ढिलौर, जगदीश खैरालिया, भोला शंकर, अशोक बागडी, प्रवीन, दीपक जिंगाला, विजेन्द्र गेचन्द्र, विजय पार्चा, राजू, विशाल नकवाल, पवन पिव्हाल, सुनील सागर गोगलिया, राहुल ढिकोलिया, संजय बहोत, संजय महरौलिया और बंटी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने सभी देशवासियों को दीवाली की बधाई दी और ईश्वर से प्रार्थना की कि ईश्वर सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।

## 'स्कूल रहे खाली, बच्चों ने मनाई आज अपनी दिवाली'

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: दिल्ली में दीपावली** के आयोजन के लिए धार्मिक पंचांगों और विभिन्न संत संगठनों द्वारा 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को दीपावली मनाने की घोषणा की गई थी। जिससे समाज में दो अलग-अलग दिन दीपावली मनाने का असमंजस बना रहा। इसे देखते हुए। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ ने अपने पूर्व अनुभवों के आधार पर 1 नवंबर को अवकाश घोषित करने की मांग और सुझाव दिए थे। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने शिक्षक संघ की इस मांग को अन्य सभी मुद्दों की तरह नजरअंदाज कर दिया। इसका परिणाम यह रहा कि आज दिल्ली के सभी सरकारी विद्यालयों में छत्रों की उपस्थिति नगण्य रही और केवल एक प्रतिशत से भी कम



बच्चे स्कूल पहुंचे, क्योंकि अधिकतर बच्चों के घरों में आज दीपावली मनाई जा रही थी। स्कूल खोलने का यह निर्णय सरकार की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं की अनदेखी का प्रतीक बन गया है। शिक्षकों के लिए नियमावली के अनुसार स्कूल आना अनिवार्य है, इसलिए वे आज खाली स्कूल में बैठे रहे। इस बीच शिक्षकों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की कि केंद्र सरकार द्वारा हाउस रेंट बढ़ाने की घोषणा के बावजूद दिल्ली सरकार ने अब तक उसे लागू नहीं किया, जिससे शिक्षक आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। दिल्ली के स्कूलों में कई वर्षों से काम कर रहे आईटी असिस्टेंट्स का अनुबंध भी अब तक नवीनीकृत नहीं किया गया है, जिससे वे पिछले चार महीनों से वेतन से वंचित हैं। शिक्षा मॉडल के तहत खेल गतिविधियों पर भी ध्यान नहीं दिया गया है, और खेल शिक्षक अपनी जेब से खर्च उठाने को मजबूर हैं। सरकार द्वारा शिक्षकों को टैबलेट खरीदने के लिए 15,000 का खर्च खुद उठाने को कहा गया था, लेकिन अब छह महीने से अधिक बीत जाने के बावजूद शिक्षकों को इस राशि का भुगतान नहीं हुआ है। साथ ही उनके वेतन में से खर्च की गई रकम बढ़े हुए एचआरए का भुगतान और आईटी असिस्टेंट्स के वेतन का बकाया अभी तक लंबित है।

इस स्थिति में शिक्षकों की दिवाली कैसी रही होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। आज खाली बैठे शिक्षकों में इस बात की चर्चा थी।



भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी श्रीमती इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव व अन्य कार्यकर्ता।


## धूमधाम से मनाया गया अंजना वधवा का जन्मदिन

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: चांदनी चौक** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष की धर्मपत्नी सदर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व महासचिव एवं कर्मठ कांग्रेस कार्यकर्ता अंजना वधवा का जन्मदिन मॉडल टाऊन में धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर बिमला सूरी, विनोद वधवा, स्निग्धा वधवा, अनुषा वधवा, दीशिता वधवा, परवीन कक्कड़, गौरव कक्कड़, शिखा कक्कड़, अनिल वधवा, खेतरपाल आरत, खेतरपाल, राज वधवा, आदर्श वधवा, तरुण वधवा, संगीता वधवा, गुलशन साहनी, शारदा साहनी, गौतम साहनी, गरिमा साहनी, अजीत सूरी, नीरू सुरी, पवन कपूर, अनीता कपूर, इंद्रजीत साहनी,





अमिता साहनी, हिमांशु वधवा, रतिका वधवा, अंकित वधवा, कृति वधवा, अदित्य वधवा, निकिता वधवा, अर्जित वधवा, दिव्या वधवा, सौरभ सूरी, गरिमा सूरी, मोहित कपूर, रिया कपूर, विशाल, वृंदा, अंशिका वधवा, आरुष वधवा उपस्थित रहे। इसके अलावा रश्मि वधवा, योगेश वधवा, रूबी वधवा, आरती भसीन, राजिंदर वाधवा, आशा धमीजा, रुचिका आनंद, सोहा साहनी, एक्शन इंडिया के संपादक रवि भारद्वाज, नरेंद्र चुग, नीरज चोपड़ा, जे के डावर, अमित वधवा, संजय सहगल, शैली सहगल, मुकेश सूर्या, अंजना सूर्या, राज रानी शर्मा, निर्भय नरूला, मंजू खरबंदा, कमलेश नरूला, रेणुका चढ़ा, अंकित, चेतन डावर, टीना पूरी, इंदु अरोड़ा, ममता अरोड़ा, आनंद शर्मा, ऊषा अग्रवाल, गोल्डी मालिक, वरुणा गुप्ता, विशाल साहनी, श्वेता साहनी, भूषण विरमानी, जय किशन, भारती, निर्मल बोबल शोभा चौहान, पायल साहनी, तनुज साहनी, रमेश सूरी, शशि सूरी, कंचन कक्कड़, पवन कपूर, अनीता कपूर, मोहित कपूर, प्रिया कपूर, इंद्रजीत साहनी, अमिता साहनी, गुलशन साहनी, शारदा साहनी, गरिमा साहनी, रजत साहनी, जनक आनंद, कमल आनंद गीता, आनंद, वीना बजाज, शिव भसीन, पूनम भसीन, संजय भसीन, सिमी भसीन, संदीप भसीन, मोना साहनी सुशीला, राज कुमार ने भी बधाई दी।

## जहरीली हवा दिल्लीवासियों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर रही हैः देवेन्द्र यादव

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि राजधानी में आम आदमी पार्टी प्रदूषण नियंत्रण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए विंटर एक्शन प्लान को लागू करने में विफल साबित हुई। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा लगातार प्रदूषण रोकथाम की घोषणाएं पूरी तरह खोखली साबित हुई है। सरकार द्वारा पटाखों पर बेन का आदेश पूरी तरह से विफल साबित हुआ। आम आदमी पार्टी की प्रदूषण नियंत्रण पर



विफलताओ के कारण राजधानी गैस चैम्बर बन गई है। आज राजधानी का औसत एक्यूआई 361 गंभीर स्तर पर रहा। देवेन्द्र यादव ने आतिशी सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर वर्ष नाकाम कार्यक्रम लागू करके प्रदूषण को कम करने में विफल रहे है। आज धूल प्रदूषण के विरुद्ध, पानी छिड़काव अभियान को प्रदूषण नियंत्रण की नाकाम कड़ी का हिस्सा बनाने के लिए लॉच किया है, क्योंकि दो सप्ताह पहले भी उन्होंने रेड लाईट ऑन, गाड़ी ऑफ की लॉचिंग की थी, जो पूरी तरह से नाकाम साबित हुआ। उन्होंने कहा कि 'धूल प्रदूषण के विरुद्ध, पानी छिड़काव अभियान' केवल लोगों की आंखों में धूल झौंकने के लिए चलाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 14 नवम्बर 2023 को भी गोपाल राय ने 'विशेष जल छिड़काव अभियान' 70 एंटी स्मॉग गन के साथ चलाया था जो पूरी तरह विफल साबित हुआ था। धूल प्रदूषण को कम करने के लिए इस वर्ष एक विधानसभा में 2 एन्टी स्मॉग गन चलाने की योजना है, जो सिर्फ आंकड़ों में रह जाएगी है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिवाली के बाद एक्यूआई स्तर बहुत खराब श्रेणी से भी अधिक गिर गया हैं और सीपीसीबी रिपोर्ट अनुसार क्षेत्र में जहरीले धुंए की मोटी परत छा गई है।

## दीपावली पर एक दीया शहीदों के नामः हरपाल

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: देश को स्वतंत्र** करवाने में लगभग 7 लाख शहीदों ने कुबार्नी दी थी और न जाने कितने क्रांतिकारियों ने इसमें त्याग और बलिदान देने के पश्चात हमें स्वतंत्रता मिली थी। इसलिए देश के नागरिकों का कर्तव्य बनता है कि वह महत्वपूर्ण अवसरों, त्योहारों पर एक दीया शहीदों के नाम प्रज्वलित करके उन्हें श्रद्धांजलि अवश्य दें। उक्त जानकारी हरपाल सिंह राणा ने दी। शहीद सम्मान अभियान के अध्यक्ष डॉ हरपाल सिंह राणा ने आगे बताया कि इस दीपावली पर शहिद कुशाल सिंह स्मारक, बीसवा मील पर एक दीया प्रज्वलित करके



श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर डॉ. हरपाल सिंह राणा ने इतिहास से जुड़ी हुई कई बातें भी बताई। शहीद सम्मान अभियान के अध्यक्ष डॉ हरपाल सिंह राणा पिछले कई वर्षों से स्मारक पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते रहे हैं। उन्होंने पिछली दिवाली पर भी इसी स्मारक पर एक दीया शहीदों के नाम प्रचलित किया था और इस दीपावली पर भी अपनी धर्म पत्नी श्रीमती सीमा राणा, पुत्र वधू पूजा, संगीता, श्वेता त्यागी के अलावा जगदीश, प्रेमपाल, शहीद कुशाल सिंह संस्था, जोगिंदर दहिया अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ नरेला, रणधीर खापरा, अतरराष्ट्रीय कोच, रामचंद्र खत्री, प्रवीण त्यागी, अखिल राणा सहित बढ़खालसा गाँव के विद्यार्थियों और व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खिलाड़ी मनमीत ने नेशनल खेलों में जीता रजत पदक

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली: हिमाचल** प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन व योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 49वीं जूनियर नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन 23 से 28 अक्टूबर तक ऊना, हिमाचल प्रदेश में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अनुराग सिंह ठाकुर (पूर्व खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री भारत सरकार व सांसद) मौजूद रहें। दिल्ली टीम के कोच योग गुरु उत्तम आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में 35 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 1050 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें दिल्ली टीम के 30 खिलाड़ियों ने




हिस्सा लिया और एक मात्र महर्षि दयानंद विद्या भवन बवाना के विद्यार्थी व टीम दिल्ली के कप्तान मनमीत सहरावत ने रजत पदक जीतकर दिल्ली का नाम रोशन किया। अब मनमीत सहरावत जनवरी माह में होने वाली अंतरराष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024-25 में हिस्सा लेंगे। मनमीत ने इस अवसर पर इस जीत का पूर्ण श्रेय अपने माता, पिता, बुआ व कोच उत्तम आर्य को दिया। विद्यालय पहुंचने पर मनमीत सहरावत व कोच उत्तम आर्य का विशेष सम्मान किया गया और विद्यालय निदेशक अरुण ठाकरान व प्रधानाचार्या मीनाक्षी तुषीर ने सभी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की । मानवीय निर्माण मंच दिल्ली भी मनमीत के प्रोत्साहन हेतु 14 नवंबर को महाराजा अग्रसेन भवन रोहिणी में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन कर रहा है।



पेंशन फाइटर्स के प्रधान वीरेंद्र शर्मा व अन्य पदाधिकारी मुख्यमंत्री अतिशी को दिवाली की बधाई देते हुए।

# मुख्यमंत्री सैनी ने 24000 युवाओं को नौकरी देकर उनकी दिवाली बनाई यादगार: अनिल वर्मा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय जनता पार्टी के कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही 24000 युवाओं को नौकरी देकर उनकी दिवाली यादगार बनाने का काम किया है। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने दीपावली के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सैनी को दीपावली की शुभकामनाएं भेंट करने के पश्चात व्यक्त किए।अनिल वर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को



दीपावली की शुभकामनाएं भेंट करते हुए श्रीराम दरबार की आकर्षक प्रतिमा और पवित्र श्रीरामचरित मानस की प्रति भेंट की।अनिल वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की समाज कल्याण और जन उत्थान की नीतियों ने जन जन के मन में भाजपा के प्रति अलग ही सम्मानजनक स्थान बनाया है जिसकी सत्यता प्रदेश में तीसरी बार बनी बीजेपी की बहुमत वाली सरकार ने सिद्ध कर दी है।अनिल वर्मा ने कहा कि बीजेपी की सरकार में बिना पर्ची, बिना खर्ची के कारण लाखों युवाओं को रोजगार मिलने से लाखों परिवार सही अर्थों में सुखी और संपन्न दिवाली मनाने में समर्थ हुए हैं।अनिल वर्मा ने कहा कि कांग्रेस गरीबी हटाओ का नारा देती है और भाजपा की सरकार उस नारे को सिद्ध करती है यही कारण है कि कांग्रेस कथनी वाली पार्टी है और भाजपा करनी वाली पार्टी और सरकार है।अनिल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की विनम्रता और कार्यकुशलता की प्रशंसा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सार्वजनिक मंचों पर करते हैं जिससे प्रत्येक हरियाणवी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।अनिल वर्मा ने कामना की कि ये दिवाली देश -प्रदेश और विदेश में रह रहे सभी सनातन प्रेमियों के लिए खुशियों और सुख -समृद्धि वाली हो।

# चित्रकूट जा रहे श्रद्धालुओं से भरे पिकअप के पलटने से एक की मौत, 30 घायल

टीम एक्शन इंडिया

**बांदा :** बांदा के बिसंडा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक पिकअप वाहन का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में पिकअप में सवार 30 लोग घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान शिव शंकर सिंह (26) पुत्र जगजीत सिंह निवासी ग्राम पचनेही, देहात कोतवाली, बांदा के रूप में हुई है। यह दुर्घटना तब हुई जब पिकअप में सवार सभी लोग मौन चराने के लिए चित्रकूट के प्रसिद्ध कामतानाथ मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। स्थानीय पुलिस के अनुसार, पिकअप के दोनों आगे के टायर अचानक फट गए, जिसके कारण वाहन तेज गति से पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा तुरंत मौके पर पहुंची।

इसके साथ ही यूपीडा की एंबुलेंस ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को बांदा के जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों में से दो की हालत गंभीर है, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जिला अस्पताल में भर्ती अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है, और पुलिस ने उनके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। घटना की जानकारी मिलते ही बांदा के पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह समूह बांदा के पचनेही गांव से मौन चराने चित्रकूट के लिए निकला था और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के रास्ते पर जा रहा था। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है, और प्राथमिक जांच में बताया गया कि पिकअप में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। हादसे के शिकार लोगों में अधिकांश लोग चित्रकूट में कामतानाथ मंदिर में दर्शन करने की मंशा से निकले थे, लेकिन बीच रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### 'NSE: Enabling a Billion Dreams' का प्रीमियर HistoryTV18 पर होगा


**नई दिल्ली।** HistoryTV18 एक घंटे की एक खास डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर करने जा रहा है, जो पिछले 30 सालों में **'NSE: Enabling a Billion Dreams'** के उल्लेखनीय सफर पर एक अभूतपूर्व नजर डालती है। **'NSE: Enabling a Billion Dreams'** नामक यह डॉक्यूमेंट्री 3 नवंबर को शाम 7:05 बजे HistoryTV18 पर प्रसारित होगी, जिसमें दर्शकों को 1992 में




उसकी कल्पना और 1994 में उसके संचालन की शुरूआत से लेकर दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्रभावशाली स्टॉक एक्सचेंजों में से एक बनने तक की ठरए के सफर की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।भारत के शेयर बाजारों में पिछले कुछ दशकों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जो पारंपरिक शोर भरे बाजार से लेकर परिष्कृत इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म तक विकसित हुए हैं। NSE की स्थापना इस विकास में एक महत्वपूर्ण पल था, जिसने पूंजी बाजारों में पारदर्शिता और कार्यक्षमता के नए मानक स्थापित किए हैं। ठरए की स्थापना 27 नवंबर, 1992 को हुई थी। इसने जून 1994 में ऋण विभाग और 3 नवंबर, 1994 को दिवाली के दिन इक्विटी विभाग में संचालन शुरू किया। ठरए ने अब संचालन के 30 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस डॉक्यूमेंट्री में भारत के पूंजी बाजारों को बदलने में ठरए की अभिनव प्रगति पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे एक्सचेंज ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग की शुरूआत की, पारदर्शिता लाया और बाजार तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया, जिससे देश की आर्थिक प्रगति को नया आकार मिला है। CEO - Broadcast Network 18 and MD A+E Networks | TV18 अविनाश कौल ने कहा, "हमारी डॉक्यूमेंट्री **'NSE: Enabling a Billion Dreams'** भारत के वित्तीय परिदृश्य को बदलने में ठरए की भूमिका पर प्रकाश डालती है। ठरए की 30 साल की यात्रा को दर्शाकर हमारा लक्ष्य यह दिखाना है कि इसने कैसे धन सृजन को लोकतांत्रिक बनाया है, नई पद्धति को बढ़ावा दिया और लाखों लोगों को भारत के आर्थिक विकास में योगदान देने में सक्षम बनाया, इससे दर्शकों को यह समझने को मिलेगा कि कैसी ऐसी संस्थाएं हमारे देश के भविष्य को आकार देती हैं।"

### इस दीपावली, वी अपने सब्सक्राइबर्स के लिए लेकर आए हैं अश्योर्ड रिवॉर्ड्स!

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने, वी ऐप पर रीचार्ज करने वाले अपने उपभोक्ताओं के लिए अश्योर्ड रिवॉर्ड्स की पेशकश के साथ दीपावली के जश्न को और भी खास बना दिया है। इस फेस्टिव बोनांजा के तहत वी ऐप पर रीचार्ज करने वाले उपभोक्ता स्पिन द व्हील के लिए




क्वालिफाय होंगे और रु 3499 तक के अश्योर्ड रिवॉर्ड्स जीत सकेंगे। वी उपभोक्ताओं के लिए दीपावली के रिवॉर्ड्स में शामिल हैं 1 जीबी/ 2 जीबी/ 5 जीबी/ 30 जीबी एक्स्ट्रा डेटा, लोकप्रिय ऑनलाईन पोर्टल्स से डिस्काउंट कूपन और रु 3499 के सालाना रीचार्ज पैक। उपभोक्ता रीचार्ज करने के बाद 48 घण्टे में एक बार व्हील स्पिन कर, आसान से सवालों के जवाब देकर रिवॉर्ड्स जीत सकते हैं। ये ऑफर्स एक्सक्लुज़िव रूप से वी ऐप पर 3 नवम्बर 2024 तक उपलब्ध हैं। इसके अलावा, रीचार्ज करते समय उपभोक्ता अन्य आकर्षक ऑफर्स भी पा सकते हैं जैसे सालाना प्रीपेड पैक पर रु 100 तक का इंस्टेन्ट डिस्काउन्ट और 50 जीबी तक एक्स्ट्रा डेटा, चुनिंदा पैक्स पर अतिरिक्त डेटा और वैलिडिटी! इन सब के अलावा वी ऐप के माध्यम से वी शॉप पर लोकप्रिय ब्राण्ड वाउचर्स जैसे मिन्त्रा, फ्लिपकार्ट, एमज़ॉन, सोनी लिव आदि पर 25 फीसदी तक का डिस्काउन्ट भी है।

# मुरादाबाद में 35 करोड़ से अधिक की आतिशबाजी छोड़ी गई

मुरादाबाद

**दीपावली** पर इस बार मुरादाबाद में लगभग 35 करोड़ रुपये की आतिशबाजी छोड़ी गई है। महानगर में पटाखा बेचने के लिए छह स्थान निर्धारित किए गए थे। इसमें राजकीय पॉलीटेक्निक कांठ रोड, मंडी समिति लाइनपार, खुशहालपुर स्थित ब्रेड फैक्टरी, पारकर कॉलेज स्टेशन रोड, बुद्धि विहार सर्किट हाऊस के पीछे, बुद्धि विहार जनसभा ग्राउंड पर पटाखों की बिक्री हुई थी। इस सभी स्थानों पर लगभग 35 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है। गुरुवार को दीपावली के पावन पर्व दिन ढ़ुपते ही आतिशबाजी शुरू हो गई, जो देर रात लगभग 2 बजे तक जारी

# गोवर्धन पूजनोत्सव में केसरिया साफा बांधे यदुवंशियों ने निकाली विशाल शोभा यात्रा

टीम एक्शन इंडिया

**वाराणसी :** दीपावली पर्व के दूसरे दिन शुक्रवार को केसरिया साफा बांधे यदुवंशियों ने हथुआ मार्केट चेतगंज के मुख्य गेट से विशाल गोवर्धन पूजनोत्सव शोभायात्रा निकाली। गोवर्धन पूजा समिति के बैनर तले निकली अखिल भारतीय गोवर्धन पूजनोत्सव शोभा यात्रा का उद्घाटन उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता व अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव ने किया। शोभा यात्रा में समिति के अध्यक्ष विनोद यादव 'गप्पू', श्री प्रकाश यादव, महामंत्री पारसनाथ यादव, जय प्रकाश यादव, राजेश अहीर, भोला यादव, गोपाल यादव, इंजीनियर अशोक यादव आदि नेताओं की मौजूदगी में समाज



के युवाओं ने उल्लास पूर्ण माहौल में ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकने के साथ परम्परागत मनरी कला (लट्ठबाजी) का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, वाहनों पर मथुरा के कलाकारों के रासनृत्य, भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ी झांकियां, छत्तीसगढ़ राज्य की आकर्षक झांकी, शिव पार्वती, भगवान बलराम श्री कृष्ण की झांकी एवं ग्वाल-बाल की टोली, भूतभावन भगवान शंकर की अघोरी रूप आकर्षण का केन्द्र रही। सड़क के दोनों ओर झांकियों के दर्शन के लिए यादव समाज के लोगों का रेला उमड़ा रहा। शोभा यात्रा के आगे-आगे शानदार आतिशबाजी का भी प्रदर्शन हुआ। शोभा यात्रा के स्वागत में जगह-जगह तोरण द्वार सजे रहे। रास्ते में यादव समाज की महिलाओं ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की। यादव बन्धुओं ने जगह-जगह पर जलपान के स्टॉल लगाकर शोभा यात्रा में शामिल लोगों को जलपान करा कर पानी पिलाया। इन जगहों पर समिति के सदस्यों का माल्यार्पण, अंगवस्त्रम से सम्मान भी किया गया। शोभायात्रा परम्परागत मार्ग लहुराबीर, पिपलानी कटरा, कबीरचौरा, मैदागिन, विशेश्वरगंज, मच्छोदरी, प्रहलाद घाट, भैसासुरघाट राजघाट होते हुए गोवर्धन धाम पहुंची। गोवर्धन धाम में समाज के लोगों ने गोवर्धनधारी का पूजन-अर्चन किया। गोवर्धन पूजा का यह ऐतिहासिक 5244वां पूजनोत्सव रहा। यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आजमगढ़ के सांसद सपा नेता धर्मेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, विधायक दुर्गा यादव भी शामिल होंगे। शाम को मंच पर यादव समाज के 10 विशिष्टजनों को गोवर्धन श्री सम्मान दिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि शोभा यात्रा में चार प्रदेशों के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मथुरा के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीलाओं की झांकी की मोहक प्रस्तुति दी।

# एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

टीम एक्शन इंडिया

**नोएडा:** एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रवर्तित, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, जो कुल सकल ऋण पुस्तिका आकार के संदर्भ में भारत में अग्रणी, विविध खुदरा-केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ("एनबीएफसी") में से एक है, (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट) ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के साथ ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ऋण उत्पादों का एक बड़ा पोर्टफोलियो प्रदान करता है जो एक विस्तृत ओमनी-चैनल वितरण नेटवर्क के माध्यम से बढ़ते और विविध ग्राहक आधार को पूरा करता है। ऋण उत्पाद तीन व्यावसायिक वर्टिकल के माध्यम से पेश किए जाते हैं: एंटरप्राइज लेंडिंग, एसेट फाइनेंस और कंज्यूमर फाइनेंस। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी भारत की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती ग्राहक फ्रेंचाइजी में से एक है, और 30 सितंबर, 2024 तक 17.5 मिलियन ग्राहकों को सेवा दे चुकी है, जो 31 मार्च, 2022 और 30 सितंबर, 2024 के बीच 28.22% की सीएजीआर से बढ़ी है। कंपनी मुख्य रूप से कम या बिना क्रेडिट इतिहास वाले निम्न से मध्यम आय वाले परिवारों में कम सेवा वाले और कम बैंकिंग वाले ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। कुल 12,500 करोड़ रुपये तक के सार्वजनिक प्रस्ताव में 2,500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, जो कि ह्वप्रवर्तक विक्रय शेयरधारकह्व है, द्वारा 10,000 करोड़ रुपये तक के बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल हैं।

# धारदार हथियार से प्रहार कर अधेड़ की हत्या

**सोनभद्र:** बीजपुर थाना क्षेत्र में धारदार हथियार से हमला कर एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या किये जाने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। एएसपी त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि पुनर्वास प्रथम निवासी सुरेश सुबह छह बजे टहलने के लिए निकला तो घर के पीछे थोड़ी दूर पर उसके पिता रामलखन बैगा (58) का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। खून से लथपथ शव देखते ही वह जोर जोर से चिल्लाने लगा जिससे मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। मृतक के पुत्र सुरेश ने बताया कि उसके पिता प्रतिदिन की तरह गुरुवार की रात अपने पुराने मकान से 800मीटर की दुरी पर बने नए मकान में सोने के लिए गये थे।

# वाहन दुर्घटना में लाई जा सकती है कमी: अधीक्षक



टीम एक्शन इंडिया

**मीरजापुर: पुलिस** अधीक्षक अभिनन्दन ने शुक्रवार को यातायात माह नवम्बर का शुभारंभ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में किया। उन्होंने नवनिर्मित ट्रैफिक कंट्रोल रूम का फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही यातायात चेतना रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात सम्बन्धी नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक किया। साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी। कहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। जनजागरण को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने यातायात चेतना रथ व जागरूकता रैली को पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली को पीएसी बैंड पार्टी व आरक्षी सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के साथ रवाना किया गया। यातायात माह नवम्बर के दौरान जनपद के स्कूल, कॉलेजों में यातायात पुलिस व स्वयं सेवी समूहों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबन्ध लेखन एवं अन्य आयोजनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त यातायात जागरूकता चेतना रथ जनपद में भ्रमण कर आमजन को यातायात के नियमों को पालन करने के लिए जागरूक करेगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर व आपरेशन, क्षेत्राधिकारी लालगंज, आरटीओ, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र, शिक्षक व पुलिस कर्मचारी मौजूद थे।

# यातायात माह की शुरूआत, यातायात नियमों के पालन के साथ जागरूक रहने पर जोर

टीम एक्शन इंडिया

**वाराणसी: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में शुक्रवार से यातायात माह का आगाज हुआ। यातायात पुलिस लाइन स्थित आडिटोरियम हॉल के पास से पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने यातायात रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके पहले यातायात विभाग की ओर से आयोजित गोष्ठी में पुलिस कमिश्नर ने यातायात माह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आम लोगों से यातयात नियमों के पालन का आह्वान किया और बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों के पालन के साथ जागरूक आवश्यक है। गोष्ठी को जेसीपी के.एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी कमिश्नरेट एस चिनप्पा ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान डीसीपी ह्रदेश कुमार, संभागीय परिवहन विभाग, रोडवेज के अफसरों और कर्मचारियों के साथ विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी भी मौजूद रहे। एडीसीपी राजेश कुमार पांडेय के अनुसार यातायात माह में 02 से 09 नवंबर तक जागरूकता कार्यक्रम होंगे। विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक के नियम बताए जाएंगे। ट्रक -ट्रैक्टर स्वामियों और चालकों को ड्राइविंग के समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इसके बारे में बताया जाएगा। वाहनों पर रिफ्लेक्टर आदि भी लगाए जाएंगे। हाईवे के आस-पास के लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि हादसों में होने वाली मौतों को कम किया जा सके। इसके बाद 10 से 18 नवंबर तक सड़क हादसे के कारणों को लेकर अभियान चलेगा। निर्धारित गति से तेज चलने, नशा कर वाहन चलाने, बिना हेलमेट बाइक चलाने, चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट, वाहन चलाते समय फोन से बात न करने, हूटर, सायरन, प्रेसर हॉर्न, शीशे पर काली फिल्म समेत अन्य महत्वपूर्ण बातों को लेकर जागरूक किया जाएगा। साथ ही चेकिंग कर कार्रवाई भी की जाएगी। इसके बाद 19 से 14 नवंबर तक हादसे के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर अभियान चलाया जाएगा। माह में 25 नवंबर को जागरूकता अभियान चलेगा। 26 से 29 नवंबर तक ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को विभिन्न तरह के प्रशिक्षण दिये जाएंगे। 30 नवंबर को यातायात माह के समापन के साथ ही पूरे माह के दौरान बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# घर जा रहे युवक पर चाकू से हमला, मौत

टीम एक्शन इंडिया

**औरैया:** जिले के अजीतमल कोतवाली में शराब के नशे में हुए विवाद के चलते गाली गलौज करते हुए एक युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया और वहां से सैफई रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बा अटसू के मोहल्ला श्यामनगर निवासी अनिल कुमार तिवारी का पुत्र मोहित तिवारी उम्र 22 वर्ष दीपावली के दिन देर शाम अटसू बाजार से अपने घर जा रहा था




तभी रास्ते में नगर पंचायत शौचालय के पास कुछ लोग शराब पी रहे थे। मोहित को देखते ही वहां बैठे सचिन पुत्र प्रेम दोहरे और प्रेम दोहरे पुत्र श्रीराम दोहरे व सीटू पोरवाल पुत्र बड़े पोरवाल उक्त तीनों लोगों ने गाली देनी शुरू कर दी। मोहित के द्वारा गालियां देने से मना करने पर तीनों लोगों ने जान से मारने की नियत से मोहित पर चाकू से कई प्रहार कर दिए जिससे वह घायल होकर गिर गया। जानकारी पर पहुंचे परिवारीजनों ने सीएचसी अजीतमल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने मोहित की गंभीर हालत को देखते हुए चिचौली हॉस्पिटल रेफर कर दिया। चिचौली से डाक्टरों ने सैफई हॉस्पिटल रेफर कर दिया।सैफई अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रात्रि में हुई सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ अजीतमल अशोक कुमार एवं कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने परिजनों से बात की तथा परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तीन नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक युवक को हिरासत में ले लिया तथा दो अन्य की तलाश कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि मृतक के चाचा प्रेम कृष्ण तिवारी द्वारा तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी फाइल की

टीम एक्शन इंडिया

**नोएडा ।** प्रमुख निजी होटल संपत्ति ओनर्स के बीच दक्षिण भारत में श्रृंखला-संबद्ध होटलों और कमरों का दूसरा सबसे बड़ा ओनर ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 900 करोड़ रुपये तक है। ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड भारत के प्रमुख शहरों, मुख्य रूप से दक्षिण भारत में होटलों का ओनर्स और डेवलपर है। यह होटल प्रमुख निजी होटलों में दक्षिण भारत (केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पांडिचेरी शामिल है) में श्रृंखला-संबद्ध होटल और कमरों के दूसरे सबसे बड़े ओनर्स हैं। 30 जून, 2024 तक इसके पास पूरे भारत में कम से कम 500 रूम रहे हैं। ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड (बीईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जो भारत में अग्रणी भारतीय रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। बीईएल ने 2004 में अपने पहले होटल ग्रैंड मर्क्योर बैंगलोर के विकास के साथ हॉस्पिटैलिटी व्यवसाय में प्रवेश किया। इसने 2009 में परिचालन शुरू किया। कंपनी के पास बेंगलुरु (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु), कोच्चि (केरल), मैसूर (कर्नाटक) और गिफ्ट सिटी (गुजरात) में 1,604 रूम के साथ नौ ऑपरेटिंग होटलों का पोर्टफोलियो है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 02 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## जन-कल्याण के साथ प्रगति पथ पर अग्रसर एमपी: मुख्यमंत्री

**भोपाल: मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश की स्वर्णिम यात्रा में सरकार, हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित है। गरीब के चेहरे पर मुस्कान, किसान की खुशहाली, नारी का सम्मान और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य, यही हमारे प्रयासों का मूल उद्देश्य है। जन-कल्याण की दिशा में हमारे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। मध्य प्रदेश जन-कल्याण के साथ प्रगति पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों के स्थापना दिवस की मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीपोत्सव के साथ ही राज्योत्सव भी मनाया जा रहा है, यह अत्यंत आनंद और गौरवशाली पल है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस प्रकार से प्रगति कर रहा है उसी प्रकार मध्य प्रदेश ने भी अपनी विशेष पहचान बनायी है। युवाओं के लिए आईटी से लेकर इंडस्ट्री तक, लघु उद्योग से लेकर बड़े उद्योगों तक, खेती किसानी से लेकर हर्टीकल्चर तक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। सरकार सभी को प्रोत्साहन दे रही है।

## घर-घर हुआ धन की देवी की विशेष पूजा अर्चन

अनूपपुर: रोशनी का पर्व दीपावली पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। 31 अक्टूबर की रात अनूपपुर जिला सतरंगी रोशनी से जगमगाया नजर आया।

# जन समस्याओं के प्रति बनें संवेदनशील: सीएम

## बख्शे न जाएं गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वाले : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**निर्देश**

▸▸ मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाए



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबकी समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। समस्या लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, घबराइए मत। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। गुरुवार को वनटांगियों के साथ दीपावली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो

## अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए रिंका को सरकार देगी आर्थिक मदद

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** गत दो माह में विश्व कप और एशियन किक बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीतने वाली गोरखपुर की रिंका सिंह चौधरी को आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं के लिए योगी सरकार आर्थिक मदद देगी। गोरखनाथ मंदिर में रिंका से मुलाकात करने के बाद इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सर को भरोसा दिया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए सरकार धन की कमी आड़े नहीं आने देगी। गोरखपुर के खोराबार क्षेत्र स्थित गौरीमंगलपुर निवासी रिंका सिंह चौधरी ने 24 से 29 सितंबर तक उज्बेकिस्तान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय



किक बॉक्सिंग विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। साथ ही उन्होंने कम्बोडिया में 6 से 13 अक्टूबर में आयोजित एशियन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने जीते इन दोनों मेडल के साथ रिंका सिंह चौधरी ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

## बुंदेलखंड को एग्रो प्रोडक्शन का हब बनाने पर जोर



**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसी:** बुन्देलखण्ड में कृषि और बागवानी को प्रोत्साहित कर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार यहां के किसानों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की कवायद कर रही है। योगी सरकार और नाबार्ड के संयुक्त प्रयासों से झांसी के एफपीओ को कठिया गेंहू का जीआई टैग हासिल हुआ है। अब झांसी जिले के ही एक एफपीओ के माध्यम से अदरख को जीआई टैग दिलाने के लिए आवेदन दाखिल किया गया है। उम्मीद है कि आने वाले कुछ समय में जीआई टैग मिल जाने के बाद यहां के अदरख उत्पादकों को बेहतर बाजार और मूल्य मिलने के

**कवायद**

▸▸ योगी सरकार यहां के किसानों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की कवायद कर रही

साथ ही अदरख के उत्पादन में भी बढोतरी होगी। जीआई टैग यानि जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग किसी क्षेत्र विशेष के खास उत्पादन या उपज को मान्यता प्रदान करता है। झांसी के एफपीओ के माध्यम से नाबार्ड और उद्यान विभाग ने प्रस्ताव तैयार कराकर आवेदन दाखिल कराया है।

## भाजपा के पास उपचुनाव से 2027 की तैयारी दिखाने की चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: फूलपुर** विधानसभा उपचुनाव में भाजपा तीसरी बड़ी जीत के लिए जीतोड़ मेहनत कर रही है। उसे अपने दरकते वोटों को बचाने के साथ नए वोटर भी जोड़ने हैं। यहीं से 2027 की तैयारी को भी दिखाने की चुनौती है। अन्यथा विपक्ष की एक जुटता के दावे और उनकी चुनावी रणनीति जिस तरह लोकसभा चुनाव 2024 में भारी प्रतीत हुई वैसा ही दबाव फिर बन सकता है।



फिलहाल अभी पार्टी के 15 से अधिक नेताओं ने क्षेत्र में डेरा डाल रखा है। दो अक्टूबर के बाद पार्टी प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में कई अन्य बड़े नेताओं के आने की उम्मीद है। जो सरगर्मी को बढ़ाएंगे और मतदाताओं को अपनी ओर खींचने का प्रयास करेंगे। फूलपुर विधानसभा सीट वर्तमान भाजपा सांसद प्रवीण पटेल के निर्वाचन के बाद खाली हुई। इससे पहले वह 2017 और 2022 में लगातार दो बार विधायक चुने गए थे। 2017 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने सपा के मंसूर आलम को 16613 मतों के अंतर से हराया था। 2022 में जीत का अंतर मात्र 2732 रह गया।

सपा समर्थित मतदाता चुनावी बतकही में यह बताना नहीं भूलते, लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रवीण पटेल को 89650 वोट मिले थे, सपा उम्मीदवार अमरनाथ मौर्य को 107510 वोट प्राप्त हुए।

## मोमोज खाने से महिला की मौत मामले में छह गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद:** मोमोज खाकर एक महिला की मौत और कई लोगों के बीमार पड़ने के मामले में बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों के स्वजन की शिकायत पर गैर इरादतन हत्या और बीएनएस एक्ट के अन्य प्रविधानों के तहत दो मामले दर्ज किए गए थे। 25 अक्टूबर को सड़क विक्रेताओं से मोमोज खरीदकर खाने के बाद 27 अक्टूबर को एक 31 वर्षीय महिला की मौत हो गई थी और 20 अन्य लोग बीमार हो गए थे।

## बिहार में एमएसपी पर धान खरीद शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: राज्य में** शुक्रवार से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद की शुरूआत हो गई। अभी उत्तर बिहार के जिलों में ही धान खरीद का सरकारी निर्देश है। सबसे पहले धान की खरीद उन जिलों में शुरू होगी जहां धान की कटनी आरंभ हो चुकी है। 17 प्रतिशत नमी के आधार पर पैक्सों एवं व्यापार मंडलों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित किसानों से धान खरीद की जाएगी। 15 नवंबर से राज्य के शेष जिलों में धान खरीद आरंभ होगी। सरकार द्वारा धान खरीद की अंतिम तिथि 15



फरवरी, 2025 तय की गई है। इस वर्ष 45 लाख टन धान और 30 लाख टन उसना चावल की खरीद का लक्ष्य रखा गया है। बिहार सरकार ने बिचौलिये और धान खरीद में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश जिलाधिकारियों को दिया है। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी के

**निर्देश**

▸▸ किसानों को 2300 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा एमएसपी; सभी डीएम को सीएम ने दिया निर्देश

नेतृत्व में जिला टास्क फोर्स तैनात किया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर बताया गया कि पैक्सों एवं व्यापार मंडलों में धान बेचने आने वाले किसानों की सुविधाओं का खासा ध्यान रखने का निर्देश जिलाधिकारियों को दिया गया है।

